हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची • सोमवार • 01.06.2026 • वर्ष : 16 • अंक : 304 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 4 रुपये RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902

## 'मन की बात' में प्रधानमंत्री मोदी ने की 'रांची एथलेटिक्स' की विशेष चर्चा

प्रत्यूष नवबिहार (डेस्क रिपोर्ट)

**रांची** : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 134वें एपिसोड में झारखंड की राजधानी रांची का विशेष रूप से जिक्र किया। मई के अंतिम रविवार को प्रसारित इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने रांची में हाल ही में आयोजित राष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में बने रिकॉर्ड्स की सराहना की, जिससे स्थानीय खेल प्रेमियों और भाजपा कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखा गया। इस अवसर पर प्रदेश भाजपा कार्यालय में नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू और संगठन मंत्री कर्मवीर सिंह सहित कई वरिष्ठ नेताओं ने सामूहिक रूप से कार्यक्रम को सुना।

पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने 'मन की बात' को समाज के लिए प्रेरणा का एक अद्भुत स्रोत बताया। उन्होंने कहा कि रांची के खेल रिकॉर्ड, जल संरक्षण, विभिन्न राज्यों के आम की किस्में, केरल का स्विमिंग स्कूल, नीदरलैंड से लौटा प्राचीन ताम्रपत्र और सेना की मदद करने वाली चेन्नई की महिला जैसी कहानियाँ सीधे तौर पर राष्ट्रसेवा की भावना जागृत करती हैं। मरांडी ने कहा कि प्रधानमंत्री का यह कार्यक्रम देश के दूर-दराज के इलाकों में छिपी सकारात्मक ऊर्जा को मुख्यधारा में लाने का बेहतरीन माध्यम है।



### ट्रैक पर प्रतिद्वंद्वी और बाहर दोस्तः गुरिंदर और अनिमेष से पीएम की बात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रांची एथलेटिक्स प्रतियोगिता की सराहना करते हुए कहा कि यहां दो दिनों के भीतर 100 मीटर दौड़ में तीन बार राष्ट्रीय रिकॉर्ड टूटे। पीएम ने देश के दो उभरते एथलीटों—गुरिंदर और अनिमेष से सीधे फोन पर बातचीत की। गुरिंदर ने अपने संघर्ष साझा करते हुए कहा कि तकलीफों के बावजूद ऊंचे सपने देखना नहीं छोड़ना चाहिए, वहीं अनिमेष ने भारतीय धावकों द्वारा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतने का भरोसा जताया। दोनों धावकों ने बताया कि वे मैदान के बाहर पक्के दोस्त हैं और ट्रैक पर एक-दूसरे का रिकॉर्ड तोड़ने की स्वस्थ प्रतिस्पर्धा रखते हैं। दोनों खिलाड़ियों ने कॉमनवेल्थ गेम्स के लिए चयनित होने की जानकारी भी प्रधानमंत्री को दी।

### मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने अभिषेक बनर्जी पर हुए हमले की तीखी निंदा की, कहा

# गुंडागर्दी बर्दाश्त नहीं

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और सांसद अभिषेक बनर्जी पर हुए कथित हमले को लेकर झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने इस घटना की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि लोकतंत्र में वैचारिक मतभेद होना स्वाभाविक है, लेकिन हिंसा, डर और अराजकता को किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने स्पष्ट किया कि एक स्वस्थ और प्रगतिशील लोकतंत्र में राजनीतिक विरोध का जवाब हिंसा से देना लोकतांत्रिक मूल्यों पर सीधा प्रहार है।

मुख्यमंत्री ने अपने वक्तव्य में कहा कि लोकतंत्र की नींव आपसी सम्मान, सहिष्णुता और स्वस्थ विमर्श पर टिकी होती है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि इस घटना में संलिप्त असामाजिक तत्वों के विरुद्ध तत्काल और कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। उन्होंने आगे कहा लोकतंत्र कभी भी हिंसा की बुनियाद पर खड़ा नहीं हो सकता। यह केवल संवाद, सहिष्णुता और पारस्परिक सम्मान की भावना से ही दीर्घकालिक और सुदृढ़ बनता है। दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाना चाहिए।

इस घटनाक्रम के पश्चात पश्चिम बंगाल के राजनीतिक गलियारों में तनाव और अधिक बढ़ गया है। जहां एक ओर तृणमूल कांग्रेस इसे विपक्षी दलों की एक गहरी साजिश बता रही है, वहीं विपक्ष इस मामले को लेकर अलग दावे कर रहा है। बहरहाल, झारखंड के मुख्यमंत्री के इस बयान ने अब इस मुद्दे को राष्ट्रीय विमर्श का हिस्सा बना दिया है।

### लोकतंत्र संवाद और सहिष्णुता से चलता है, हिंसा से नहीं : सीएम



#### राजनीतिक विरोध का जवाब हिंसा नहीं

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया मंच 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) पर एक संदेश साझा करते हुए लिखा कि अभिषेक बनर्जी पर हुआ हमला अत्यंत निंदनीय है और यह लोकतांत्रिक मयार्दाओं के विपरीत है। उन्होंने कहा कि किसी भी जीवंत लोकतंत्र में अलग-अलग राजनीतिक दलों और नेताओं के बीच वैचारिक भिन्नता होना पूरी तरह से स्वाभाविक है, लेकिन इस प्रतिद्वंद्विता का उत्तर हिंसा और बल प्रयोग से देना सर्वथा अनुचित है। सोरेन ने रेखांकित किया कि लोकतंत्र में संवाद, बहस और जनमत ही असहमति को दूर करने के एकमात्र माध्यम हैं, न कि भय और हमले।

#### ममता बनर्जी की बैठक में पहुंचे केवल 20 विधायक



पश्चिम बंगाल की राजनीति में एक बार फिर हलचल तेज हो गई है। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की प्रमुख ममता बनर्जी द्वारा रविवार शाम 4 बजे अपने कालीघाट स्थित आवास पर बुलाई गई विधायकों की बैठक में एक अजीब स्थिति देखने को मिली। पार्टी के कुल 80 विधायकों में से केवल 20 विधायक ही इस बैठक में सम्मिलित होने पहुंचे, जबकि शेष 60 विधायक नदारद रहे। पार्टी के भीतर फूट और विधायकों के सत्तारूढ़ दल के संपर्क में होने की अटकलों के बीच, बेलेघाटा के विधायक कुणाल घोष ने स्थिति को संभालने का

## इजरायल ने दक्षिणी लेबनान के ब्यूफोर्ट किले पर फहराया ध्वज



एजेंसी

**नबातियेह** : मध्य पूर्व में जारी तनाव के बीच इजरायली सेना ने दक्षिणी लेबनान में एक बड़ी सैन्य कामयाबी हासिल करने का दावा किया है। हवाई हमलों और मैदानी इलाकों में कई दिनों तक चली भीषण गोलाबारी के बाद इजरायली सैनिकों ने नबातियेह शहर के नजदीक स्थित रणनीतिक रूप से बेहद महत्वपूर्ण पहाड़ी और उसके शिखर पर बने ऐतिहासिक ब्यूफोर्ट किले पर अपना नियंत्रण स्थापित कर लिया है। इस सफलता के साथ ही इजरायली रक्षा मंत्रालय ने सोशल मीडिया पर इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि लगभग चौवालिस वर्षों के लंबे अंतराल के बाद एक बार फिर इस ऐतिहासिक किले पर इजरायल का राष्ट्रीय ध्वज फहरा दिया गया है। सैन्य विश्लेषकों के अनुसार, पिछले छब्बीस वर्षों से भी अधिक समय में लेबनान की सीमा के भीतर इजरायली सेना की यह अब तक की सबसे गहरी और बड़ी सैन्य पैठ मानी जा रही है।

यह पूरी सैन्य कार्रवाई मार्च के शुरूआती महीने में दोनों पक्षों के बीच भड़की ताजा जंग के बाद इजरायल के लिए एक अहम पड़ाव है। गौर करने वाली बात यह है कि यह नया घटनाक्रम ऐसे समय में सामने आया है जब दोनों देशों के प्रतिनिधि वाशिंगटन में अमेरिकी विदेश मंत्रालय की मध्यस्थता में सीधी शांति वार्ता के लिए टेबल पर बैठे हैं। दोनों पक्षों के बीच आगामी दो और तीन जून को अगले दौर की द्विपक्षीय बातचीत भी प्रस्तावित है। हालांकि, अप्रैल महीने के मध्य से लागू हुए एक नाममात्र के संघर्षविराम के बावजूद सीमाई इलाकों में जमीनी संघर्ष लगातार जारी है।

## एक नजर

### नौसेना प्रमुख एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन ने कार्यभार संभाला



**नई दिल्ली** : देश के 27वें नौसेना प्रमुख के तौर पर एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन ने रविवार को कार्यभार संभाल लिया। उन्होंने कहा कि वे अपनी जिन्दगी का हर दिन नौसेना को बेहतर, मजबूत, तेज और ज्यादा असरदार बनाने में लगाएंगे, ताकि यह राष्ट्रीय सुरक्षा, राष्ट्रीय विकास के हितों की सेवा कर सके। उनकी सबसे बड़ी प्राथमिकता होगी कि भारतीय नौसेना ऑपरेशनल तैयारी और लड़ाई में असरदार होने का सबसे ऊंचा लेवल बनाए रखे, ताकि वह देश की सुरक्षा और आर्थिक हितों की रक्षा कर सके।

### पश्चिम बंगाल में आज होगा मंत्रिमंडल विस्तार

**कोलकाता** : पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार के पूर्ण मंत्रिमंडल का गठन सोमवार को होने जा रहा है। मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने रविवार को इसकी घोषणा करते हुए बताया कि मंत्रिमंडल विस्तार के तहत 35 नए मंत्री शपथ ग्रहण करेंगे। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर जारी संदेश में कहा कि पश्चिम बंगाल की जनता के जनादेश से बनी सरकार का पूर्ण मंत्रिमंडल सोमवार को आकार लेगा। उन्होंने बताया कि सुबह 11 बजे लोक भवन में आयोजित समारोह में 35 मंत्री पद एवं गोपनीयता की शपथ लेंगे। राज्यपाल आरएन रवि उन्हें शपथ दिलाएंगे।

### तीन बेटियों के साथ मां ने खाया कीटनाशक सभी की मौत

**शहडोल** : मध्य प्रदेश के शहडोल जिले के पपौंध थाना क्षेत्र के हिरवाह गांव में रविवार को एक महिला और उसकी तीन मासूम बेटियों की कीटनाशक सेवन के बाद मौत हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में शोक और सन्नाटा पसरा हुआ है। पुलिस मामले की हर पहलू से जांच कर रही है। मृतकों की पहचान अनिता सिंह (32), रितिका (7), कृष्णकुमारी (4) और अर्पिता (2) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि घटना के समय घर में मां और तीनों बेटियां ही मौजूद थीं। अनिता का पति, जो पेशे से ड्राइवर है, रोजगार के सिलसिले में बाहर गया हुआ था। रविवार सुबह महिला ने अपनी तीन बेटियों को कीटनाशक खिला दिया, फिर खुद भी निगल लिया। इससे चारों की तबीयत बिगड़ गई। बड़ी बेटी ने घर से बाहर आकर पड़ोसियों को पुकारा और सारी बात बताई। पड़ोसी चारों को लेकर ब्यौहारी अस्पताल गए, जहां डॉक्टरों ने महिला और छोटी दो बेटियों को मृत घोषित कर दिया, जबकि बड़ी बेटी ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

### मप्र की अंजना यादव ने माउंट एवरेस्ट पर फहराया तिरंगा

**भोपाल** : मध्य प्रदेश के रायसेन जिले के ग्रामीण अंचल में साधारण परिवार में जन्मी अंजना यादव ने इतिहास रच दिया है। उन्होंने अपनी अथक मेहनत, साहस और अटूट दृढ़ संकल्प के बल पर दुनिया की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट पर भारत का तिरंगा फहरा दिया है। इस उपलब्धि पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अंजना को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

## दिल्ली में पांच मंजिला बिल्डिंग गिरी, 5 की मौत

एजेंसी



**नयी दिल्ली** : दिल्ली के महरौली में इमारत गिरने के हादसे में घायलों को इलाज के लिए ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है। ताजा जानकारी के मुताबिक, कुल 13 लोगों को ट्रॉमा सेंटर में भर्ती किया गया है। इनमें से 5 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि तीन मरीजों को इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई। बाकी पाँच मरीज स्थिति फिलहाल स्थिर बताई जा रही है। हादसे के बाद राहत और बचाव कार्य देर रात तक जारी रहा। पुलिस, दमकल और एनडीआरएफ की टीमें मौके पर मौजूद हैं और पूरे मामले की जांच की जा रही है। इमारत गिरने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है।

साकेत मेट्रो स्टेशन के पास सहदुलाजाब इलाके में हुए बिल्डिंग हादसे के बाद दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता घटनास्थल पर पहुंच गई हैं। मुख्यमंत्री ने मौके पर चल रहे रेस्क्यू ऑपरेशन की समीक्षा की और अधिकारियों से विस्तृत जानकारी ली।

## पेरिस में चैंपियंस लीग फाइनल के बाद भारी हिंसा, 400 से अधिक लोग हिरासत में

**बुडापेस्ट** : हंगरी के बुडापेस्ट में खेले गए एक रोमांचक मुकाबले में पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) ने आर्सेनल को पेनाल्टी शूटआउट में हराकर लगातार दूसरी बार चैंपियंस लीग का खिताब अपने नाम कर लिया। इस ऐतिहासिक जीत के बाद फ्रांस की राजधानी पेरिस में जश्न का माहौल देखते ही देखते हिंसक झड़पों में बदल गया। जीत की खुशी मनाने के लिए चैंप्स-एलिसी और आर्क डी ट्रायम्फ के पास लगभग 20,000 प्रशंसक सड़कों पर उतर आए थे, लेकिन इसी दौरान उपद्रवियों के छोटे समूहों ने शहर के विभिन्न हिस्सों में अशांति फैलाना शुरू कर दिया। उपद्रवियों ने कई दुकानों में तोड़फोड़ की, वाहनों और साइकिलों में आग लगा दी, तथा एक बेकरी और रेस्तरां को भारी नुकसान पहुंचाया। स्थिति तब और गंभीर हो गई जब दंगाइयों के एक समूह ने पेरिस के 8वें अरॉन्डिसमेंट इलाके में स्थित एक पुलिस थाने पर धावा बोलने का प्रयास किया, जिसे सुरक्षाबलों ने मुस्तैदी से विफल कर दिया। इस पूरी हिंसा को नियंत्रित करने के दौरान सात पुलिस अधिकारी घायल हुए हैं।

## राज्यसभा चुनावः झारखंड की 2 सीटों पर 'इंडिया' गठबंधन का पलड़ा भारी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : संसद के उच्च सदन राज्यसभा की 24 सीटों के लिए आगामी 18 जून को मतदान होना है। इसमें झारखंड की दो रिक्त सीटें भी शामिल हैं, जो झामुमो (झारखंड मुक्ति मोर्चा) के वरिष्ठ नेता शिबू सोरेन के निधन और भाजपा के दीपक प्रकाश का कार्यकाल समाप्त होने के कारण खाली हुई हैं। इन दोनों सीटों पर अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिए 'इंडिया' गठबंधन और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) दोनों ही अपनी-अपनी गोटियां फिट करने में जुटे हैं, लेकिन वर्तमान गणितीय समीकरणों को देखें तो 'इंडिया' गठबंधन का दावा कहीं अधिक मजबूत दिखाई दे रहा है। झारखंड विधानसभा में कुल 81 सदस्य (विधायक) हैं। राज्यसभा की एक सीट पर सीधे तौर पर जीत दर्ज करने के लिए किसी भी प्रत्याशी को कम से कम 28 विधायकों के प्रथम वरीयता के मतों की आवश्यकता होगी।

### 'इंडिया' गठबंधन का संख्या बल और रणनीति

वर्तमान में 'इंडिया' गठबंधन के पास कुल 56 विधायकों का भारी-भरकम समर्थन मौजूद है, जो दोनों सीटों को जीतने के लिए बिल्कुल सटीक बैठता है। गठबंधन के भीतर दलों की स्थिति इस प्रकार हैः

झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो)ः 34 विधायक, कांग्रेसः 16 विधायक, राष्ट्रीय जनता दल (राजद)ः 4 विधायक, भाकपा माले (भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी-लेनिनवादी)ः 2 विधायक

**रणनीति** : आपसी समझौते के तहत 'इंडिया' गठबंधन ने एक सीट झामुमो और दूसरी सीट कांग्रेस के खाते में देने का निर्णय लिया है। झामुमो को अपनी सीट निकालने के लिए अपने 34 विधायकों में से 28 मतों की आवश्यकता होगी। इसके बाद झामुमो के पास 6 अतिरिक्त मत बचेंगे। कांग्रेस को अपनी सीट पर विजय पाने के लिए अपने 16 विधायकों के साथ-साथ झामुमो के बचे हुए 6, राजद के 4 और भाकपा माले के 2 विधायकों के मतों की जरूरत होगी।

## आज से बदल रहे हैं ये 6 बड़े नियम : जेब और दिनचर्या पर पड़ेगा सीधा असर

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : नया महीना शुरू होने के साथ ही देश में कई महत्वपूर्ण नियम बदलने जा रहे हैं। 1 जून 2026 से लागू होने वाले इन बदलावों का सीधा असर आम जनता की जेब, रसोई के बजट और डिजिटल सुरक्षा पर पड़ेगा। सरकार ने एलपीजी, बैंकिंग, टैक्स और फ्यूल एक्सपोर्ट को लेकर कई बड़े फैसले किए हैं।

**1. रसोई गैस के सख्त नियमः** पुराना सिलेंडर करना होगा सरेंडर पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने उन ग्राहकों के लिए नियम कड़ा कर दिया है जिनके पास एलपीजी और पीएनजी दोनों कनेक्शन हैं। ऐसे उपभोक्ताओं को 30 दिनों की मोहलत दी गई है। अगर आपके घर में पाइप्ड नेचुरल गैस सक्रिय है, तो 1 जून से 30 दिनों के भीतर आपको अपना पुराना एलपीजी सिलेंडर कनेक्शन सरेंडर करना होगा। हालांकि, कंपनियों ने 'कनेक्शन ट्रांसफर वाउचर' की व्यवस्था की है, ताकि भविष्य में बिना पीएनजी वाले इलाके में शिफ्ट होने पर एलपीजी दोबारा शुरू की जा सके। इसके साथ ही, 1 जून को गैस सिलेंडरों के दामों की मासिक समीक्षा भी होगी।

**2. डिजिटल सुरक्षाः यूपीआई पेमेंट पर दिखेगा असली नाम**

ऑनलाइन धोखाधड़ी और गलत खातों में पैसे ट्रांसफर होने की घटनाओं को रोकने के लिए 'नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया' ने एक बेहतरीन कदम उठाया है। 1 जून से जब भी आप गूगल पे, फोनपे या पेटीएम जैसे ऐप्स से किसी को पैसे ट्रांसफर करेंगे, तो यूपीआई पिन डालने से पहले स्क्रीन पर उस व्यक्ति का वही कानूनी नाम दिखाई देगा जो उसके बैंक खाते में दर्ज है। इससे आप सुनिश्चित कर सकेंगे कि पैसा सही व्यक्ति को जा रहा है।




**3. बैंकिंग फीस और नकद जमा के नियम हुए कड़े**

एटीएम ट्रांजैक्शनः कई प्रमुख बैंकों ने हर महीने मिलने वाले मुफ्त एटीएम ट्रांजैक्शन (3 से 5 बार) के नियमों को कड़ा कर दिया है। सीमा समाप्त होने के बाद पैसे निकालने, बैलेंस चेक करने या मिनी-स्टेटमेंट निकालने पर अब पहले से अधिक चार्ज देना होगा।

पैन कार्ड की अनिवार्यताः 50,000 तक की नकद जमा के लिए पैन कार्ड के नियमों में थोड़ी ढील दी गई है। हालांकि, 20 लाख से अधिक की संपत्ति के लेन-देन या पारिवारिक उपहारों के लिए वैध पैन कार्ड अभी भी अनिवार्य रहेगा।

**4. इनकम टैक्स में बड़ी राहत** और एडवांस टैक्स की समयसीमा नौकरीपेशा को फायदाः पुरानी टैक्स व्यवस्था के तहत बच्चों का एजुकेशन अलाउंस बढ़ाकर 3,000 प्रति महीना और हॉस्टल अलाउंस 9,000 प्रति महीना कर दिया गया है जो टैक्स फ्री होगा। इसके अलावा बेंगलुरु, पुणे, हैदराबाद और अहमदाबाद जैसे बड़े कॉर्पोरेट हब को भी अब 50% एचआरए टैक्स छूट के दायरे में शामिल कर लिया गया है।

एडवांस टैक्सः जिन करदाताओं की अनुमानित शुद्ध टैक्स देनदारी 10,000 से अधिक है, उन्हें 15 जून तक अपनी कुल टैक्स लायबिलिटी का 15% हिस्सा एडवांस टैक्स के रूप में चुकाना होगा। देरी करने पर 1% प्रति माह की दर से जुमार्ना लगेगा।

**5. ट्रेन यात्राः चेन्नई उपनगरीय नेटवर्क का बदला समय**

चेन्नई में रोजाना लोकल ट्रेन से सफर करने वाले यात्रियों के लिए महत्वपूर्ण सूचना है। साउदर्न रेलवे ने चेन्नई बीच-तांबरम-चेंगलपट्टू रेल कॉरिडोर पर चलने वाली 200 से अधिक उपनगरीय ट्रेनों के टाइमटेबल में पूरी तरह बदलाव कर दिया है। यात्रियों को सलाह दी गई है कि वे स्टेशनों के डिस्प्ले बोर्ड या डिजिटल ऐप्स पर नया समय देखकर ही यात्रा की योजना बनाएं।

**6. तेल कंपनियों को राहतः ईंधन के एक्सपोर्ट पर ड्यूटी घटी**

केंद्र सरकार ने पेट्रोल, डीजल और एटीएफ को लेकर बड़ा फैसला लिया है। 1 जून से पेट्रोल, डीजल और एविएशन टरबाइन फ्यूल के एक्सपोर्ट (निर्यात) पर लगने वाली ड्यूटी को घटा दिया गया है। पेट्रोल के एक्सपोर्ट पर 1.5 रुपये प्रति लीटर और डीजल पर 3 रुपये प्रति लीटर की कटौती की गई है। वहीं, हवाई ईंधन पर लगने वाले टैक्स में 7 रुपये प्रति लीटर की कमी की गई है। राहत की बात यह है कि इस कटौती का घरेलू स्तर पर तेल की कीमतों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा, क्योंकि घरेलू टैक्स दरों में कोई बदलाव नहीं हुआ है।

**एक नजर**

### वज्रपात का कहर : महिला की मौत एक घायल

**बड़कागांव :** बड़कागांव प्रखंड के अति सुदूरवर्ती पंचायत आंगो के ग्राम गुड़कुवा में शुक्रवार को सहीमरवा के समीप वज्रपात की घटना में एक व्यक्ति घायल एवं एक महिला की मौत हो गई। शनिवार की सुबह आंधी-तूफान और गरज चमक के साथ तेज बारिश के दौरान वज्रपात की चपेट में आने से ग्राम गुड़कुवा (सखुवा टोला) निवासी 48 वर्षीय सीला देवी पति बुधु मांझी की मौत हो गई। वहीं पल्लू गंझू घायल हो गए। मृतक सीला देवी अपने पीछे पति, तीन पुत्र, एक पुत्री सहित भरा पुरा घर छोड़ चल बसी। इधर मामले को लेकर राज सरकार के आपदा प्रबंधन विभाग और मुख्यमंत्री राहत कोष से समाजसेवी एवं परिवारजनों ने मुआवजा की मांग की है। बताते चले की राजपद आपदा प्रतिक्रिया कोष के तहत समानता मृतक के आश्रितों को 400000 ( चार लाख रुपए ) की आर्थिक सहायता दी जाती है। कई राज सरकारें अपने स्तर पर इसमें अतिरिक्त वित्तीय सहायता भी जोड़कर देती है। मुआवजा की मांग के लिए मुख्य रूप से मृतक का मृत्यु प्रमाण पत्र, पोस्टमार्टम रिपोर्ट, पुलिस स्टेशन में दर्ज की गई प्रथम सूचना रिपोर्ट या सनहा दर्ज की प्रतिलिपि, आपदा से मौत की पुष्टि करने वाले अंचल अधिकारी या राजस्व अधिकारी का रिपोर्ट, आश्रित का पहचान पत्र और बैंक खाता का दस्तावेज जमा करना होता है। शोक व्यक्त करने एवं मुआवजा की मांग करने वालों में मुख्य रूप से समाजसेवी महमुद खान, शाहीद खान, बिनोद मांझी, मसोद मांझी, सुखदेव मुडां, डहरू उरांव, तेतर गंझू सहित कई लोगों शामिल हैं।

### 200 केवीए का ट्रांसफार्मर का कांग्रेस नेता ने किया उद्घाटन

**बड़कागांव :** बड़कागांव विधायक मोहल्ला में विगत कई दिनों से 100 केवीए के बिजली ट्रांसफार्मर में अधिक लोड होने के कारण बिजली बार-बार प्रभावित हो रहा था । जिसके कारण ग्रामीणों को कई परेशानियों से गुजरना पड़ रहा था। कांग्रेस नेता संजय तिवारी के प्रयास से बिजली विभाग के द्वारा 200 केवीए का नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया गया। रविवार को ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन मुख्य अतिथि कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता संजय तिवारी ने फीता काट कर किया। तिवारी ने कहा कि जहां भी बिजली की समस्याएं हो, आप मुझे सूचित करें जानकारी दें समाधान करने का मेरा प्रयास होगा। मौके पर उपस्थित लोगों में मुख्य रूप से वीरेंद्र प्रसाद, उपेंद्र प्रसाद, फूलचंद महतो, टूकन कुमार, देवलाल महतो, दीपा महतो, चंदर महतो, शोवा महतो, के अलावा अन्य कई उपस्थित थे।

### पदमा में AI मैत्री कार्यकर्ता ललन कुमार बन रहे हैं पशुपालकों की नई उम्मीद

**पदमा :** पदमा प्रखंड के युवा ललन कुमार सरकार की 'AI मैत्री कार्यकर्ता योजना' के तहत प्रशिक्षण लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में पशुपालन की तस्वीर बदल रहे हैं। वे अबतक 35 गांवों जाकर पशुपालकों को घर पर ही कृत्रिम गभार्धान की सुविधा दे रहे हैं। तकनीक से नस्ल सुधार : ललन कुमार ने रांची (जेएसआईएसीबीडी) से विशेष प्रशिक्षण प्राप्त किया है। इस आधुनिक तकनीक से पशुओं की नस्ल सुधर रही है, जिससे दूध उत्पादन और पशुपालकों की आय में वृद्धि हो रही है। पशुपालकों को अब दूर नहीं जाना पड़ता, जिससे उनकी लागत और समय दोनों की बचत हो रही है। कृत्रिम गभार्धान के साथ-साथ वे पशु स्वास्थ्य, संतुलित आहार और टीकाकरण के प्रति भी ग्रामीणों को जागरूक कर रहे हैं। लगभग अबतक 400 से अधिक पशुओं का सफल कृत्रिम गभार्धान करने में सफल रहे।

# 2.4 करोड़ की लागत से बनेगी पांच माइल-जतरा मेला सड़क, सांसद-विधायक ने किया शिलान्यास

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बरही :** बरही प्रखंड अंतर्गत खोड़ाहर पंचायत के पांच माइल से जतरा मेला तक बनने वाली सड़क का शिलान्यास रविवार को सांसद मनीष जायसवाल एवं विधायक मनोज यादव ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर तथा शिलापट्ट का अनावरण कर किया। यह सड़क प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत लगभग 2.4 करोड़ रुपये की प्राक्कलित राशि से निर्मित की जाएगी। जानकारी के अनुसार, 3.7 किलोमीटर लंबी इस सड़क का निर्माण कार्य सिद्धार्थ कंस्ट्रक्शन द्वारा कराया जाएगा। सड़क निर्माण से क्षेत्र के लोगों को आवागमन की बेहतर सुविधा मिलेगी तथा ग्रामीण क्षेत्रों का संपर्क मुख्य मार्गों से और अधिक सुगम होगा। इस अवसर पर सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि केंद्र सरकार गांवों के विकास और आधारभूत संरचनाओं को मजबूत करने के लिए लगातार कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के माध्यम से सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों को बेहतर सड़क संपर्क उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे ग्रामीणों के जीवन स्तर में सुधार आएगा। उन्होंने कहा कि इस सड़क से कई गांव समेत हजारों लोगों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। वहीं बरही विधायक मनोज यादव ने कहा कि गांव के लोगों ने पिछले कई वर्षों से सड़क बनाने की मांग रखी थी। जिसके बाद उन्होंने सड़क निर्माण को लेकर प्रयास किया और तब जाकर आज सड़क का शिलान्यास किया जा रहा है। उन्होंने संवेदक को गुणवत्तापूर्ण सड़क निर्माण करने की बात कही। इसके बाद विधायक यादव ने कहा सड़क निर्माण से स्थानीय लोगों को आवागमन में होने वाली परेशानियों से राहत मिलेगी तथा क्षेत्र के सामाजिक और आर्थिक विकास को गति मिलेगी। शिलान्यास कार्यक्रम में जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव, विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर, सांसद प्रतिनिधि रंजीत चन्द्रवंशी, जिप प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि भगवान केशरी, मोतीलाल चौधरी, मुखिया प्रतिनिधि खिरोधर यादव, भाजपा मंडल अध्यक्ष नागेश्वर रजक, उपमुखिया रोहित यादव, सुरेश एक्का सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### बड़की होरहोरी नदी पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण कार्य का हुआ शिलान्यास

**बड़कागांव :** बड़कागांव प्रखंड स्थित सिरमा पंचायत में चोरका एवं पड़रिया गांव के बीच शिव मंदिर के समीप बड़की होरहोरी नदी पर मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना के तहत उच्च स्तरीय पुल निर्माण कार्य का शिलान्यास मुख्य अतिथि विधायक रोशन लाल चौधरी के द्वारा नारियल फोड़कर एवं विधिवत पूजा-अर्चना के साथ किया गया। विधायक चौधरी ने कहा कि यह पुल क्षेत्र की वर्षों पुरानी मांग थी, जिसके निर्माण से चोरका, पड़रिया एवं आसपास के कई गांवों के लोगों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी। बरसात के दिनों में नदी पार करने में होने वाली कठिनाइयों से ग्रामीणों को राहत मिलेगी तथा शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और व्यापारिक गतिविधियों को भी नया बल मिलेगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत संरचनाओं को मजबूत किया जा सके ताकि लोगों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।

## पहली पत्नी और बेटी छिपाकर की दूसरी शादी, आरोपी पति गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बड़कागांव :** बड़कागांव थाना अंतर्गत धोखाधड़ी कर साजिश के तहत एक लड़के के द्वारा पहली पत्नी एवं बच्चे रहते हुए दूसरी शादी करने एवं दहेज के लिए पड़ताड़ीत और मारपीट करने के मामले को लेकर पीड़ित पक्ष के द्वारा थाना में आवेदन दिया। मामले को लेकर बड़कागांव थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह ने मामले का उद्भेदन करते हुए तत्वरित करवाई किया। बड़कागांव थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह ने बताया कि बड़कागांव थाना कांड संख्या 100/26 धारा 126 (2), 127 (2), 115 (2), 109 (1), 85/82 (1), 318 (2), 352, 351 (2) 61 (2) & 3/4 बीएनएस के प्राथमिकी अभियुक्त वतन कुमार उम्र करीब 34 वर्ष पिता राजकुमार साव ग्राम नापोखुर्द निवासी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। मामले को लेकर धोखाधड़ी की शिकार हुई पीड़िता 28 वर्षीय हेवंती कुमारी पिता लालो साव ग्राम डोकाटांड निवासी ने बड़कागांव थाने में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई। दिए गए आवेदन के अनुसार हेवंती कुमारी के द्वारा कहा गया कि मेरी शादी नापोखुर्द निवासी वतन कुमार पिता राजकुमार साव के साथ हिंदू रीति रिवाज के अनुसार 20 अप्रैल 2026 को संपन्न हुआ। शादी के पूर्व मेरे पिताजी एवं मेरे भाई ने वतन कुमार एवं उसके पिता राजकुमार साव को घर बनाने के लिए 10 लख रुपए दिए। और शादी में करीब 10 लख रुपए खर्च किया। वहीं साथ ही अन्य घरेलू सामान जैसे पलंग, गोदरेज, फ्रिज, स्कूटी, ड्रेसिंग टेबल, टीवी, पंखा तथा रसोई घर का सारा सामान दिए। मेरी शादी बड़ी धूमधाम से संपन्न हुआ। तथा जब ससुराल पहुंची तो मुझे 2 मई 2026 को एक लड़की देवकी कुमारी से फोन पर पता चला की मेरे पति वतन कुमार का शादी चार पांच वर्ष पूर्व गुमला निवासी देवकी कुमारी से कोर्ट मैरिज हो चुकी है। तथा उसके पहले से एक पुत्री भी है।

## 6 साल से लापता पति की तलाश में भटक रही नाजिया, प्रशासन से लगाई न्याय की गुहार

▶ केरेडारी और टंडवा थाना में आवेदन देने के बावजूद कार्रवाई नहीं होने का आरोप

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**केरेडारी :** केरेडारी प्रखंड हजारीबाग जिला के अंतर्गत ग्राम पंचायत गरीकला थाना केरेडारी जिला हजारीबाग के रहने वाला आलम अंसारी ने 6 साल से लापता हो गया है पत्नी नाजिया खातून ने केरेडारी थाना एवं टंडवा थाना में लिखित आवेदन दी है लेकिन प्रशासन का अभी तक खामोशी बैठा जब पत्नी नाजिया खातून थाना में जा कर पति के बारे में बोलती है तो प्रशासन के द्वारा पत्नी एवं एक को थाना के पदाधिकारी के द्वारा खदड दिया जाता है दोनों माँ बेटी रोड में मारे फिरे जा रही है नाजिया खातून का पूरा पता ग्राम पंचायत बड़ागांव थाना टंडवा जिला चतरा के निवासी है विवाह 2017 में आलम अंसारी के साथ जाती रीति रिवाज से विवाह हुवा था लेकिन शादी के उपरांत एक ठीक से रखा फिर पति आलम अंसारी मेरे साथ मारपीट एवं प्रताड़ित और घर घिच कर निकाल दे रहा था 6 साल से पति का बहुत खोज बिन की लेकिन पता नहीं चला मेरा पति आलम अंसारी को लापता होने के बाद मेरा बड़ी गोतनी के द्वारा मार कर उल्टा केस कर दी जिसे हम कोट का चक्कर काट रहे है और हम जब अपने ससुराल जाते है तो मेरा घर में डबल ताला ससुराल के परिवार के द्वारा लगा दिया गया है हम और मेरी बेटी 6 साल का दोनों माँ बेटी एक दूसरे के घर में रह कर गुजर बसर कर रही हैं प्रशासन से निवेदन रही रही है की मुझे इस विषय को लेकर मेरा घर बसाने में मदत करे मैं अपने ससुराल में बहुत बार पंचायत किए कोई सुनवाई नहीं हुआ। मुझे मारपीट एवं घर से घिसट कर बाहर निकाल दिया जाता है घर से कई बार निकाल दिया गया। जिससे हम रात-रात भर एक दूसरे के घर में रह अपना जान बचाए अपने गांव मोहल्ला का सदर सिक्योरिटी के साथ कई बार पंचायत भी किया गया लेकिन पंचायती को बात ना मानकर मुझे प्रताड़ित करके घर से बाहर निकाल दिया है जिससे मैं जीने से मजबूर हूं मुझे ना खाने के लिए मिल रहा है नहीं कहीं रहने के लिए मिल रहा है।

## स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा परिवार कल्याण विभाग के अवर सचिव ने ₹51000 दिया दान



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बड़कागांव :** बड़कागांव में संचालित श्मशान घाट सेवा समिति की कार्यों से प्रभावित होकर, बड़कागांव ठाकुर मोहल्ला निवासी झारखंड सरकार के स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा परिवार कल्याण विभाग के अवर सचिव धिरंजन प्रसाद शर्मा ने श्मशान घाट सेवा समिति के अध्यक्ष दिनेश सिन्हा को 51000 संस्था को दान दिया है। शर्मा ने कहा कि श्मशान घाट सेवा समिति में शामिल तमाम सदस्य गण अनुकरणीय हैं, जिन्होंने अपनी महत्वपूर्ण कार्यों को छोड़कर लकड़ी व्यवस्था करवाते हैं और लाश की अंतिम संस्कार करने के लिए जरूरतमंद गरीब लोगों को निशुल्क लकड़ी भी दान देते हैं। जो सराहनीय एवं पुण्य कार्य है। बड़कागांव में मृतकों का अंतिम संस्कार करने के लिए लकड़ी नहीं मिलने के कारण मृतकों के परिजनों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ता था। बड़कागांव के प्रबुद्ध बुद्धिजीवियों द्वारा 27 जनवरी 2022 को श्मशान घाट सेवा समिति की स्थापना हुआ था। तब से शमशान घाट सेवा समिति के सदस्यों द्वारा निरंतर प्रयास किया जा रहा है, जिसमें किसी के अंतिम संस्कार में लोगों को लकड़ी की समस्या का सामना न करना पड़े। लकड़ी की खरीदारी के लिए के संस्था के सदस्यों के साथ मिलकर संस्था को मजबूत करने का प्रयास किया जाता है। संस्था में 150-200 लोग सदस्य हैं, कई लोग लकड़ी खरीदारी के लिए आंशिक राशि देकर सहयोग करते हैं। संस्था में बड़कागांव केनरा बैंक प्रबंधक मुख्य रूप से शशि कुमार बागे, रंजीत कुमार मेहता संस्था के सचिव सुरेंद्र प्रसाद दांगी, कोषाध्यक्ष सुभाष सिंह, प्रवीण कुमार, संजय तिवारी, संदीप कुशवाह, मेवालाल नाग, वीरेंद्र प्रसाद, बैधनाथ महतो, बैजनाथ महतो, उपेंद्र प्रसाद, रवि जायसवाल, अभिषेक कुमार, नागेश्वर महतो, अशोक महतो के अलावा तमाम सदस्य सामाजिक कार्य में योगदान दिया जा रहा है।

## मनोज और मनीष की जोड़ी मिलकर क्षेत्र में विकास की गति को दोगुनी रफ्तार देगी : सांसद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चौपारण :** हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल और बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने संयुक्त रूप से दस करोड़ की लागत से बनने वाली छः योजनाओं का शिलान्यास किया। विभिन्न गावो में आयोजित कार्यक्रम में पहुँचे सांसद व विधायक व ग्रमीणों ने जोरदार स्वागत किया। शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए सांसद ने कहा कि क्षेत्र का समग्र विकास ही हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि मनोज और मनीष की जोड़ी मिलकर क्षेत्र में विकास की गति को दोगुनी रफ्तार देगी। विधायक ने कहा कि वे जनता से किए गए अपने चुनावी वादों को पूरा कर रहे है। आपकी लंबित मांगों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है ।एनएच-2 कर्बला चौक से केवला होते हुए बेला तक 3 किमी, आईयो रोड स्थित गोपाल सिंह के घर से चक-बाराडीह होते हुए नगवां तक 2.5 किमी, पीडब्ल्यूडी रोड हथिया से जामुनचक तक 2.5 किमी सड़क सुदृढ़ीकरण कार्य। प्राथमिक विद्यालय चपरीकलां में विद्यार्थियों की सुविधा के लिए चार अतिरिक्त कमरों का निर्माण। ग्राम दादपुर में समेकित बिरसा ग्राम विकास योजना-सह-कृषक पाठशाला निर्माण कार्य का शुभारंभ। इस दौरान में सांसद प्रतिनिधि रामस्वरूप पासवान, सहदेव प्रसाद यादव, आशीष सिंह, विधायक प्रतिनिधि राजदेव यादव, मुखिया संघ अध्यक्ष बीरेंद्र रजक, जीप सदस्य राकेश रंजन, मुखिया संतोष सिंह, जानकी यादव, पूजा कुमारी, जितेंद्र सिंह और रामप्रसाद भुइयां सहित बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण व कार्यकर्ता मौजूद थे।

**खोड़ाहर पंचायत में सुना गया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' का 134वां एपिसोड**

# मन की बात' समाज में सकारात्मक सोच और राष्ट्र निर्माण की प्रेरणा देता है : मनोज यादव

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बरही :** बरही विधानसभा क्षेत्र के खोड़ाहर पंचायत अंतर्गत बूथ संख्या-284 आदिवासी टोला में रविवार को भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 134वें एपिसोड का सामूहिक श्रवण किया गया। कार्यक्रम का आयोजन एवं संचालन भाजपा मंडल अध्यक्ष नागेश्वर रजक की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन को ध्यानपूर्वक सुना। 'मन की बात' के इस एपिसोड में प्रधानमंत्री ने देशवासियों को प्रेरित करते हुए समाज में सकारात्मक परिवर्तन, जनभागीदारी, नवाचार, आत्मनिर्भर भारत, पर्यावरण संरक्षण तथा राष्ट्र निर्माण में नागरिकों की सक्रिय भूमिका पर विशेष जोर दिया। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य कर रहे लोगों की प्रेरणादायक कहानियों का जिक्र करते हुए सेवा, स्वच्छता और सामाजिक जागरूकता से जुड़े कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया। इस अवसर पर बरही विधायक मनोज यादव ने प्रधानमंत्री के विचारों को प्रेरणादायक बताते हुए कहा कि मन की बात देशवासियों को सकारात्मक सोच के साथ राष्ट्रहित में कार्य करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के संदेशों को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं को मिलकर प्रयास करना चाहिए। साथ ही उपस्थित लोगों ने प्रधानमंत्री के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प भी लिया।कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर, सांसद प्रतिनिधि रंजीत चन्द्रवंशी, जिप प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि भगवान केशरी, मुखिया प्रतिनिधि खिरोधर यादव, उपमुखिया रोहित यादव, सेवानिवृत्त रेंजर दिलीप एक्का, परमेश्वर यादव, अरुण चन्द्रवंशी, महेश यादव, पूनम कच्छप, मकडली बाड़ा, विक्टोरिया टोप्पो, बिक्सी टोप्पो, वार्ड सदस्य पूनम एक्का, गुलेन्द्र यादव, सुक्रो लिंडा, मुन्नी तिर्की, जोनशन बाड़ा, बिपिन बाड़ा, सुजीत एक्का, रौशन टोप्पो, रवि बाड़ा, राहुल कच्छप, सोमर दा, दीपक, सुरेश एक्का सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**संक्षिप्त खबरें**

### भाजपा के स्वच्छ भारत अभियान की जिला इकाई घोषित, रघुनाथ गुप्ता बने संयोजक



**हजारीबाग :** भारतीय जनता पार्टी के स्वच्छ भारत अभियान के तहत हजारीबाग जिला इकाई के पदाधिकारियों की घोषणा स्वच्छ भारत अभियान के प्रदेश सहसंयोजक एवं हजारीबाग प्रमंडल प्रभारी नीरज कुमार गुप्ता द्वारा की गई। रघुनाथ गुप्ता (नूतन नगर, कोर्रा) को जिला संयोजक तथा राजू मेहता (पदमा) एवं रोहित कुमार राय (बड़कागांव) को जिला सहसंयोजक मनोनीत किया गया। कार्यक्रम में भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अशोक यादव की उपस्थिति रही। इस दौरान नवनियुक्त पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया तथा स्वच्छ भारत अभियान को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया। मौके पर नरेश कुमार यादव, आशीष कुमार, विनय कुमार, बजरंगी कुमार, संदीप कुमार, रोहित राज, सोनू कुमार, आर्य कुमार, कृष कुमार, सनी यादव, अमन मेहता, निखिल गुप्ता, अभिषेक कुमार, मनीष कुमार, शुभम, राहुल सिंह, अमित, विकास, रोशन सिंह, आकाश सिंह, चिंकू, सूरज सिंह, कृष्ण ठाकुर, जय कुमार ठाकुर, रणधीर कुमार, राहुल कुमार एवं रामचंद्र सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### 31 मई को होने वाली झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा को लेकर निषेधाज्ञा लागू

**हजारीबाग :** संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा- 2026 के सफल, शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त आयोजन को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी सदर, हजारीबाग द्वारा परीक्षा केंद्रों के आसपास निषेधाज्ञा लागू की गई है। जारी आदेश के अनुसार दिनांक 31 मई 2026 (रविवार) को पूर्वाह्न 10:30 बजे से अपराह्न 12:30 बजे तक आयोजित होने वाली परीक्षा के मद्देनजर सदर अनुमंडल अंतर्गत निर्धारित 13 परीक्षा केंद्रों के 100 मीटर की परिधि में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा प्रभावी रहेगी। इस दौरान परीक्षा केंद्रों के 100 मीटर की परिधि में परीक्षार्थियों को छोड़कर अन्य व्यक्तियों के प्रवेश पर प्रतिबंध रहेगा। साथ ही परीक्षा केंद्रों के आसपास भीड़-भाड़, हथियार, लाठी-डंडा, विस्फोटक सामग्री, मोबाइल फोन, कागजात, पुस्तक, नोटबुक अथवा अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के साथ प्रवेश पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा। यह आदेश परीक्षा केंद्र पर प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं परीक्षा संचालन में लगे कर्मियों पर लागू नहीं होगा।

### झारखंड टी-20 लीग में बरही हरिला के अमन कुमार का चयन, क्षेत्र में खुशी की लहर



**बरही :** झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन (जेएससीए) द्वारा पहली बार आयोजित की जा रही झारखंड टी-20 लीग (जे-टी20) के लिए बरही के दो युवा क्रिकेटरों का चयन होने पर पूरे क्षेत्र में खुशी और उत्साह का माहौल है। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि को क्षेत्र के खेल जगत के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। हरला गांव के उभरते खिलाड़ी अमन कुमार यादव को जमशेदपुर स्टीलर्स ने उनके बेस प्राइस 50 हजार रुपये में अपनी टीम के लिए चुना है। अमन कुमार समाजसेवी अशोक कुमार यादव के पुत्र हैं। शनिवार को जमशेदपुर के एनएच-33 स्थित एक होटल में आयोजित खिलाड़ियों की नीलामी प्रक्रिया के दौरान दोनों खिलाड़ियों पर फ्रेंचाइजी टीमों ने भरोसा जताया। झारखंड टी-20 लीग के मुकाबले रांची स्थित जेएससीए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम समेत राज्य के विभिन्न मैदानों में खेले जाएंगे। सचिन यादव और अमन कुमार यादव के चयन को बरही तथा हजारीबाग जिले के लिए बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। स्थानीय खेल प्रेमियों का कहना है कि ग्रामीण क्षेत्र से निकलकर राज्य स्तरीय लीग में जगह बनाना युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणादायक है। इससे क्षेत्र के अन्य युवाओं में भी क्रिकेट के प्रति रुचि और उत्साह बढ़ेगा। दोनों खिलाड़ियों की इस सफलता पर बरही स्पोर्ट्स एसोसिएशन, खेल प्रेमियों, सामाजिक कार्यकताओं एवं ग्रामीणों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं। चयन की खबर मिलते ही क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई और युवाओं में क्रिकेट को लेकर नया जोश देखने को मिला।

### मैट्रिक-इंटर के टॉप विद्यार्थियों को मिला सम्मान, साहू समाज ने सराहा प्रतिभा



**चौपारण :** शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करने एवं उनके मनोबल को बढ़ाने के उद्देश्य से अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा के तत्वावधान में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में बेहतर अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र, मेडल एवं बुके देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मैट्रिक परीक्षा में 95 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले ओमराज तथा 94 प्रतिशत अंक हासिल करने वाली बिपाशा गुप्ता सहित अंशु गुप्ता, राजनंदिनी, स्नेहा कुमारी, शिवानी रंजन समेत दो दर्जन से अधिक विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। उपस्थित लोगों ने विद्यार्थियों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर करमा निवासी प्रकाश साव की पुत्री काजल कुमारी को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया। हाल ही में उनका चयन एक्सिस बैंक में होने पर समाज के लोगों ने उन्हें बधाई देते हुए इसे क्षेत्र और समाज के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया। समारोह को संबोधित करते हुए अनुमंडलीय अध्यक्ष अमित साहू ने कहा कि समाज की प्रतिभाओं को सम्मानित करना महासभा की प्रेरणादायी परंपरा है। ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों का आत्मविश्वास बढ़ता है और वे जीवन में नई ऊंचाइयों को हासिल करने के लिए प्रेरित होते हैं। वक्ताओं ने युवाओं से शिक्षा को जीवन की सबसे बड़ी पूंजी बताते हुए कठिन परिश्रम और अनुशासन के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ नेता अर्जुन साहू, पूर्व अध्यक्ष सीताराम साहू, संरक्षक चेतलाल साव, अशोक गुप्ता, पूर्व उपप्रमुख रेखा देवी, प्रीति कुमारी, मुनेश्वर गुप्ता, राजेश साव, दीपक गुप्ता, बिरबल साव, विकास गुप्ता, प्रमोद कुमार, प्रकाश साव, बुधन साव, संजय गुप्ता, मदन साव, अनुज साव, आशीष कुमार गुप्ता, जुगल साव, लालेश कुमार, ब्रह्मदेव साहू, पप्पू नायक, मनोज साव, नीतेश कुमार, कैलाश साहू, दिनेश साव, बसंत साव, बंटी साव एवं विशाल गुप्ता सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

# पंचशील नगर में जलजमाव की बड़ी वजह बना अतिक्रमण, 23 भवनों को निगम का नोटिस

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** राजधानी रांची के पंचशील नगर में हर वर्ष होने वाली जलजमाव की समस्या के पीछे अतिक्रमण और जलाशय क्षेत्र में हुए निर्माण को प्रमुख कारण माना जा रहा है। मानसून से पहले क्षेत्र का निरीक्षण करने पहुंचे नगर आयुक्त सुशांत गौरव ने स्पष्ट संकेत दिए हैं कि जल निकासी व्यवस्था में बाधा बनने वाले अवैध निमार्णों और अतिक्रमणों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

वार्ड संख्या-32 स्थित पंचशील नगर के निरीक्षण के दौरान रांची नगर निगम की टीम ने पाया कि कई स्थानों पर नालियों और प्राकृतिक जल निकासी मार्गों पर अतिक्रमण किया गया है। इसके कारण बारिश के समय पानी का बहाव बाधित होता है और पूरे इलाके में जलभराव की समस्या उत्पन्न हो जाती है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि पंचशील नगर का एक बड़ा हिस्सा पुराने जलाशय और प्राकृतिक जल निकासी क्षेत्र पर विकसित हुआ है। इसी वजह से हर बरसात में यहां जलजमाव की स्थिति बन जाती है और लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

निरीक्षण के बाद नगर निगम ने कार्रवाई शुरू करते हुए 23 भवनों को नोटिस जारी किया है। इन भवनों पर आरोप है कि उनका निर्माण ऐसे क्षेत्रों में किया गया है, जहां से जल निकासी प्रभावित हो रही है। भवन मालिकों को सात दिनों के भीतर स्वीकृत नक्शा और अन्य वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है। निर्धारित समय सीमा में संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर झारखंड नगरपालिका अधिनियम 2011 और झारखंड भवन उपविधि 2016 के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

नगर आयुक्त सुशांत गौरव ने कहा कि जलजमाव की समस्या का स्थायी समाधान नगर निगम की प्राथमिकता है। इसके लिए केवल नालियों की सफाई पर्याप्त नहीं है, बल्कि उन सभी कारणों को समाप्त करना होगा जो जल निकासी में बाधा उत्पन्न कर रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों को विस्तृत सर्वे कर ऐसे सभी अतिक्रमणों की पहचान करने का निर्देश दिया है।

समस्या के दीर्घकालिक समाधान के लिए एक उच्चस्तरीय समिति गठित करने का भी निर्णय लिया गया है। यह समिति क्षेत्र के भूगोल, जल निकासी तंत्र और अतिक्रमण की स्थिति का अध्ययन कर स्थायी समाधान का प्रस्ताव तैयार करेगी। साथ ही यह भी चिन्हित करेगी कि किन निमार्णों के कारण पानी का प्राकृतिक बहाव प्रभावित हो रहा है।

इधर, नगर निगम की इंजीनियरिंग शाखा ने पंचशील नगर में जल निकासी व्यवस्था को मजबूत करने के लिए लगभग 10 करोड़ रुपये की लागत से आरसीसी नाली निर्माण का विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (डीपीआर) तैयार किया है। नगर आयुक्त ने इस परियोजना को जल्द शुरू करने का निर्देश दिया है ताकि क्षेत्रवासियों को हर साल होने वाले जलजमाव से राहत मिल सके।

नगर निगम ने बताया कि मानसून से पहले बड़े नालों की सफाई, अतिक्रमण हटाने और संवेदनशील क्षेत्रों की निगरानी का कार्य तेज गति से चल रहा है। साथ ही नागरिकों से अपील की गई है कि वे नालियों और जल निकासी मार्गों पर अतिक्रमण न करें तथा कचरा फेंकने से बचें।

गौरतलब है कि नगर आयुक्त सुशांत गौरव ने शनिवार के बाद रविवार को भी अधिकारियों की टीम के साथ पंचशील नगर का दौरा कर जल निकासी व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने संवेदनशील स्थलों पर आवश्यक तैयारियां समय रहते पूरी करने और अतिक्रमण के खिलाफ त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

नगर निगम की इस कार्रवाई को राजधानी में जलजमाव के लिए जिम्मेदार अतिक्रमणों के खिलाफ बड़े अभियान की शुरूआत माना जा रहा है। आने वाले दिनों में शहर के अन्य संवेदनशील इलाकों में भी इसी प्रकार की जांच और कार्रवाई की संभावना जताई जा रही है।

## एक नजर

### निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन



**रांची:** मां वैष्णवी आई अस्पताल तिलता कमडे द्वारा लोकप्रिय विधायक श्री राजेश कच्छप जी एवं युवा ब्रह्मषि समाज धुर्वा ट्रस्ट के संयुक्त तत्वाधान मे आज निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। धुर्वा युवा ब्रह्मर्षी अध्यक्ष पंकज कुमार ने कहा नेत्र शिविर का उद्देश्य आंख जैसी बीमारियों से लोगों को जागरूकता लाना एवं डॉ, से परामर्श दिलाना। लगभग 80 लोगों ने नेत्र शिविर का लाभ उठाया जांच के दौरान लोगों में मोतियाबिंद, अंधेपन, पास की वस्तुओं को देखने में कठिनाई, चश्मा या कॉन्ट्रैक्ट लेंस जैसी समस्याएं पाई गई। डॉ, शुभम ने कहा आंख के माध्यम से ही हम अपनी भावनाओं को व्यक्त कर पाते हैं ऐसे में समय-समय पर आंख का चेकअप कराते रहे। स्वास्थ्य सेवा कमी व्रजेश शर्मा ने ब्लड शुगर एवं ब्लड प्रेशर का चेकअप किया। रिटायर्ड शिक्षक राजाराम शर्मा ने कहा मानव सेवा ही ईश्वर सेवा है मानव की सेवा सबसे बड़ा पुण्य कार्य है और यही इंसानियत तथा मानवता भी है। मौके पर राम बोल कुंवर, राजाराम, हरिशंकर तिवारी, वीरेंद्र तिवारी, सीमा शर्मा, रामबालक शर्मा, उमाकांत सिंह, कमलेश शर्मा, मसूदन मिश्रा, वीरेंद्र तिवारी, मुरारी मनोहर, शैलेंद्र कुमार दीपू, साहिल सोनू, सुबोध कुमार सिंह ,मुरारी कुमार, प्रशांत कुमार शर्मा, मधुसूदन शर्मा आदि मौजूद थे।

### तनवीर अंसारी हत्याकांड मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**रांची :** राजधानी रांची के डोरंडा थाना क्षेत्र में हुए तनवीर अंसारी हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। मामले में पुलिस ने दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है और वारदात में इस्तेमाल किए गए बुलेट के लोहे के लेग गार्ड को भी बरामद कर लिया गया है। पुलिस के अनुसार, फिरदौस नगर मनीटोला निवासी खतीजा खातून की शिकायत पर 26 मई को डोरंडा थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। शिकायत में कहा गया था कि उनके पति तनवीर अंसारी के साथ मारपीट कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया गया था। बाद में रिम्स में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई, जिसके बाद मामला हत्या में बदल गया। जांच के दौरान पुलिस को जानकारी मिली कि तनवीर अंसारी और मुख्य आरोपित जावेद अख्तर के परिवारों के बीच लंबे समय से तनाव चल रहा था। इसी विवाद को लेकर दोनों पक्षों के बीच पहले भी कई बार कहासुनी और झगड़े की घटनाएं हो चुकी थीं।

# स्वास्थ्य मंत्री ने अभिषेक बनर्जी के बेहतर इलाज के लिए झारखंड आने का दिया प्रस्ताव

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से आग्रह किया है कि वह अपने घायल भतीजे अभिषेक बनर्जी को बेहतर चिकित्सा सुविधा और सुरक्षा के लिए झारखंड भेजें। उन्होंने अभिषेक बनर्जी के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हुए पूरे मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की है।

रविवार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड सरकार अभिषेक बनर्जी को सर्वोत्तम चिकित्सा सुविधा, सुरक्षा और आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराने के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर



संवेदनशील है और जरूरत पड़ने पर हर संभव सहायता प्रदान करेगी। डॉ. अंसारी ने अभिषेक बनर्जी के घायल होने की घटना पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यह मामला लोकतांत्रिक मूल्यों और जनप्रतिनिधियों की सुरक्षा से जुड़ा है। उन्होंने कहा कि यदि किसी प्रकार के दबाव, भय अथवा प्रतिकूल परिस्थितियों के कारण उन्हें समुचित चिकित्सा सुविधा प्राप्त करने में कठिनाई हुई है या उपचार में कोई बाधा उत्पन्न हुई है, तो इसकी निष्पक्ष और पारदर्शी जांच होनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में राजनीतिक मतभेद और वैचारिक प्रतिस्पर्धा स्वाभाविक हैं, लेकिन किसी भी जनप्रतिनिधि की सुरक्षा, सम्मान और स्वास्थ्य से समझौता नहीं किया जा सकता। राजनीतिक संघर्ष अपनी जगह है, लेकिन किसी व्यक्ति के स्वास्थ्य और जीवन को प्रभावित करने वाली परिस्थितियां गंभीर चिंता का विषय हैं।

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों के परस्पर सम्मान तथा संवैधानिक मूल्यों के पालन पर आधारित होती है। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार ने हमेशा लोकतांत्रिक अधिकारों, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और राजनीतिक विविधता का सम्मान किया है।

# झारखंड में 6 जून तक गर्जन और वज्रपात की चेतावनी, येलो अलर्ट जारी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड की राजधानी रांची सहित राज्य के अधिकांश जिलों में आगामी 6 जून तक मौसम का मिजाज बदला रहने की संभावना है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने राज्य के विभिन्न हिस्सों में गर्जन, आकाशीय बिजली गिरने और तेज हवाएं चलने की आशंका को देखते हुए येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग ने लोगों से सतर्क रहने और खराब मौसम के दौरान सुरक्षित स्थानों पर रहने की अपील की है।

मौसम विभाग के अनुसार, एक जून को राज्य के उत्तर-पश्चिमी जिलों को छोड़कर अधिकांश क्षेत्रों में गर्जन और वज्रपात की संभावना है। वहीं दो, तीन और चार जून को उत्तर-पश्चिमी तथा उत्तरी जिलों को छोड़कर राज्य के शेष भागों में गरज के साथ बारिश, आकाशीय बिजली गिरने और 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं।

विभाग के पूवार्नुमान के मुताबिक, पांच जून को राज्य के उत्तर-पूर्वी और दक्षिण-पूर्वी जिलों में तथा छह जून को उत्तर-पश्चिमी जिलों को छोड़कर अधिकांश क्षेत्रों में गर्जन और वज्रपात की संभावना बनी रहेगी। मौसम वैज्ञानिकों ने किसानों, खुले स्थानों पर कार्य करने वाले लोगों और आम नागरिकों को विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी है।

इधर, पिछले दो-तीन दिनों के दौरान हुई बारिश का असर तापमान पर भी स्पष्ट रूप से देखा गया है। राज्य के कई जिलों में तापमान में 8 से 10 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की गई है।

# रांची से लापता मां-बेटी बिहार के आरा से सकुशल बरामद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** राजधानी रांची के धुर्वा क्षेत्र से रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हुई मां-बेटी को पुलिस ने बिहार के आरा जिले से सकुशल बरामद कर लिया है। दोनों के गायब होने के बाद परिजनों से एक लाख रुपये की फिरौती मांगे जाने के कारण मामला और अधिक गंभीर हो गया था। अब मां-बेटी के सुरक्षित मिलने के बाद पुलिस पूरे घटनाक्रम की गहन जांच कर रही है।

दरअसल, झारखंड पुलिस में कार्यरत सुधीर कुमार सिंह की पत्नी सुनीता देवी और उनकी 19 वर्षीय बेटी काजल कुमारी शनिवार को अचानक लापता हो गई थीं। दोनों के एक साथ गायब होने से परिवार में चिंता का माहौल बन गया था। परिजनों ने उनकी तलाश के लिए पोस्टर भी जारी किए थे और लोगों से सूचना देने की अपील की थी। मामले को लेकर सुधीर कुमार सिंह ने धुर्वा थाना में गुमशुदगी की प्राथमिकी दर्ज कराई थी। पुलिस ने शिकायत मिलते ही जांच शुरू कर दी और दोनों की तलाश के लिए विभिन्न स्तरों पर प्रयास किए गए। इसी दौरान एक नया मोड़ तब आया, जब एक अज्ञात व्यक्ति ने फोन कर सुधीर कुमार सिंह और उनके बेटे से एक लाख रुपये की फिरौती की मांग की। लगातार आ रहे इन फोन कॉल्स ने मामले को अपहरण की आशंका से जोड़ दिया था। पुलिस अब उस मोबाइल नंबर की तकनीकी जांच कर रही है, जिससे फिरौती की मांग की गई थी। हटिया पुलिस उपाधीक्षक नीरज कुमार ने रविवार को बताया कि मां-बेटी को बिहार के आरा जिले से सुरक्षित बरामद कर लिया गया है। प्रारंभिक जांच में अपहरण की पुष्टि नहीं हुई है।

# झारखंड सरकार पर भाजपा के आरोप निराधार और राजनीतिक दुर्भावना से प्रेरित : विनोद पांडेय

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा राज्य सरकार पर लगाए जा रहे भ्रष्टाचार के आरोपों को निराधार, तथ्यहीन और राजनीतिक दुर्भावना से प्रेरित बताया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार विकास और जनकल्याण की योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू कर रही है, जिससे विपक्षी दलों में बेचैनी बढ़ी है और वे सरकार के खिलाफ लगातार बयानबाजी कर रहे हैं।

रविवार को जारी एक विज्ञप्ति में विनोद कुमार पांडेय ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में राज्य सरकार विकास, सामाजिक सुरक्षा और कल्याणकारी योजनाओं को प्राथमिकता देते हुए कार्य कर रही



है। इसके बावजूद भाजपा जनता को गुमराह करने के उद्देश्य से सरकार की कार्यशैली पर सवाल उठा रही है और भ्रामक माहौल बनाने का प्रयास कर रही है।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पर आरोप लगाने से पहले भाजपा को केंद्र सरकार की नीतियों और उनके प्रभावों पर भी जवाब देना चाहिए। उनके अनुसार भाजपा के नेता और प्रवक्ता विभिन्न आंकड़ों और दावों के माध्यम से जनता को भ्रमित करने का प्रयास कर रहे हैं, जबकि वास्तविक जनसरोकारों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करने से बच रहे हैं।

झामुमो महासचिव ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव का हवाला देकर लंबे समय से आम लोगों पर आर्थिक बोझ डाला जाता रहा है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब वैश्विक स्तर पर कीमतों में कमी आती है, तब उसका पूरा लाभ उपभोक्ताओं तक क्यों नहीं पहुंचाया जाता। उन्होंने कहा कि महंगाई और बढ़ती लागत का सीधा असर आम लोगों की जिंदगी पर पड़ रहा है।

विनोद कुमार पांडेय ने दावा किया कि राज्य सरकार रोजगार, शिक्षा, ग्रामीण विकास, सामाजिक सुरक्षा और जनकल्याण से जुड़े विभिन्न क्षेत्रों में लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

# झारखंड फेंसिंग एसोसिएशन की वार्षिक आमसभा संपन्न, खेल विकास की रणनीति पर हुई चर्चा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड फेंसिंग एसोसिएशन (जेएफए) की वार्षिक आमसभा (एजीएम) रविवार को धुर्वा स्थित जेएससीए स्टेडियम परिसर में आयोजित की गई। बैठक में राज्य में फेंसिंग खेल के विकास, खिलाड़ियों के प्रशिक्षण, प्रतियोगिताओं के आयोजन और भविष्य की योजनाओं को लेकर व्यापक मंथन किया गया।

आमसभा की अध्यक्षता एसोसिएशन के चेयरमैन राजीव कुमार बिट्टू ने की। इस अवसर पर अध्यक्ष अर्चित आनंद, महासचिव जय कुमार सिन्हा, कोषाध्यक्ष करमबीर उरांव सहित राज्य के विभिन्न जिला फेंसिंग संघों के पदाधिकारी एवं प्रतिनिधि मौजूद रहे।

बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 की वार्षिक रिपोर्ट और आय-व्यय का विवरण प्रस्तुत किया गया, जिसे सदस्यों ने सर्वसम्मति से मंजूरी दी। इसके साथ ही आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए प्रस्तावित कार्यक्रमों और योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

आमसभा में राज्य स्तरीय फेंसिंग प्रतियोगिताओं और विभिन्न चैंपियनशिप के आयोजन को लेकर विचार-विमर्श किया गया। पदाधिकारियों ने खिलाड़ियों को अधिक प्रतिस्पर्धी अवसर उपलब्ध



कराने के उद्देश्य से प्रतियोगिताओं की संभावित तिथियों और आयोजन स्थलों को लेकर अपने सुझाव दिए।

बैठक में उभरते खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के लिए ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर आयोजित करने पर भी सहमति बनी। पदाधिकारियों ने कहा कि नियमित प्रशिक्षण शिविरों से खिलाड़ियों की तकनीकी क्षमता और प्रदर्शन में सुधार होगा। साथ ही ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में फेंसिंग खेल को लोकप्रिय बनाने के लिए विशेष अभियान चलाने पर भी जोर दिया गया।

आमसभा में झारखंड में फेंसिंग खेल के दीर्घकालिक विकास की कार्ययोजना पर भी चर्चा हुई। खेल प्रतिभाओं की पहचान, प्रशिक्षण सुविधाओं के विस्तार और जिला स्तर पर खेल गतिविधियों को मजबूत बनाने पर विशेष बल दिया गया, ताकि राज्य के खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन कर सकें।

बैठक में संगठनात्मक विषयों की भी समीक्षा की गई। विभिन्न पदाधिकारियों की जिम्मेदारियों और उनके कार्यों पर चर्चा करते हुए संगठन को और प्रभावी बनाने के सुझाव दिए गए।

## संक्षिप्त खबरें

### हेमन्त सरकार जल्द लाएगी 'कर समाधान योजना' का दूसरा चरण




**रांची:** झारखंड की हेमन्त सोरेन सरकार राज्य के व्यापारियों और करदाताओं को एक और बड़ी राहत देने की तैयारी में है। सरकार जल्द ही 'कर समाधान योजना' का दूसरा चरण शुरू करने जा रही है। वाणिज्य कर विभाग द्वारा इसका प्रस्ताव पूरी तरह तैयार कर लिया गया है। इस योजना को अंतिम रूप देने से पहले इसके प्रारूप को आम जनता और विभिन्न व्यापारिक संगठनों के बीच सार्वजनिक किया जाएगा, ताकि उनसे सुझाव और आपत्तियां आमंत्रित की जा सकें। इस योजना का मुख्य उद्देश्य 1 जुलाई 2017 को वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) लागू होने से पहले के पुराने कर विवादों और विभिन्न न्यायालयों में फंसे मामलों का त्वरित निपटारा करना है। फिलहाल वाणिज्य कर और मूल्य वर्धित कर (वैट) अवधि से जुड़े हजारों मामले अलग-अलग अदालतों में लंबित हैं, जिनमें से कुछ मामले तो करीब 40 साल पुराने हैं। इस योजना के माध्यम से करदाताओं को लंबी और खचीर्ली कानूनी प्रक्रिया से मुक्ति मिलेगी, वहीं राज्य सरकार को भी लगभग 300 करोड़ रुपये का अतिरिक्त राजस्व प्राप्त होने की उम्मीद है। बता दें कि इससे पहले वर्ष 2022 में झारखंड विधानसभा द्वारा 'झारखंड कराधान अधिनियमों की बकाया राशि का समाधान विधेयक-2022' पारित किया गया था, जो इस योजना का पहला चरण था। पहले चरण में सरकार को व्यापारियों की ओर से शानदार प्रतिक्रिया मिली थी और करीब 350 करोड़ रुपये के बकाया राजस्व की वसूली हुई थी। पिछले चरण में करदाताओं को अलग-अलग श्रेणियों के तहत बड़ी राहत दी गई थी। स्वीकृत कर बकाया मामलों में मुख्य कर की 100% राशि जमा करने पर ब्याज और दंड (जुमार्ने) में 90% तक की भारी छूट दी गई थी। इसी तरह, वित्तीय वर्ष 2017-18 तक की निर्धारित कर की बकाया राशि में मुख्य कर पर 60% तक की छूट और ब्याज-दंड में 90% तक राहत का प्रावधान था। इसके अलावा, अन्य विवादित मामलों में करदाताओं को केवल 40% कर का भुगतान कर पुराना विवाद हमेशा के लिए समाप्त करने की बड़ी सुविधा मिली थी।

### राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन के प्रधान कार्यालय का रांची में हुआ उद्घाटन



**रांची:** रविवार को रांची के मोराबादी शिवपुरम रोड नंबर 4 में राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन का राष्ट्रीय प्रधान कार्यालय का उद्घाटन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आदरणीय अरविंद कुमार सिंह राष्ट्रीय अध्यक्ष मौजूद थे तथा आज का कार्यक्रम संचालन रांची जिला अध्यक्ष जगदीश दास ने किया इस कार्यक्रम मेंबिहार प्रदेश अध्यक्ष आदरणीय नरेश शर्मा जी रांची जिला महासचिव वीरेंद्र शर्मा जिला कोषाध्यक्ष गणेश शर्मा महिला मोर्चा दक्षिणी छोटा नागपुर प्रमंडल महासचिव संजू कुमारी जिला अध्यक्ष ललित जी जिला सचिव नीतू कुमारी के साथ-साथ कैलाश रविदास कांके प्रखंड सचिव प्रखंड सचिव मनोज प्रजापति बरियातू मंडल अध्यक्ष अर्जुन प्रजापति जिला मंत्री शिशुपाल महतो प्रखंड अध्यक्ष श्याम लाल जी सदस्य सुनील कुमार सदस्य अमित कुमार युवा मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष रूपेश कुमार हजारीबाग जिला सचिव रांची जिला उपाध्यक्ष गोविंद मुंडा जिला सचिव विक्की सेट के साथ-साथ कई कार्यकर्ता उपस्थित थे खासकर जगदीश दास जी ने अपार हर्ष जताया और कहा अपने संगठन का प्रधान कार्यालय यानि राष्ट्रीय कार्यालय रांची में खुलने से संगठन के कार्यकताओं को दिशा निर्देश तथा मनोबल बढ़ाने में काफी सफल साबित होगा।

### भाजपा का दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान संपन्न



**रांची :** प्रखंड स्थित सेवा भारती, गुड़ीडीह (जोन्हा) परिसर में भारतीय जनता पार्टी रांची पूर्वी जिला द्वारा आयोजित दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026 का रविवार को सफलतापूर्वक समापन हुआ। समापन समारोह में झारखंड विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। प्रशिक्षण वर्ग के दूसरे दिन विभिन्न विषयों पर महत्वपूर्ण सत्र आयोजित किए गए। अष्टम सत्र में कार्यकर्ताओं को सोशल मीडिया, नमो ऐप, सरल ऐप एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (अक) की उपयोगिता और संगठनात्मक कार्यों में उसके प्रभावी प्रयोग की जानकारी दी गई। नवम सत्र को रवींद्र नाथ किशोर ने संबोधित किया, जबकि दशम सत्र में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद ने संगठन की कार्यपद्धति एवं दायित्वों पर प्रकाश डाला। वहीं, एकादश सत्र में भारत सरकार की केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने देश के विकास, सुशासन एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी देते हुए कार्यकताओं को संगठन की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग का समापन संगठनात्मक संकल्प एवं राष्ट्रहित के प्रति समर्पण के संदेश के साथ हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा रांची पूर्वी जिला अध्यक्ष विनय महतो धीरज ने की। इस अवसर पर पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, आरती कुजूर, आरती सिंह, पूर्वी जिला अध्यक्ष जैलेंद्र कुमार, रणधीर चौधरी, सुरेंद्र महतो, अमरनाथ चौधरी, जिला प्रभारी अशोक शर्मा, जिला महामंत्री मनोज चौधरी एवं सत्यदेव मुंडा, जिला परिषद सदस्य अनुराधा मुंडा, प्रमोद सिंह, रोहित साहू, माधुरी देवी, दिलीप सेठ, सत्यजीत सिंह, प्रज्ञा भारती, मीडिया प्रभारी रामसाय मुंडा, राजेंद्र शाही मानकी, शशि मेहता, विक्रांत तिवारी, अलखनाथ महतो, बसंत सुड़ी, चतुर साहू, संजय नायक, धीरेन महतो रेखा देवी, कपिल महतो, बुधराम बेदिया , दुर्गा महतो, शंकर महतो, अजय सिंह भोगता, सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### झारखंड में बालू संकट खत्म: 17 घाटों पर खनन को मंजूरी

**रांची :** झारखंड में बालू की कमी को दूर करने और अवैध खनन पर रोक लगाने के लिए राज्य सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। विभिन्न जिलों के 17 बालू घाटों और सैंड डिपॉजिट की लीज डीड (पट्टा विलेख) पर हस्ताक्षर किए गए हैं। इनमें रांची, बोकारो, गोड्डा, जामताड़ा, पूर्वी सिंहभूम, लातेहार, हजारीबाग, रामगढ़, दुमका और खूंटी जिले शामिल हैं। राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) की संभावित रोक और मानसून से पहले बालू संकट से निपटने के लिए प्रशासनिक तैयारियां तेज कर दी गई हैं। इसी सिलसिले में चार जिलों के 8 बालू घाटों को संचालन की प्रशासनिक मंजूरी दे दी गई है, जिसमें गोड्डा में सबसे ज्यादा तीन घाट शामिल हैं। इसके अलावा, मानसून के दौरान बालू की किल्लत न हो, इसके लिए 13 बालू भंडारण स्थलों (स्टॉक यार्ड) के आवेदनों को भी मंजूरी मिली है। इस सूची में दुमका जिला चार भंडारण स्थलों के साथ सबसे ऊपर है। इस नई व्यवस्था से राज्य में निर्माण कार्यों के लिए बालू की वैध उपलब्धता बढ़ेगी और सरकार के राजस्व में भी बढ़ोतरी होगी।

# कोडरमा पुलिस का 'ऑपरेशन ऑल आउट-2' सफल, 39 वारंटी व फरार अभियुक्त गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर कोडरमा पुलिस द्वारा 30/31 मई 2026 की रात जिलेभर में वारंटियों एवं फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी को लेकर विशेष अभियान 'ऑपरेशन ऑल आउट-2' चलाया गया। अभियान की निगरानी स्वयं पुलिस अधीक्षक ने की।

जिले के सभी थाना क्षेत्रों में एक साथ छापेमारी कर कुल 39 वारंटी एवं फरार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार कोडरमा थाना से 5, तिलैया थाना से 10, नवलशाही थाना से 4, मरकच्चो थाना से 2, जयनगर थाना से 2, डोमचांच थाना से 3, चंदवारा थाना से 7, तिलैया डैम ओपी से 3 तथा सतगावां थाना से 3 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों में कई ऐसे वारंटी भी शामिल हैं जो वर्षों से पुलिस की पकड़ से बाहर थे। इनमें डालेश्वर यादव (ग्राम-बगड़ो, थाना डोमचांच) 16 वर्षों से फरार चल रहा था। वहीं लाल बाबू सुंडी (ग्राम-तेतरियाडीह, थाना डोमचांच) भी लंबे समय से फरार था। इसके अलावा मो. कुर्बान अंसारी (ग्राम-बिरसोडीह, थाना जयनगर/तिलैया डैम ओपी), जो दो वारंट मामलों में पिछले 7 वर्षों से वांछित था, उसे भी गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जिले में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध ऐसे विशेष अभियान आगे भी लगातार चलाए जाएंगे। उन्होंने स्पष्ट संदेश देते हुए कहा कि कोडरमा जिले में अपराधियों के लिए कोई जगह नहीं है। अपराधी या तो अपराध छोड़ दें या फिर कानून का सामना करने के लिए तैयार रहें। उन्होंने आम जनता को आश्वस्त किया कि जिले में शांति, सुरक्षा एवं भयमुक्त वातावरण बनाए रखने के लिए कोडरमा पुलिस पूरी तरह प्रतिबद्ध है। ऑपरेशन की सफलता को लेकर पुलिस महकमे में उत्साह का माहौल है।



## एक नजर

### तंबाकू और धूम्रपान से दूरी ही कैंसर से बचाव की कुंजी : ममता देवी

**रामगढ़ :** कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के प्रति लोगों को जागरूक करने और समय पर जांच व उपचार के महत्व को समझाने के उद्देश्य से रामगढ़ चेंबर सेवा ट्रस्ट एवं रामगढ़ नगर परिषद के संयुक्त तत्वावधान में बिजुलिया स्थित रामगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के सभागार में कैंसर जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शहर के गणमान्य लोग, सामाजिक कार्यकर्ता और नागरिक उपस्थित रहे। समागती कैंसर केयर फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित इस सेमिनार में मुख्य अतिथि विधायक ममता देवी थीं, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में कैंसर विशेषज्ञ डॉ. सतीश शर्मा एवं नगर परिषद उपाध्यक्ष रणधीर गुप्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन रामगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स के पूर्व अध्यक्ष पंकज प्रसाद तिवारी ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन सांसद प्रतिनिधि सह सामाजिक कार्यकर्ता धनंजय कुमार पुटूस ने किया। डॉ. सतीश शर्मा ने कैंसर मरीजों के लिए केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि आर्थिक तंगी किसी भी मरीज के इलाज में बाधा नहीं बननी चाहिए। उन्होंने कैंसर के शुरूआती लक्षण, आधुनिक जांच तकनीकों और उपलब्ध उपचार पद्धतियों पर विस्तार से प्रकाश डाला तथा लोगों से नियमित स्वास्थ्य जांच कराने की अपील की।

### 'पहली रोटी गाय की' संकल्प के साथ मारवाड़ी युवा मंच ने की गौसेवा

**झुमरी तिलैया :** मारवाड़ी युवा मंच झुमरी तिलैया के तत्वाधान में कल गौशाला जाकर गौ सेवा का कार्यक्रम किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत 41 किलो गुड़, और सभी गौ माता के लिए दो रोटी की व्यवस्था सदस्यों के सहयोग से गौशाला में जाकर गौ माता को खिलाने का पुण्य काम किया पुरुषोत्तम मास में यह पहली गौ सेवा की गई जिसे अध्यक्ष मोहित संघई ने सभी सदस्यों को बहुत बहुत धन्यवाद दिया और कहा इस तरह के सेवा कार्य मंच के सभी सदस्य निरंतर करते रहेंगे और गौ माता का आशीर्वाद प्राप्त करते रहेंगे इसी दौरान उन्होंने अगले महीने होने वाले गौ सेवा पर जोर दिया और कहा पुरुषोत्तम मास में अगली गौ सेवा भव्य रूप से किया जाएगा जिसमें बेसहारा गौ माता जो गली-गली घूम घूम कर अपना भरण पोषण करती है उन सभी गौ माता के लिए उचित खाने की सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी। इसी कार्य को देखकर कोडरमा गौशाला समिति की ओर से एक मोमेंटो देकर मारवाड़ी युवा मंच झुमरी तिलैया शाखा को सम्मानित किया गया यह सम्मान गौशाला समिति के सचिव अरुण मोदी ने किया।

### घर में आग, नकदी जलने और आभूषण गायब होने के दावों से गांव में सनसनी

**जयनगर :** प्रखंड के नईटांड गांव में एक परिवार द्वारा घर में अपने आप आग लगने, नकदी जलने और आभूषण गायब होने का दावा किए जाने से क्षेत्र में चर्चा का माहौल है। पीड़ित परिवार का कहना है कि पिछले कई दिनों से उनके घर में रहस्यमयी घटनाएं हो रही हैं, जिससे परिवार के सदस्य भय और चिंता में जी रहे हैं। मामले की जानकारी मिलने पर विधायक अमित कुमार यादव नईटांड पहुंचकर पीड़ित परिवार से मिले और घटनाओं की जानकारी ली। परिवार ने बताया कि घर में रखे कपड़े, अनाज और नकदी अचानक आग की चपेट में आ जा रहे हैं, जबकि सोने-चांदी के कुछ आभूषण भी गायब होने की बात सामने आई है। संकट की इस घड़ी में विधायक ने परिवार को राहत सामग्री उपलब्ध कराते हुए हरसंभव सहयोग का भरोसा दिया। उन्होंने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष एवं गहन जांच कराने की मांग की, ताकि घटनाओं की वास्तविकता सामने आ सके।

## नशा और सोशल मीडिया की लत पर मंथन, राष्ट्रीय संगोष्ठी का हुआ समापन




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़ :** रामगढ़ महाविद्यालय में झारखंड राज्य उच्चतर शिक्षा मंत्रालय के सहयोग से आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का सफलतापूर्वक समापन हुआ। रोल ऑफ सोशल मीडिया एंड ड्रग एब्यूज अवेयरनेस फॉर अ सेफर जेनरेशन विषय पर आयोजित इस संगोष्ठी में देशभर के शिक्षाविदों, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों ने भाग लेकर अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या डॉ. रत्ना पाण्डेय के स्वागत भाषण एवं आयोजन सचिव डॉ. बक्शी ओम प्रकाश सिन्हा के विषय परिचय से हुआ। मुख्य वक्ता प्रो. पी.वी. तिवारी ने सोशल मीडिया के सकारात्मक उपयोग पर बल देते हुए इसके दुष्प्रभावों से सावधान रहने की अपील की। मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. चंद्रभूषण शर्मा ने कहा कि नशे के खिलाफ जागरूकता का संदेश गांव-गांव और मुहल्लों तक पहुंचाना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। तकनीकी सत्रों में डॉ. चित्रा संभावी, अतुल गेरा, डॉ. के.के. गुप्ता, अनिल कुमार, प्रो. उदय शंकर ओझा, वरिष्ठ पत्रकार प्रियदर्शन, डॉ. नागेंद्र कुमार, डॉ. जॉनी रूफीना तिर्की तथा दिवाकर कुमार ने सोशल मीडिया की लत, नशाखोरी और युवाओं के मानसिक-सामाजिक जीवन पर पड़ रहे प्रभावों पर विस्तार से चर्चा की। वक्ताओं ने पारिवारिक संवाद, सकारात्मक वातावरण, डिजिटल जागरूकता और नशामुक्त जीवनशैली को समाधान का आधार बताया। समापन सत्र में प्रो. मिथिलेश कुमार सिंह ने नशाखोरी के बढ़ते खतरे पर चिंता व्यक्त करते हुए समाज को सजग रहने का आह्वान किया। उपायुक्त ऋतुराज ने इस विषय पर रामगढ़ महाविद्यालय की पहल को सराहनीय बताया। मुख्य अतिथि प्रवीण कुमार टोप्पो ने कहा कि अच्छा व्यवहार, सामाजिक सहभागिता और मानवीय संवेदनाएं ही युवाओं को नशा एवं सोशल मीडिया की गलत लत से बचा सकती हैं। दो दिनों में आयोजित चार तकनीकी सत्रों में 100 से अधिक प्राध्यापकों, शोधार्थियों और विद्यार्थियों ने शोधपत्र प्रस्तुत किए। सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र प्रदान किए गए।

## लोक अदालत किसी परिचय का मोहताज नहीं बढ़ रही है इसकी लोकप्रियता : प्रधान जिला जज

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के निर्देश के आलोक में कोडरमा के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार रमाकान्त मिश्रा के कुशल मार्ग दर्शन में व जिला विधिक सेवा प्राधिकार कोडरमा के तत्वावधान में व्यवहार न्यायालय परिसर में आज शनिवार को मासिक लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार रमाकान्त मिश्रा ने कहा कि आज के वर्तमान परिवेश में लोक अदालत किसी परिचय की मोहताज नहीं है यही कारण है कि इसकी लोकप्रियता दिन प्रति दिन बढती जा रही है। उन्होंने कहा कि लोक अदालत में दिए गए फैसले में दोनों पक्षों की जीत होती है तथा यह फैसला दोनों पक्षों को संतुष्ट करता है। कोई पक्ष इसे थोपा हुआ महसूस नहीं करता है। लोक अदालत में दिए गए निर्णय के विरुद्ध कहीं भी कोई अपील नहीं होती। लोक अदालत का निर्णय अंतिम निर्णय होता है। उन्होंने कहा कि लोक अदालत शीघ्र, सस्ता और सुलभ न्याय प्रदान करने का सशक्त माध्यम है। लोक अदालत का फैसला अंतिम होता है। उन्होने कहा कि लोक अदालत में बढ़ रही भीड़ इस बात का परिचायक है कि लोक अदालत आम लोगों के बीच कितना लोकप्रिय होता जा रहा है। उन्होंने कहा कि लोक अदालत में जहाँ एक ओर लोगों के समय और पैसे की बचत होती है वहीं दूसरी ओर न्यायालय से मुकदमों का बोझ कम होता है। इस मामलो से सम्बंधित मासिक लोक अदालत में कुल छः बेंचों का गठन किया गया।

## विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर छात्रा काशवी ने दिया नशामुक्त जीवन का संदेश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**झुमरी तिलैया :** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर प्रेरणा शाखा द्वारा जनजागरूकता को ले एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर ग्रिजली विद्यालय की कक्षा 8वीं की छात्रा काशवी वैभव द्वारा तंबाकू निषेध पर एक प्रेरणादायक भाषण रिकॉर्ड करवाया गया और सोशल मीडिया पर डाला जिसे हजारों लोगों ने देखा और सराहना की। अपने संबोधन में काशवी ने तंबाकू सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों एवं गंभीर बीमारियों जैसे कैंसर, फेफड़ों की बीमारी, हृदय रोग एवं सांस संबंधी समस्याओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि तंबाकू की लत केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को ही नहीं, बल्कि पूरे परिवार की खुशियों और आर्थिक स्थिति को भी प्रभावित करती है। काशवी ने अपने भाषण में यह भी बताया कि तंबाकू से होने वाली बीमारियों के इलाज में लाखों रुपये खर्च होते हैं, जिससे परिवार आर्थिक और मानसिक परेशानियों का सामना करता है। कई बार परिवार के सदस्यों को अपनों को खोने का दुख भी सहना पड़ता है। उसने युवाओं से अपील की कि वे तंबाकू और अन्य नशीले पदार्थों से दूर रहें तथा दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करें। कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, नशामुक्त समाज बनाने एवं आने वाली पीढ़ी को सुरक्षित रखने का संदेश दिया गया। प्रेरणा शाखा ने सभी नागरिकों से तंबाकू मुक्त भारत के निर्माण में सहयोग देने की अपील की।

## 148 कर्मचारियों का बीएफसीएल ने मनाया सामूहिक जन्मदिन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रामगढ़ :** बिहार फाउंड्री एंड कास्टिंग्स लिमिटेड (बीएफसीएल) में कर्मचारियों के प्रति सम्मान और संगठनात्मक संस्कृति को सशक्त बनाने की दिशा में एक अनूठी पहल के तहत मई माह में जन्मदिन मनाने वाले 148 कर्मचारियों का सामूहिक जन्मदिन समारोह धूमधाम से मनाया गया। पीपुल फर्स्ट कल्चर और वन सेलिब्रेशन, मेनी स्माइल्स थीम पर आयोजित इस कार्यक्रम ने पूरे परिसर को उत्साह, उमंग और पारिवारिक माहौल से सराबोर कर दिया। 30 मई को आयोजित इस विशेष समारोह में जीएफए, एचएसपीए तथा हेड ऑफिस रांची के कर्मचारियों ने सहभागिता निभाई। विभिन्न विभागों के कर्मचारियों ने एक साथ मिलकर जन्मदिन का जश्न मनाया और संगठन में आपसी सौहार्द व एकता का संदेश दिया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागाध्यक्षों की गरिमामयी उपस्थिति रही। उनकी सहभागिता ने कर्मचारियों का उत्साह बढ़ाया और यह संदेश दिया कि संस्था अपने प्रत्येक कर्मी को परिवार का महत्वपूर्ण सदस्य मानती है। आयोजन एचएसपी कैंटीन, जीएफए कैंटीन एवं मुख्य कार्यालय परिसर में किया गया। समारोह के दौरान सामूहिक केक कटिंग की गई। जन्मदिन मनाने वाले सभी कर्मचारियों को शुभकामनाएं दी गईं और उनके योगदान की सराहना की गई। पूरे आयोजन में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला, जहां कर्मचारियों ने खुशी और आत्मीयता के साथ इस पल को साझा किया। वरिष्ठ अधिकारियों ने अपने संबोधन में कहा कि कर्मचारियों की निष्ठा, मेहनत और समर्पण ही कंपनी की निरंतर प्रगति का आधार है। ऐसे आयोजन संगठन में विश्वास, सहयोग और पारिवारिक संबंधों को मजबूत बनाते हैं तथा कार्यस्थल को अधिक सकारात्मक और प्रेरणादायक बनाते हैं। बीएफसीएल प्रबंधन ने कहा कि कर्मचारियों की खुशियां ही संस्था की सबसे बड़ी पूंजी हैं। इसी सोच के साथ सभी जन्मदिनधारी कर्मचारियों को उज्ज्वल भविष्य, उत्तम स्वास्थ्य और सुखद जीवन की शुभकामनाएं दी गईं।

## जेजे कॉलेज के स्थानांतरण के विरोध में झामुमो की प्रेस वार्ता, यथास्थिति बनाए रखने की मांग

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**कोडरमा :** कोडरमा जिला झारखंड मुक्ति मोर्चा छात्र मोर्चा तथा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष सुधाकर यादव तथा मोहम्मद सद्दाम के संयुक्त नेतृत्व में पार्टी के जिला अध्यक्ष वीरेंद्र पांडे के आवासीय कार्यालय चंदवारा में जगन्नाथ जैन कॉलेज के जेसी बोस विश्वविद्यालय गिरिडीह में स्थानांतरण को लेकर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। जिसमें जिला अध्यक्ष वीरेंद्र पांडे जिला प्रवक्ता वीरेंद्र मिश्रा जिला संगठन सचिव मोहम्मद कुदूस तथा पार्टी के कई एक पदाधिकारी मौजूद थे। पत्रकारों के बीच में अपनी बातों को रखते हुए छात्र मोर्चा जिला अध्यक्ष तथा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष ने स्पष्ट शब्दों में कहा की जगन्नाथ जैन महाविद्यालय किसी भी सूरत में गिरिडीह विश्वविद्यालय में ट्रांसफर नहीं होने देंगे। इसकी यथा स्थिति बनी रहेगी महाविद्यालय के विद्यार्थियों के साथ अन्याय नहीं होगा। जिला समिति विद्यार्थियों की भावनाओं को देखते हुए राज्य सरकार के साथ संपर्क में है और सरकार ने पूरी तरह आश्वासन दिया है की विद्यार्थियों की भावनाओं का आदर किया जाएगा और महाविद्यालय की यथा स्थिति रहेगी प्रेस कॉन्फ्रेंस में मौजूद लोगों ने कल की घटना को लेकर निराशा प्रकट किया तथा यह उम्मीद जताया कि भविष्य में इस तरह की हंगामा की नौबत नहीं आएगी क्योंकि कल विरोध करते हुए विद्यार्थियों के साथ कुछ विरोधी दलों के लोगों ने रोड जाम करने का प्रयास किया था। इस परिस्थिति में आम जन को हुई असुविधा के लिए जिला समिति ने चिंता जाहिर किया है और जिला प्रशासन से यह मांग किया है कि भविष्य में ऐसे हंगामे की स्थिति पैदा नहीं हो इसके लिए ठोस कदम उठाए जाएं जिला अध्यक्ष वीरेंद्र पांडे अपनी बातों को रखते हुए स्पष्ट शब्दों में कहा कि कल की घटना दुर्भाग्यपूर्ण है तथा यह सारी कार्रवाई स्थानीय सांसद के इशारे पर की गई है। जिला प्रवक्ता वीरेंद्र मिश्रा ने अपनी बातों को रखते हुए कहा की भारतीय जनता पार्टी का रवैया शिक्षा के प्रति काफी उदासीन रहा है। यही कारण है की 2024 तथा 2026 में निट जैसी महत्वपूर्ण परीक्षा पारदर्शी व्यवस्था के तहत कराने में भारतीय जनता पार्टी का केंद्रीय नेतृत्व विफल रहा है जिसका परिणाम है की डॉक्टर बनने का सपना रखे हुए। विद्यार्थी आज आत्महत्या करने के लिए दिवस है भक्ताओं ने संयुक्त रूप से यह बयान जारी करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी को झारखंड का विकास दिखाई नहीं देता है जहां महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कारगर कदम उठाए जा रहे हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### नशा छोड़ें, भविष्य जोड़ें : कुज्जु ओपी से उठी जनजागरण की मजबूत आवाज




**रामगढ़ :** समाज को नशामुक्त बनाने और युवाओं को सकारात्मक दिशा देने के उद्देश्य से कुज्जु ओपी परिसर में नशा मुक्ति जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय ग्रामीणों, युवाओं और सामाजिक प्रतिनिधियों ने भाग लेकर नशे के खिलाफ एकजुट होकर जनजागरण चलाने का संकल्प लिया। अभियान के दौरान लोगों को संबोधित करते हुए कुज्जु ओपी प्रभारी आशुतोष सिंह ने कहा कि नशा केवल व्यक्ति को ही नहीं, बल्कि पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करता है। उन्होंने कहा कि यदि प्रत्येक नागरिक नशे के खिलाफ जागरूकता फैलाने का दायित्व निभाए, तो समाज को इस बुराई से मुक्त किया जा सकता है। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों से अपील की गई कि वे स्वयं नशे से दूर रहें और अपने आसपास रहने वाले ग्रामीणों, मित्रों, युवाओं तथा परिजनों को भी नशा नहीं करने के लिए प्रेरित करें। साथ ही गांव-गांव में नशा मुक्ति अभियान चलाकर स्वस्थ समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया गया। वक्ताओं ने कहा कि नशे की लत युवाओं के भविष्य को बर्बाद कर रही है। ऐसे में शिक्षा, खेल, सामाजिक गतिविधियों और सकारात्मक सोच के माध्यम से युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ना आवश्यक है। समाज की प्रगति तभी संभव है जब युवा वर्ग नशे से दूर रहकर राष्ट्र निर्माण में अपनी भागीदारी निभाए। अभियान के अंत में उपस्थित ग्रामीणों ने नशामुक्त समाज और स्वस्थ भारत के निर्माण का सामूहिक संकल्प लिया। सभी ने यह प्रण किया कि वे स्वयं किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहेंगे तथा अपने क्षेत्र में जागरूकता फैलाकर अन्य लोगों को भी इस सामाजिक बुराई से बचाने का प्रयास करेंगे। कार्यक्रम को ग्रामीणों ने सराहनीय पहल बताते हुए ऐसे अभियान लगातार चलाने की मांग की।

### गांव-गांव सुरक्षा का मजबूत पहरा, रामगढ़ पुलिस ने चौकीदारों को सौंपा सतर्कता का जिम्मा



**रामगढ़ :** जिले में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा ग्रामीण क्षेत्रों में सूचना तंत्र को मजबूत करने के उद्देश्य से रामगढ़ पुलिस द्वारा विशेष चौकीदारी परेड का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर 31 मई को जिले के सभी थाना एवं ओपी परिसरों में चौकीदारी परेड आयोजित कर चौकीदारों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। परेड के दौरान थाना एवं ओपी प्रभारियों ने अपने-अपने क्षेत्र के चौकीदारों को ब्रीफ करते हुए उनकी जिम्मेदारियों की विस्तार से जानकारी दी। उन्हें निर्देशित किया गया कि वे अपने बीट क्षेत्र में लगातार भ्रमणशील रहें और स्थानीय स्तर पर होने वाली गतिविधियों पर पैनी नजर बनाए रखें। पुलिस अधिकारियों ने चौकीदारों से कहा कि वे अपने क्षेत्र में किसी भी संदिग्ध गतिविधि, आपराधिक गतिविधि, सामाजिक तनाव, अवैध कारोबार अथवा कानून-व्यवस्था से जुड़ी किसी भी सूचना को तत्काल संबंधित थाना या ओपी तक पहुंचाएं। समय पर प्राप्त सूचना अपराध नियंत्रण और शांति व्यवस्था बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। परेड में इस बात पर विशेष बल दिया गया कि चौकीदार ग्रामीण समाज और पुलिस प्रशासन के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी हैं। गांवों की छोटी-बड़ी घटनाओं, विवादों और संभावित समस्याओं की जानकारी समय रहते उपलब्ध कराकर वे अपराध रोकथाम में अहम योगदान दे सकते हैं। पुलिस अधिकारियों ने चौकीदारों से अपने दायित्वों का ईमानदारी और सजगता के साथ निर्वहन करने की अपील की। उन्होंने कहा कि सक्रिय चौकीदारी व्यवस्था से न केवल अपराधों पर अंकुश लगेगा बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षा और विश्वास का वातावरण भी मजबूत होगा।पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया कि आम जनता, चौकीदारों और पुलिस के आपसी समन्वय से ही सुरक्षित और अपराधमुक्त समाज का निर्माण संभव है। इसी उद्देश्य से चौकीदारों को लगातार सक्रिय और सतर्क रहने का निर्देश दिया गया।

### विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर विधिक जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन

**कोडरमा :** झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के निर्देश के आलोक में जिला विधिक सेवा प्राधिकार कोडरमा के तत्वावधान में चंदवारा प्रखंड के मदनगुंडी पंचायत भवन में आज रविवार को विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। विदित हो कि इन दिनों पूरे जिले में झालसा के निर्देश पर 90 दिवसीय गहन जागरूकता कार्यक्रम एवं विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया जा रहा है।इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव गौतम कुमार ने कहा कि आज के समय में नशा के सेवन से पूरी तरह मुक्त होना होगा तभी उनका शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक विकास संभव है। नशीले पदार्थों के सेवन से व्यक्ति अपना मानसिक संतुलन खो देता है और वह मानसिक अवसाद की स्थिति में कोई भी अपराध कारित कर देता है जिसका पश्चाताप उसे जीवन भर होता है। उन्होंने लोगो से अपील करते हुए कहा कि नशे की लत से पूरी तरह छुटकारा पाकर व्यक्ति अपने व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास कर सकता है तथा समाज की मुख्य धारा में शामिल होकर स्वच्छ एवं स्वस्थ समाज के निर्माण में अहम भागीदारी निभा सकता है। इस अवसर पर चीफ एल ए डी सी नवल किशोर ने उपस्थित लोगो को संबोधित करते हुए कहा कि नशा के कारण आज की युवा पीढ़ी अपने जीवन को तबाह करने को आमादा है। नशा के कारण ही आज समाज में आपराधिक गतिविधियों में काफी इजाफा हुआ है। सभी आपराधिक गतिविधियों के पीछे नशा का ही हाथ होता है।

### डॉ. चंद्रिका वर्मा की कविता 'नारी शक्ति' ने जगाया सम्मान और सशक्तिकरण का संदेश

**झुमरीतिलैया :** समाज में नारी के अदम्य साहस, त्याग, ममता और शक्ति को समर्पित साहित्यकार एवं समाजसेवी डॉ० चंद्रिका प्रसाद वर्मा की प्रेरणादायक कविता नारी शक्ति इन दिनों जनमानस के बीच विशेष चर्चा का विषय बनी हुई है। ग्राम समलडीह, सतगावां निवासी डॉ०चंद्रिका वर्मा ने अपनी सशक्त रचना के माध्यम से यह संदेश दिया है कि नारी केवल परिवार की शोभा नहीं, बल्कि सम्पूर्ण सृष्टि की आधारशिला और शक्ति का दिव्य स्वरूप है। कविता में डॉ० चंद्रिका वर्मा ने नारी को मां लक्ष्मी, मां पार्वती, मां सरस्वती और मां काली का स्वरूप बताते हुए कहा है कि नारी हर रूप में पूजनीय, शक्तिशाली और सृजन की प्रतीक है। उन्होंने अपनी पंक्तियों के माध्यम से समाज को यह समझाने का प्रयास किया कि नारी को कभी कमजोर नहीं समझना चाहिए, क्योंकि उसके भीतर अपार शक्ति और धैर्य का भंडार समाहित है। कविता में जनकनंदिनी सीता, राधा और द्रौपदी जैसी महान नारियों के प्रसंगों को अत्यंत भावपूर्ण ढंग से प्रस्तुत किया गया है। द्रौपदी चीरहरण प्रसंग के माध्यम से नारी अस्मिता की रक्षा और ईश्वरीय शक्ति का संदेश दिया गया, वहीं सीता और राधा के माध्यम से मयार्दा, प्रेम और धैर्य की अनुपम व्याख्या की गई। डॉ० चंद्रिका वर्मा ने वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई की अदम्य वीरता, मीरा की अटूट भक्ति तथा माता अनुसूइया के तप और त्याग का उल्लेख करते हुए बताया कि भारतीय संस्कृति में नारी शक्ति का गौरवशाली इतिहास रहा है।

## एक नजर

### युवक का शव बरामद जांच में जुटी पुलिस

**पूर्वी सिंहभूम** : शहर के उलीडीह ओपी क्षेत्र के आदिवासी क्लब के समीप झाड़ियों से रविवार सुबह एक युवक का शव पुलिस ने बरामद किया है। सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत और चर्चा का माहौल है। मृतक की पहचान शकोंसाई रोड नंबर-2 निवासी 24 वर्षीय विकास सिंह के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए एमजीएम मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया है। प्रारंभिक जांच में विकास के सिर पर किसी धारदार हथियार से किए गए कई गहरे वार के निशान पाए गए हैं। पुलिस को आशंका है कि हत्या कहीं और करने के बाद शव को झाड़ियों में फेंका गया है। परिजनों ने बताया कि विकास सिंह शनिवार देर रात अपने भगिने से मिलने उलीडीह क्षेत्र गया था। मुलाकात के बाद वह घर लौटने के लिए निकला, लेकिन रात काफी बीत जाने के बाद भी घर नहीं पहुंचा। परिवार के सदस्यों ने उससे लगातार संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन उसका मोबाइल फोन बंद मिला। इसके बाद परिजन पूरी रात उसकी तलाश में जुटे रहे, मगर उसका कोई सुराग नहीं मिला। रविवार सुबह उलीडीह की एक युवती ने परिजनों को फोन कर बताया कि आदिवासी क्लब के पास झाड़ियों में एक युवक का शव पड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही परिवार के सदस्य मौके पर पहुंचे। शव को देखते ही उन्होंने उसकी पहचान विकास सिंह के रूप में की। पहचान होते ही परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। घटना की खबर मिलते ही रिश्तेदार और मोहल्ले के लोग भी घटनास्थल पर पहुंच गए।

### राशन नहीं मिलने पर उपायुक्त से लगाई न्याय की गुहार

**पश्चिमी सिंहभूम** : पश्चिमी सिंहभूम जिले के चाईबासा निवासी रविन्द्र ठाकुर ने जन वितरण प्रणाली (पीडीएस) के एक दुकानदार पर छह वर्षों से पूरा राशन नहीं देने का आरोप लगाते हुए उपायुक्त से न्याय की गुहार लगाई है। उन्होंने इस संबंध में एक लिखित आवेदन सौंपकर मामले की निष्पक्ष जांच कराने और दोषी पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। रविवार को रविन्द्र ठाकुर ने बताया कि उनके राशन कार्ड संख्या 202005265297 में परिवार के पांच सदस्य दर्ज हैं, लेकिन उन्हें पिछले छह वर्षों से केवल एक यूनिट के आधार पर राशन दिया जा रहा है। उनका आरोप है कि बड़ी बाजार स्थित पीडीएस दुकान के संचालक निसार अहमद परिवार के सभी सदस्यों के हिस्से का राशन नहीं देते हैं। उन्होंने कहा कि जब भी वे पूरे परिवार के अनुपात में राशन और अन्य सरकारी सामग्री की मांग करते हैं, तो उनके साथ दुर्व्यवहार किया जाता है। आवेदन में रविन्द्र ठाकुर ने यह भी आरोप लगाया है कि कोरोना काल के दौरान मिलने वाली कई सरकारी सुविधाओं से भी उन्हें वंचित रखा गया।

### कई युवाओं ने ग्रहण की जेएलकेएम की सदस्यता

**खूंटी** : झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) की ओर से रविवार को खूंटी प्रखंड के हुटार चौक के समीप सदस्यता अभियान चलाया गया, जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर संगठन से जुड़ने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन बीरेन्द्र लुगुन एवं सुरेश टोपनो ने संयुक्त रूप से किया, जबकि अभियान का नेतृत्व अर्पित संगा ने किया। सभा की अध्यक्षता विश्वकर्मा उरांव और हरेन्द्र सिंह ने की। अभियान के दौरान जेएलकेएम के जिला अध्यक्ष कुमार ब्रजकिशोर सहित जिला स्तरीय पदाधिकारियों ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि जयराम महतो के नेतृत्व में जेएलकेएम सभी जाति, समुदाय और युवाओं की आवाज बनकर उभर रही है।

## 35 लाख की लागत से बने चार पीसीसी सड़क का विधायक ने किया उद्घाटन

# बेहतर सड़क और आधारभूत सुविधाएं ग्रामीण विकास की रीढ़ हैं : सविता महतो

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**ईचागढ़** : ईचागढ़ की विधायक सविता महतो ने रविवार को चांडिल प्रखंड क्षेत्र में विधायक मद से लगभग 35 लाख रुपये की लागत से निर्मित चार पीसीसी सड़कों का विधिवत शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन किया। इसके साथ ही चांडिल डैम रोड में पक्की नाली निर्माण कार्य का भी शिलान्यास किया गया। इस अवसर पर विधायक सविता महतो ने बताया कि क्षेत्र के ग्रामीणों की लंबे समय से चली आ रही मांग को देखते हुए विभिन्न गांवों में सड़क निर्माण कार्य कराया गया है। उन्होंने कहा कि बेहतर सड़क और आधारभूत सुविधाएं ग्रामीण विकास की रीढ़ हैं तथा इससे लोगों के आवागमन में काफी सुविधा होगी।उद्घाटन किए गए कार्यों में आसनबनी पंचायत के तालगोड़ा में पुराना टीसी एनएच-33 पथ से तालगोड़ा स्कूल तक 300 फीट पीसीसी सड़क एवं एक पुलिया का निर्माण 13.90 लाख रुपये की लागत से किया गया है। वहीं तामुलिया के बारी कॉलोनी में भरत महतो के घर से केशव राम के घर तक 550 फीट पीसीसी सड़क का निर्माण 7.85 लाख रुपये की लागत से कराया गया। इसके अलावा चिलगु पंचायत के भुईयांडीह टोला में पाथरडीह आरईओ रोड से गोपाल टुडू के घर तक 400 फीट पीसीसी सड़क का निर्माण 5.71 लाख रुपये तथा सिकली में पुराने बंद रेलवे फाटक से आगे 500 फीट पीसीसी सड़क का निर्माण 7.25 लाख रुपये की लागत से कराया गया।




इस दौरान जिला परिषद सरायकेला-खरसावां से स्वीकृत 5.98 लाख रुपये की लागत से बनने वाली चांडिल डैम रोड में समीर की दुकान से जगदीश सिंह के घर तक पक्की नाली निर्माण कार्य का भी शिलान्यास किया गया। विधायक सविता महतो ने कहा कि आज तक आसनबनी पंचायत के तालगोड़ा में पक्की सड़क का निर्माण नहीं होने से ग्रामीणों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता था जिसे प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया गया। इस दौरान ग्रामीणों ने पेयजल के समस्या से भी अगवत कराया विधायक ने जल्द चापाकल निर्माण करवाने का आश्वासन दिए। उन्होंने कहा उनकी प्राथमिकता ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क, नाली, पेयजल और अन्य मूलभूत सुविधाओं का विस्तार करना है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि क्षेत्र के समग्र विकास के लिए लगातार प्रयास जारी रहेंगे और जनता की आवश्यकताओं के अनुरूप विकास योजनाओं को धरातल पर उतारा जाएगा। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य पिंकी लायेक, झामुमो केंद्रीय सदस्य ओम प्रकाश लायेक, काबलु महतो, जिला सचिव बैधनाथ टुडू, दिलीप महतो, धर्मु गोप, आशीष महतो, मंटू गोराई, दिगविजय गोराई, मधु सुदन दास, सुनील पहाड़िया, शंकर लायेक, बादल महतो, मो मेहताब, इरशाद, रजिया सुल्ताना, अशोक दास, बिल्टू राय, राजेश सिंह, मिलन तंतुवाई समेत बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

## सड़क हादसे में दो किशोरों की मौत

**पश्चिमी सिंहभूम** : पश्चिमी सिंहभूम जिले के मनोहरपुर थाना क्षेत्र में रविवार को हुए एक सड़क हादसे में दो किशोरों की मौत हो गई। दोनों दोस्त स्कूटी चलाना सीखने के लिए घर से निकले थे, लेकिन रास्ते में कलवर्ट पुलिया के पास संतुलन बिगड़ने से उनकी स्कूटी दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस हादसे के बाद पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल है। पुलिस के अनुसार,मृतकों की पहचान पुराना मनोहरपुर निवासी संजय लोहार के पुत्र वतन लोहार (14) और ओम सांडिल के रूप में हुई है। हादसा उस वक्त हुआ जब दोनों किशोर अपने एक मित्र की स्कूटी लेकर अभ्यास करने के लिए मैदान की ओर जा रहे थे। इसी दौरान नाले पर बनी कलवर्ट पुलिया के पास स्कूटी अनियंत्रित हो गई और दोनों वाहन समेत नीचे गिर गए।

## बीएड प्रवेश परीक्षा में बवाल: परीक्षा केंद्र में एंट्री नहीं मिलने पर हंगामा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पूर्वी सिंहभूम** : बीएड, एमएड और बीपीएड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा के दौरान रविवार को जमशेदपुर के ग्रेजुएट कॉलेज परीक्षा केंद्र पर उस समय तनावपूर्ण स्थिति उत्पन्न हो गई, जब कई अभ्यर्थियों को परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी गई। इससे नाराज छात्रों ने परीक्षा केंद्र के बाहर विरोध प्रदर्शन किया और परीक्षा संचालन व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठाए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कुछ अभ्यर्थियों ने परीक्षा में शामिल होने की मांग को लेकर कॉलेज के मुख्य गेट पर चढ़ने का प्रयास किया, जबकि कुछ छात्रों ने गेट फांदकर अंदर जाने की कोशिश भी की। घटना के बाद केंद्र के बाहर काफी देर तक हंगामे की स्थिति बनी रही।



अभ्यर्थियों का कहना है कि परीक्षा के लिए रिपोर्टिंग समय सुबह 10:15 बजे निर्धारित था और परीक्षा 10:30 बजे शुरू होनी थी। उनका आरोप है कि वे परीक्षा शुरू होने से पहले ही कॉलेज परिसर पहुंच गए थे, लेकिन प्रवेश द्वार पर दस्तावेजों की जांच और अन्य प्रक्रियाओं में देरी के कारण उन्हें समय पर अंदर नहीं जाने दिया गया। छात्रों के अनुसार गेट पर तैनात कर्मियों ने उन्हें प्रतीक्षा करने के लिए कहा, जिससे उनका समय बर्बाद हुआ और बाद में उन्हें प्रवेश से वंचित कर दिया गया।

कई छात्रों ने आरोप लगाया कि परीक्षा शुरू होने से ठीक पहले कुछ अभ्यर्थियों को अंदर जाने दिया गया, जबकि अन्य को रोक दिया गया। इससे छात्रों में असंतोष और बढ़ गया। उनका कहना था कि यदि कुछ अभ्यर्थियों को अंतिम समय में प्रवेश दिया जा सकता है तो उन्हें परीक्षा देने का अवसर क्यों नहीं मिला।

परीक्षा से वंचित छात्रों का कहना है कि वे भले ही रिपोर्टिंग समय से कुछ मिनट देरी से पहुंचे हों, लेकिन परीक्षा शुरू होने से पहले केंद्र पर मौजूद थे। इसके बावजूद उन्हें परीक्षा कक्ष में प्रवेश नहीं दिया गया। उनका मानना है कि इस फैसले से उनका पूरा शैक्षणिक वर्ष प्रभावित हो सकता है।

छात्रा प्रिया सिंह, हाजरा खातून, जियासवारी दास और ज्योति समेत कई अभ्यर्थियों ने आरोप लगाया कि मामूली देरी को आधार बनाकर उन्हें परीक्षा से बाहर कर दिया गया। उन्होंने इसे अन्यायपूर्ण बताते हुए मामले की जांच और उचित कार्रवाई की मांग की।

## संगठन और समर्पण की भट्ठी में तपकर जो नेतृत्व निखरता है, उसकी चमक कभी फीकी नहीं पड़ती

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सरिया** : डॉ. रविंद्र कुमार राय एक ऐसा ही नाम है, जिसने अपनी सादगी, निष्ठा और कड़े संघर्ष के दम पर जमीन से उठकर आसमान तक का सफर तय किया है।वे सिर्फ एक राजनेता नहीं, बल्कि झारखंड की माटी की एक सशक्त आवाज हैं। डॉ. रविंद्र कुमार राय जी का राजनीतिक जीवन भारतीय जनता पार्टी के सिद्धांतों और जनसेवा की प्रतिमूर्ति रहा है।



राजधनवार के जनप्रिय विधायक के रूप में जन-समस्याओं के खिलाफ मुखर आवाज बने। कोडरमा के ओजस्वी सांसद के तौर पर क्षेत्र की विकास यात्रा को नई ऊंचाइयों पर ले गए। झारखंड सरकार में खनन एवं उद्योग मंत्री रहते हुए राज्य के विकास की ठोस नींव रखी।

झारखंड बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष के रूप में संगठन को नई ऊर्जा दी और कार्यकताओं के दिल में वास किया डॉ रविंद्र कुमार राय की नेतृत्व में 2014 लोकसभा चुनाव में 14 में 12 सीट तथा विधानसभा में पूर्ण बहुमत की सरकार बनाया । जिस नेता ने अपना पूरा जीवन पार्टी और जनता के लिए समर्पित कर दिया, आज समय है उनके अनुभव और निष्ठा को एक नया मंच देने का। कोडरमा क्षेत्र की देवतुल्य जनता और कर्मठ कार्यकताओं की आज भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व से यह पुरजोर मांग है कि डॉ. राय का राज्यसभा में जाना सिर्फ एक व्यक्ति का सम्मान नहीं होगा, बल्कि झारखंड के लाखों कार्यकताओं के संघर्ष और कोडरमा की जनता की भावनाओं का सम्मान होगा। उनके जैसे अनुभवी, संगठन शिल्पी और बेदाग छवि के नेता के संसद के उच्च सदन में होने से झारखंड के हितों को एक नया आयाम मिलेगा।

## पुत्री की डंडे से पीटकर हत्या, आरोपी पिता को ग्रामीणों ने पेड़ से बांधा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पश्चिमी सिंहभूम** : पश्चिमी सिंहभूम जिले के मंझारी थाना क्षेत्र अंतर्गत तांतनगर ओपी के खेड़ियाटांगर गांव में शनिवार रात एक पिता ने अपनी पुत्री की डंडे से मारकर हत्या कर दी। ग्रामीणों के अनुसार लालसिंह पूर्ति ने अपनी छह वर्षीय पुत्री सोनिया पूर्ति की डंडे से पीटकर हत्या कर दी। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने आरोपित को पकड़कर पेड़ से बांध दिया और पुलिस को मामले की सूचना दी।

ग्रामीणों के अनुसार, शनिवार रात सोनिया पूर्ति घर में सो रही थी। इसी दौरान उसके पिता लालसिंह पूर्ति ने अचानक डंडा उठाकर उस पर हमला कर दिया। बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। इसके बाद आरोपित ने अपनी पत्नी पर भी हमला किया और आसपास मौजूद लोगों को भी मारने का प्रयास करने लगा। उसकी हरकतों से परिवार और गांव के लोग दहशत में आ गए।

टांगर पोखरिया के मुखिया मंगल सिंह पूर्ति ने बताया कि लालसिंह पूर्ति पिछले तीन-चार दिनों से बीमार था। घटना के समय उसका व्यवहार भी सामान्य नहीं लग रहा था। जब उसने अपनी बेटी पर हमला किया और अन्य लोगों को मारने के लिए दौड़ाने लगा, तब ग्रामीणों ने किसी तरह उसे काबू में किया और पेड़ से बांध दिया। घायल सोनिया को तत्काल इलाज के लिए सदर अस्पताल चाईबासा ले जाया गया, लेकिन चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। बच्ची की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। मृत बच्ची की मां ने बताया कि लालसिंह पिछले दो-तीन दिनों से ठीक से खाना-पीना नहीं कर रहा था। उसे बुखार भी था और वह नियमित रूप से दवा नहीं ले रहा था।

## प्रतिबंधित पशु के अवशेष मिलने पर हंगामा, दो गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चतरा** : चतरा जिले के इटखोरी प्रखंड स्थित बक्शा डैम में रविवार सुबह प्रतिबंधित पशु के अवशेष मिलने के बाद क्षेत्र में तनाव का माहौल उत्पन्न हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के गांवों के लोग आक्रोशित हो उठे और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया।

ग्रामीणों ने नगवां चौक के समीप इटखोरी-चतरा मुख्य मार्ग को जाम कर प्रशासन के प्रति अपनी नाराजगी जताई। करीब एक घंटे तक चले सड़क जाम के कारण यातायात प्रभावित रहा और मार्ग के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। प्रदर्शन कर रहे लोगों ने मामले की निष्पक्ष जांच तथा दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। सूचना मिलने पर पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) सुनील कुमार सिंह, थाना प्रभारी अभिषेक कुमार सिंह और अंचल अधिकारी सविता सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और लोगों को भरोसा दिलाया कि मामले की गंभीरता से जांच कर दोषियों के खिलाफ विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मामले की जांच शुरू की और कुछ ही घंटों के भीतर दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपितों में पृथ्वीपुर गांव निवासी मोहम्मद इस्लाम और मोहम्मद इकराम शामिल है।




पुलिस के अनुसार, प्रारंभिक पूछताछ में दोनों आरोपितों ने प्रतिबंधित पशु की कुबार्नी देने की बात स्वीकार की है। जांच में यह भी सामने आया कि घटना की जानकारी सार्वजनिक होने और कानूनी कार्रवाई के भय से उन्होंने साक्ष्य मिटाने के उद्देश्य से पशु के अवशेष डैम में फेंक दिए थे। इसके बाद थाना प्रभारी के नेतृत्व में आरोपितों के घरों पर छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान एक फ्रिज से प्रतिबंधित मांस बरामद किया गया। पुलिस ने बरामद सामग्री को जब्त कर थाना ले जाकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है।

विरोध प्रदर्शन की सूचना पर पहुंचे पुलिस उपाधीक्षक सुनील कुमार सिंह ने ग्रामीणों से बातचीत कर उन्हें निष्पक्ष जांच और दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया। प्रशासन के आश्वासन के बाद प्रदर्शनकारियों ने सड़क जाम समाप्त कर दिया, जिसके बाद यातायात सामान्य हो सका। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मामले की विस्तृत जांच जारी है। घटना में अन्य व्यक्तियों की संलिप्तता की भी जांच की जा रही है। प्रशासन ने लोगों से शांति बनाए रखने तथा अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की है।


## संक्षिप्त खबरें

### विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर ग्रामीणों को दिलाया गया संकल्प



**पटमदा** : डालसा सचिव के निर्देशानुसार पटमदा प्रखण्ड के जामडीह तथा झुझका गांव में विश्व तम्बाकू निषेध दिवस में तम्बाकु तथा धुम्रपान के खिलाफ जागरुकता कार्यक्रम किया गया।जानकारी देते हुए पीएलभी नंदा रजक ने बताया कि लोगों को तम्बाकू के घातक प्रभावों के बारे में जागरुकता फैलाया गया। ग्रामीणों को अपने अपने परिवार में नशा की लत को बाहर निकलने की शपथ दिलाया गया। 90 दिवसीय गहन जन संपर्क अभियान में नि:शुल्क विधिक सेवा सह सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दिया गया। कार्यक्रम में पटमदा के पीएलभी का योगदान रहा।

### ट्रेलर की चपेट में आने से साइकिल सवार गंभीर, दोनों पैर कुचले




**ईचागढ़** : सरायकेला-खरसावां जिले के नीमडीह थाना क्षेत्र के पुरुलिया-धनबाद राष्ट्रीय उच्च पथ -32 पर रविवार सुबह पितकी गेट के समीप अनियंत्रित ट्रेलर संख्या JH 05 DY 0607 ने साइकिल सवार कालिया गोप को टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद वह सड़क पर गिर पड़े और ट्रेलर का अगला पहिया उनके ऊपर चढ़ गया, जिससे उनका दो पैर बुरी तरह कुचल गया। मिली जानकारी के अनुसार स्थानीय लोगों की सुचना पर चांडिल स्टेशन के आरपीएफ के जवान मौके पर पहुंचे और ट्रेलर चालक को पकड़ कर नीमडीह पुलिस को सौंप दिया। घायल कालिया गोप को तत्काल 108 एंबुलेंस के माध्यम से एमजीएम अस्पताल, जमशेदपुर भेजा गया, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। घटना की सूचना मिलने पर नीमडीह थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची और वाहन व चालक को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई में जुटी। थाना प्रभारी संतन तिवारी ने बताया कि नीमडीह थाना क्षेत्र के चिंगड़ीडीह गांव निवासी 45 वर्षीय कालिया गोप रविवार सुबह राशन लेने गया था,वापस लौटने के दौरान वह तेज रफ्तार ट्रेलर की चपेट में आ गया। बताया जा रहा है कि कालिया गोप अपने परिवार के इकलौते कमाने वाले सदस्य हैं। हादसे में गंभीर रूप से घायल होने के कारण परिवार के सामने आजीविका का संकट खड़ा हो गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पितकी गेट के पास यह दूसरी बड़ी सड़क दुर्घटना है। इससे पहले भी यहां एक व्यक्ति की जान जा चुकी है। लोगों ने उक्त सड़क पर स्पीड ब्रेकर और चेतावनी बोर्ड लगाने की मांग की है। बताया जा रहा है कि घायल कालिया गोप की स्थिति गंभीर बनी हुई है।

### विश्व तम्बाकू दिवस पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन



**ईचागढ़** : जिला विधिक सेवा प्राधिकार सरायकेला की ओर से नीमडीह प्रखंड अंतर्गत लुपुंगडीह पंचायत के तनकोचा ग्राम में विश्व तम्बाकू निषेद दिवस के अवसर पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में डीएलएसए के पीएलवी शुभंकर महतो ने ग्रामीणों को तंबाकू एवं उससे बने उत्पादों के सेवन से होने वाली गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं तथा उससे संबंधित कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी गई। साथ ही नाशला की विभिन्न योजनाओं व सरकारी जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गयी। शिविर में ग्रमीणों येके बीच कानूनी पुस्तिका व पर्ची का वितरण किया गया। इस अवसर पीएलवी स्नेहलता महतो, सुकरंजन कुमार, साधन महतो, अम्बूज गोप, सुरज मुर्मू, सुकुरमनी सोरेन, ठाकूदास माझी, गयाराम माझी, सोनाराम माझी, बाघार माझी, लखीराम माझी, दुर्गा माझी, सुबोध चन्द्र सिंह, अशोक सिंह सरदार, बयंकण्ढो सिंह सरदार आदि उपस्थित हुए।

### गुरु अर्जन देव जी की शहादत पर श्रद्धालुओं ने बांटा शर्बत और चना प्रसाद



**पूर्वी सिंहभूम** : सिखों के पांचवें गुरु, महान संत और शहादत के प्रतीक श्री गुरु अर्जन देव जी की 401वीं शहादत को समर्पित एक विशाल छबील का आयोजन रविवार को सोनारी राम मंदिर चौक पर किया गया। यह आयोजन सोनारी गुरुद्वारा संस्थापक सदस्य कमेटी के तत्वावधान में हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में सिख समाज के लोगों के साथ स्थानीय नागरिकों ने भी भाग लिया। भीषण गर्मी के बीच आयोजित इस सेवा कार्यक्रम में राहगीरों, वाहन चालकों और आम लोगों के बीच ठंडा मीठा शर्बत तथा चना प्रसाद वितरित किया गया। सुबह से ही सेवा कार्य में जुटे श्रद्धालुओं ने गुरु परंपरा के अनुरूप निस्वार्थ भाव से लोगों की सेवा की। कार्यक्रम में उन परिवारों और सदस्यों ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई, जिनका योगदान सोनारी गुरुद्वारा साहिब के निर्माण और विकास में रहा है। इस अवसर पर पूर्व मंत्री एवं कांग्रेस नेता बन्ना गुप्ता तथा समाजवादी चिंतक एवं अधिवक्ता सुधीर कुमार पप्पू भी पहुंचे। दोनों नेताओं ने श्रद्धालुओं के साथ मिलकर शर्बत वितरण किया और गुरु अर्जन देव जी के बताए मानवता, सेवा और त्याग के मार्ग को समाज के लिए प्रेरणादायक बताया। उन्होंने कहा कि गुरु अर्जन देव जी की शहादत धार्मिक स्वतंत्रता, मानवाधिकार और सत्य के लिए दिए गए सर्वोच्च बलिदानों में से एक है, जिसकी प्रेरणा आज भी समाज को मिलती है। कार्यक्रम के दौरान संगत के वरिष्ठ सदस्यों, महिलाओं और युवाओं ने बढ़-चढ़कर सेवा कार्य किया। सोनारी थाना शांति समिति के सदस्य प्रदीप लाल, हरिदास, अभय, अरविंद सिंह तथा सामाजिक कार्यकर्ता बाबू माझी सहित कई गणमान्य लोग भी सेवा में शामिल हुए। आयोजन की शुरुआत अरदास के साथ हुई, जिसमें समस्त मानव जाति और विश्व कल्याण की कामना की गई।

# साहिबगंज बना 'दारू मंडी'
## गांव-गली में खुलेआम बिक रहा जहर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज** : जिला स्थापना के 42 साल पूरे हो चुके हैं, पर कानून व्यवस्था आज भी 'नशे' में है। झारखंड के साहिबगंज जिले से एक बार फिर सिस्टम पर बड़ा सवाल खड़ा हो गया है। सवाल आबकारी विभाग पर, सवाल पुलिस पर, और सवाल उस प्रशासनिक इच्छाशक्ति पर जिसके सामने शराब माफियाओं के हौसले आसमान छू रहे हैं। गांव-गांव... गली-गली... बिना लाइसेंस के खुलेआम अवैध शराब बिक रही है। मुफस्सिल से लेकर उधवा, मिजाचौकी से बरहेट तक। हर थाना क्षेत्र के गांवों में 'दारू का अड्डा' चल रहा है। स्थानीय सूत्र बताते हैं कि सुबह होते ही महुआ, स्प्रिट और नकली शराब की भट्टियां धधकने लगती हैं। स्कूल



के पास, मंदिर के पीछे, तालाब किनारे-जहां जगह मिली वहीं ठेका खुल गया। हैरानी की बात ये है कि शिकायतें रोज आती हैं, चचाएं आम हैं, पर कार्रवाई के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति। छापे पड़ते हैं तो 2-4 घड़े तोड़कर फोटो खिंचवा ली जाती है। अगले दिन फिर वही धंधा शुरू। सूत्रों का दावा है कि कुछ क्षेत्रों में अधिकारियों-कर्मचारियों की कथित मिलीभगत के कारण माफियाओं पर हाथ नहीं डाला जा रहा। 24 में से 21 पद खाली वाले उत्पाद विभाग से आखिर उम्मीद भी क्या करें? जब सिपाही ही 15 में से 1 है, तो छापेमारी कौन करेगा? लोगों ने बताया कि सबको पता है कहां-कहां दारू बनती है। पुलिस की गाड़ी निकलती है तो अड्डे वाले पहले ही सतर्क हो जाते हैं। अगर नीयत हो तो एक हफ्ते में पूरा नेटवर्क साफ हो जाए। पर लगता है सिस्टम ही कमजोर है। सवाल उठना लाजमी है कि क्या शराब माफियाओं को सत्ता का साया मिला हुआ है? जब अवैध शराब बिकेगी तो 98 करोड़ का सरकारी टारगेट कैसे पूरा होगा? जहरीली शराब से मौतें होती हैं, घर बर्बाद होते हैं। इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा? आबकारी विभाग से लेकर पुलिस प्रशासन तक सब अंजान बने बैठे हैं। जिले में 48 लाइसेंसी दुकानें हैं, पर अवैध अड्डे 5000 से ज्यादा। ये आंकड़ा खुद सिस्टम की नाकामी की गवाही दे रहा है। शहर के सामाजिक संगठनों और बुद्धिजीवी वर्ग के लोगों का कहना है कि जिले में स्पेशल टास्क फोर्स बनाकर हर महीने विशेष अभियान चलाया जाए। जिन थाना क्षेत्रों में अवैध शराब की शिकायतें सबसे ज्यादा हैं, वहां के थाना प्रभारी की जवाबदेही तय हो। मिलीभगत वाले कर्मियों पर सीधी कार्रवाई हो, सिर्फ ट्रांसफर नहीं। स्थापना दिवस मना रहे साहिबगंज के लिए ये सबसे कड़वा सच है। जब तक गांव-गांव में जहर बिकेगा, तब तक कोई भी 'विकास' अधूरा है। अब देखने वाली बात होगी कि आबकारी विभाग और पुलिस इस नेटवर्क पर बुलडोजर चलाते हैं, या फिर माफियाओं को संरक्षण देकर जनता को मरने के लिए छोड़ देते हैं।

## एक नजर

### एक युवक का शव बरामद, जांच में जुटी पुलिस

**साहिबगंज** : जिरवाबाड़ी थाना अंतर्गत पश्चिम हटिया के समीप कुछ दूरी पर स्थित कलाली पर एक युवक का शव बरामद हुआ है। युवक की पहचान नगर थाना क्षेत्र के नॉर्थ कॉलोनी निवासी राजकुमार 25 वर्ष के रूप में हुई है। जिरवाबाड़ी पुलिस को सूचना मिलते ही शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया जहां डॉक्टर की टीम ने पोस्टमार्टम किया। परिजनों ने बताया कि राजकुमार सुबह 5:00 बजे घर से सामान लाने के लिए निकला था और वह हटिया की ओर गया 10:00 बजे के लगभग वहां के लोगों ने सूचना दिया कि राजकुमार के मूर्छित होकर जमीन पर गिर पड़ा है। परिवार के कुछ लोगों ने वहां पहुंच कर देखा तो वह मृत पड़ा था और शरीर के ऊपर से चमड़ा छूटा हुआ था। सभी लोगों ने उसे सदर अस्पताल लेकर पहुंचा जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। डॉक्टर के अनुसार बताया जा रहा है कि देखने से यह प्रतीत होता है कि किसी हाई टेंशन तार की चपेट में आने से इसकी मौत हुई है, फिलहाल पोस्टमार्टम करने के बाद ही पता चल पाएगा। वह पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### गायत्री परिवार ने निकाली नशा उन्मूलन रैली

**साहिबगंज:** विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर रविवार को गायत्री परिवार द्वारा एक नशा उन्मूलन रैली निकाली गई। रैली में नशा नाश की जड़ है भाई, इनसे दूर रहो मेरे भाई आदि नारे लगाये गये। शहर के चौधरी कॉलोनी स्थित गायत्री शक्तिपीठ से रैली का शुभारंभ किया गया। गायत्री परिवार की महिला मंडल की सदस्यों ने नशा मुक्ति के लिए प्रभावकारी संदेश दिया। मौके पर मौजूद शक्तिपीठ की देवालय संचालन प्रभारी सरिता पोद्दार ने कहा कि एक सौ प्रतिशत सच है कि किसी भी प्रकार का व्यसन व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक, और आर्थिक स्वास्थ्य को पूरी तरह नष्ट कर देता है। यह न केवल एक व्यक्ति, बल्कि पूरे परिवार के सुख और भविष्य को बर्बाद कर देता है। इसलिए हम सभी को नशा से बचना चाहिए। उन्होंने उपस्थित लोगों को नशा नहीं करने का भाव पूर्ण सामूहिक संकल्प कराया। रैली गायत्री शक्तिपीठ से निकलकर ग्रीन होटल मोड स्टेशन चौक पटेल चौक तक पहुंचा। बाद में रैली को करुणामई भारती मधु कुमारी आदि ने भी संबोधित किया। मौके पर युवा समन्वयक ओम प्रकाश उरांव, हरिहर प्रसाद मंडल, राजकिशोर राय, सत्यदेव सिंह, डॉ राधा मोहन मंडल, शिवशंकर निराला, निभा देवी, रेखा देवी, किरण देवी, प्रियंका सोनी, सरिता पोद्दार, करुणामई भारती, मीनू शर्मा, अनीता देवी आदि मौजूद थे।

### आरके हॉस्पिटल में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का हुआ आयोजन

**कोडरमा** : झुमरीतिलैया स्थित महतो अहरा के पास आरके हॉस्पिटल में रविवार को नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। इस निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में डॉ प्रमोद कुमार, डॉ संदेश गुप्ता, डॉ मणिकांत गुप्ता, डॉ अनीश कुमार, डॉ शिल्पी मोदी द्वारा स्वास्थ्य जांच की गई। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर स्वास्थ्य जांच और परामर्श का लाभ उठाया। जांच शिविर में आए लोगों को नि:शुल्क दवाइयाँ, परामर्श एवं आवश्यक उपचार सुविधा भी उपलब्ध कराई गई। जांच शिविर का लाभ लेने के लिए आसपास के क्षेत्रों से भी लोग पहुंचे। शिविर में पहुंचे लोगों ने मुफ्त इलाज और जांच की सुविधा मिलने पर खुशी जताई और आयोजक के प्रति आभार व्यक्त किया। ग्रामीणों के लिए यह शिविर किसी वरदान से कम नहीं रहा, जहां लोगों को विशेषज्ञ डॉक्टरों से नि:शुल्क परामर्श मिला।

## संतुलन बिगड़ने से बाइक दुर्घटनाग्रस्त, चालक घायल



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज** : जिले के बरहेट थाना क्षेत्र के बरहेट-बरहरवा मुख्य सड़क अंतर्गत ढोबडीहा गांव स्थित मोड़ के समीप बाइक चालक का संतुलन बिगड़ने से दुर्घटनाग्रस्त हो गया। जिससे बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बाइक चालक बरमसिया गांव निवासी शरीफ अंसारी (20) अपने छोटे भाई के साथ बरहेट की और आ रहा था। वही मोड़ के समीप विपरित दिशा से अचानक एक स्कॉर्पियो आ गया, जिससे चालक का संतुलन बिगड़ गया। वही सड़क किनारे रखे गिट्टी पत्थर के ऊपर जा गिरा। इस घटना से चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। पीछे सवार उसका भाई को कहीं चोट नहीं लगा। छोटा भाई ने स्थानीय लोगों के मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरहेट लाया गया। जहां ड्यूटी में तैनात डॉक्टर पंकज कर्मकार ने प्राथमिक उपचार किया। वही सिर पर गंभीर चोट लगने के कारण बेहतर इलाज हेतु हायर सेंटर रेफर कर दिया।

## पुलिस ने 48 घंटे में अंधे हत्याकांड का किया खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पाकुड़** : जिले के लिट्टीपाड़ा थाना क्षेत्र के सिमलौंग ओपी अंतर्गत बड़ा चटकम जंगल में मिले एक व्यक्ति के शव मामले का पाकुड़ पुलिस ने महज 48 घंटे में खुलासा कर दिया है। पुलिस ने हत्या में शामिल दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है तथा उनकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त पत्थर भी बरामद किया है। जानकारी के अनुसार 28 मई को बड़ा चटकम जंगल में एक अज्ञात व्यक्ति का सड़ा-गला शव मिलने की सूचना पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। जांच के दौरान मृतक की पहचान गोड्डा जिले के सुंदरपहाड़ी थाना क्षेत्र स्थित राजाभीठा गांव निवासी सुनील पहाड़िया (35 वर्ष) के रूप में हुई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में विशेष अनुसंधान दल (एसआईटी) का गठन किया गया। टीम ने मानवीय, तकनीकी एवं वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए हत्या में संलिप्त जलिया पहाड़िया (28 वर्ष) एवं धर्मा पहाड़िया (30 वर्ष) को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने हत्या में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली। उनकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त पत्थर को भी जब्त कर लिया गया है। पुलिस दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया पूरी कर रही है। छापेमारी दल में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कुमार गौरव, पुलिस निरीक्षक बाबूराम भगत, सिमलौंग ओपी प्रभारी बलवंत दूबे सहित अन्य पुलिसकर्मी एवं सशस्त्र बल शामिल थे।

## मिर्जाचौकी-रक्शी स्थान मार्ग बदहाल जल-जमाव बन सकता है बड़ी दुर्घटना कारण



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज:** जिले के मंडरो प्रखंड के मिर्जाचौकी से वन देवी रक्शी स्थान जाने वाली मुख्य सड़क की स्थिति दिनों-दिन खराब होती ही जा रही है। सड़क कई स्थानों पर टूटकर बड़े-बड़े गड्ढों में तब्दील हो चुकी है, जिससे श्रद्धालुओं सहित आम आवागमन करने वाले लोगों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। लगातार जलजमाव के कारण सड़क पोखरनुमा बन गई है और वाहन चालकों के लिए दुर्घटना का खतरा बढ़ गया है। स्थानीय लोगों के अनुसार सड़क पर जगह-जगह पानी जमा रहने से गड्ढों का अंदाजा नहीं लग पाता, जिसके कारण दोपहिया एवं चारपहिया वाहन चालक अक्सर दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। वहीं सड़क किनारे समुचित नाला नहीं होने से बाजार तथा आसपास के घरों का गंदा पानी सीधे सड़क पर बह रहा है। इससे सड़क की स्थिति और खराब हो गई है तथा क्षेत्र में दुर्गंध फैलने से लोगों का जीना मुहाल हो गया है।

ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व उपायुक्त रामनिवास यादव के कार्यकाल में सड़क एवं नाला निर्माण की समस्या के समाधान के लिए पहल की गई थी। हालांकि उनके स्थानांतरण के बाद यह मामला ठंडे बस्ते में चला गया और अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी है। स्थानीय नागरिकों ने जिला प्रशासन से जल्द सड़क की मरम्मत एवं नाला निर्माण कराने की मांग की है। लोगों को उम्मीद है कि वर्तमान उपायुक्त इस गंभीर समस्या पर संज्ञान लेते हुए आवश्यक कदम उठाएंगे, जिससे क्षेत्रवासियों को आवागमन की बेहतर सुविधा मिल सके और जलजमाव की समस्या से निजात मिल सके।

## झारखंड मजदूर संघ जिला कमेटी की हुई बैठक




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज** : शहर के मछुआ सोसाइटी में झारखंड मजदूर संघ (प्रजा०) जिला कमेटी के अध्यक्ष प्रीतम कुमार पियूष की अध्यक्षता में संगठन मजबूती सदस्यता अभियान और पूर्व में किए गए आंदोलन की समीक्षा की गई। इस बैठक में केंद्रीय महामंत्री राजकुमार यादव एवं केंद्र उपाध्यक्ष फूल कुमारी देवी उपस्थित हुए। केंद्रीय महामंत्री राजकुमार यादव के द्वारा संगठन मजबूती की समीक्षा जिले के सदर प्रखंड साहिबगंज, बोरियो, बरहरवा, पतना प्रखंड और राजमहल नगर, बरहरवा, साहिबगंज नगर कमेटी को भंग किया गया। भंग किए गए प्रखंड और नगर स्तरीय कमेटी का पुनर्गठन 4 जून से 21 जून तक होना तय है। केंद्रीय महामंत्री राजकुमार यादव ने कहा की संगठन को सशक्त बनाने हेतु कार्यकर्ता को जागरूक करने के लिए प्रशिक्षण शिविर 23 जून से प्रारंभ होगी। झारखंड मजदूर संघ महिला जिला कमेटी साहिबगंज पुनर्गठन प्रभारी फूल कुमारी देवी को नियुक्त किया गया। मौके पर मो इमाम, विश्वास, सैयद अख्तर, मनोज मुर्मू, दुर्योधन साहा, सोनिया, पवीन रीता मुर्मू, जावेद अख्तर, मो जियाउल हक, राकेश शर्मा, मुजफ्फरपुर शेख, मो अब्दुल्ला, सफीक अहमद अन्य शामिल थे।

## सीमलढाब की पेयजल समस्या पर उपायुक्त ने लिए संज्ञान, अधिकारियों से कराया स्थल निरीक्षण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पाकुड़** : जिले के लिट्टीपाड़ा प्रखंड अंतर्गत आदिम जनजाति बहुल ग्राम सीमलढाब में पेयजल व्यवस्था से संबंधित समाचार प्रकाशित होने के बाद उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने मामले को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ संज्ञान में लेते हुए तत्काल संबंधित अधिकारियों को स्थल निरीक्षण का निर्देश दिया। उपायुक्त के निर्देश पर कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, पाकुड़, कनीय अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, लिट्टीपाड़ा, पंचायत प्रतिनिधियों एवं स्थानीय अधिकारियों की टीम ने गांव



पहुंचकर वस्तुस्थिति का विस्तृत आकलन किया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि ग्राम सीमलढाब में संथाल टोला एवं पहाड़िया टोला सहित दो बस्तियां हैं। संथाल टोला में लगभग 35 परिवार निवासरत हैं, जहां पेयजल की उपलब्धता के लिए तीन चापाकल वर्तमान में कार्यरत अवस्था में हैं। वहीं ग्राम के पूर्वी छोर से लगभग एक किलोमीटर दूर वन क्षेत्र के भीतर स्थित पहाड़िया टोला में 12 आदिम जनजातीय परिवार निवास करते हैं। अधिकारियों ने पाया कि पहाड़िया टोला के समीप एक पहाड़ी नदी बहती है, जिसमें वर्तमान समय में निरंतर जल प्रवाह उपलब्ध है और स्थानीय परिवार दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए इसका उपयोग कर रहे हैं। साथ ही यह भी पाया गया कि टोला के सभी परिवारों को आवासीय योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया है तथा कई आवासों का निर्माण कार्य प्रगति पर है। ग्रामीणों ने पहाड़िया टोला में चापाकल अधिष्ठापन की मांग रखी। तकनीकी निरीक्षण के दौरान यह स्पष्ट हुआ कि टोला तक पहुंचने के लिए वन भूमि क्षेत्र से होकर गुजरना पड़ता है तथा वर्तमान में वहां कोई सुगम पहुंच पथ उपलब्ध नहीं है। इसी कारण बोरिंग मशीन एवं अन्य भारी उपकरणों का वहां तक पहुंचना संभव नहीं हो पा रहा है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए अधिकारियों ने पंचायत प्रतिनिधियों को वन अधिकार अधिनियम के अंतर्गत वर्तमान पगडंडी मार्ग को सामुदायिक रास्ते के रूप में विकसित करने हेतु आवश्यक प्रस्ताव तैयार कर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया, ताकि भविष्य में विकास कार्यों का मार्ग प्रशस्त हो सके। ग्रामीणों को सुरक्षित एवं स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए विभाग द्वारा दो व्यवहारिक एवं दीर्घकालिक विकल्प सुझाए गए हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### राजमहल विधायक प्रतिनिधि ने क्रिकेट टूर्नामेंट का किया उद्घाटन



**साहिबगंज:** राजमहल स्पोर्टिंग क्लब के माध्यम से राजमहल स्टेडियम में क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। जिसमें झारखंड के विभिन्न जिला के अलावे पश्चिम बंगाल की भी टीम टूर्नामेंट में भाग ली है। टूनार्मेंट का उद्घाटन मुख्य अतिथि राजमहल विधायक प्रतिनिधि सह नगर पंचायत उपाध्यक्ष मो मारूफ उर्फ गुड्डू ने फीता काट कर किए। मुख्य अतिथि के माध्यम से टूर्नामेंट का टॉस कराया गया। प्रथम मैच पश्चिम बंगाल के फरक्का बनाम पाकुड़ जिला के हिरणपुर के बीच खेला गया जिसमें पहले टॉस जीत कर हिरणपुर की टीम ने बल्लेबाजी लिया। मौके पर जिला परिषद सदस्य अब्दुल बारीक शेख, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अनिसुर रहमान, नगर अध्यक्ष मो आजाद, प्रखंड बीपीओ गगन बापू, एकरामुल शेख मौजूद थे।

### स्वास्थ्य विभाग ने विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर निकली जागरूकता रैली




**साहिबगंज:** विश्व तंबाकू निषेध दिवस स्वास्थ्य विभाग ने जागरूकता रैली सुभाष चौक से चैती दुर्गा होते हुए गांधी चौक तक की गई। साथ ही साथ जागरूकता रथ को उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा, सिविल सर्जन डॉक्टर रामदेव पासवान, जिला नोडल पदाधिकारी एनसीडी, डॉ मुकेश कुमार, डॉक्टर महमूद आलम के द्वारा हरी झंडी दिखाकर रथ को रवाना किया गया। यह रथ पूरे जिले में भ्रमण कर लोगों को जागरूक करेगा। जिसमें जिले वासियों को तंबाकू सेवन नहीं करने हेतु एवं तंबाकू के दुष्परिणाम के बारे में जागरूक करेगा। इस कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को तंबाकू सेवन के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। वहीं सिविल सर्जन डॉक्टर रामदेव पासवान ने कहा कि तंबाकू का सेवन कई गंभीर और जानलेवा बीमारियों को जन्म देता है। बीड़ी, सिगरेट, गुटखा और अन्य तंबाकू उत्पादों के कारण कैंसर, हृदय रोग एवं फेफड़ों से जुड़ी बीमारियों का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। उन्होंने लोगों से तंबाकू से दूरी बनाने और अपने आसपास के लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करने की अपील की। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉक्टर रामदेव पासवान,डॉक्टर किरण माला,सदर सीएचसी चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर महमूद आलम,डॉक्टर मुकेश कुमार,ने सभी स्वास्थ्यकर्मियों, चिकित्सकों एवं ग्रामीणों को तंबाकू मुक्त जीवन जीने का संकल्प दिलाया गया। सीएचसी चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर महमूद आलम ने कहा कि जनभागीदारी और जागरूकता के माध्यम से ही तंबाकू मुक्त समाज का निर्माण संभव है।मौके पर मौजूद डेम, डीपीएम, बीपीएम मनोज यादव,ओर अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

### एक भी पात्र मतदाता का नाम न छूटे, सभी अनमैप्ड नामों की जल्द हो मैपिंग : मो. सिफरान अख्तर



**साहिबगंज:** बरहरवा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत 31 मई 2026 को मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण कार्य के अंतर्गत अनमैप्ड सूची में शामिल मतदाताओं के नामों का सत्यापन एवं मैपिंग कार्य किया गया। इस अवसर पर कांग्रेस प्रखंड उपाध्यक्ष मो सिफरान अख्तर स्वयं उपस्थित होकर बीएलओ के कार्यों में सहयोग करते नजर आए तथा मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने के लिए आवश्यक सुझाव भी दिए।मो सिफरान अख्तर ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए यह आवश्यक है कि प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम सही रूप से मतदाता सूची में दर्ज हो। उन्होंने जोर देकर कहा कि एस आई आर प्रक्रिया में एक भी योग्य मतदाता का नाम छूटना नहीं चाहिए तथा अनमैप्ड सूची में शामिल सभी नामों का समयबद्ध तरीके से मैपिंग सुनिश्चित किया जाना चाहिए।उन्होंने कहा कि यदि अभी सावधानीपूर्वक सत्यापन और मैपिंग का कार्य पूरा कर लिया जाए तो भविष्य में मतदाताओं को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। उन्होंने सभी बीएलओ, जनप्रतिनिधियों एवं जागरूक नागरिकों से अपील की कि वे इस महत्वपूर्ण कार्य में सक्रिय सहयोग करें और जिन लोगों के नाम अभी भी अनमैप्ड सूची में हैं, उनका जल्द से जल्द सत्यापन कराकर मैपिंग पूर्ण कराने में सहयोग दें। मतदाता सूची की शुद्धता लोकतंत्र की आधारशिला है और प्रत्येक नागरिक का मतदान अधिकार सुरक्षित रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सभी के सहयोग से निर्धारित समय सीमा से पूर्व यह कार्य सफलतापूर्वक पूरा कर लिया जाएगा।

### मांगों पर अड़े मनरेगा कर्मी, सरकार की चेतावनी को किया खारिज

**साहिबगंज:** झारखंड राज्य मनरेगा कर्मचारी संघ, जिला शाखा साहिबगंज की हड़ताल को लेकर रविवार को एक महत्वपूर्ण समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष मो. अनवारुल हसन ने की,जिसमें प्रदेश स्तर पर मनरेगा आयुक्त एवं ग्रामीण विकास विभाग के सचिव के साथ हुई वार्ता की विफलता तथा सरकार की नीतियों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि जब तक मनरेगा कर्मियों की लंबित मांगों का समाधान नहीं होता,तब तक हड़ताल जारी रहेगी और कर्मचारी कार्य पर वापस नहीं लौटेंगे। संघ ने मनरेगा आयुक्त द्वारा जारी उस आदेश का कड़ा विरोध किया,जिसमें हड़ताल समाप्त कर योगदान देने अथवा सेवा समाप्ति की कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। संघ नेताओं ने इसे कर्मचारी हितों के खिलाफ और असंवैधानिक कदम बताया। संघ ने उप विकास आयुक्त,साहिबगंज द्वारा 1 जून तक हर हाल में योगदान देने के निर्देश को भी अस्वीकार करते हुए कहा कि मांगों की अनदेखी कर दबाव बनाने की नीति स्वीकार्य नहीं है। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि झारखंड राज्य मनरेगा कर्मचारी संघ की प्रदेश कमेटी द्वारा 2 जून से 5 जून तक प्रस्तावित ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे सिंह के आवास घेराव कार्यक्रम में साहिबगंज जिले के सभी मनरेगा कर्मी सक्रिय रूप से भाग लेंगे। संघ की प्रमुख मांगों में सभी मनरेगा कर्मियों को ग्रेड-पे आधारित वेतनमान एवं स्थायी समायोजन,मृत कर्मियों के आश्रितों को अनुकंपा के आधार पर नौकरी एवं उचित मुआवजा,सामाजिक सुरक्षा की गारंटी,हड़ताल अवधि के मानदेय तथा लंबित भुगतान का शीघ्र निपटारा शामिल है।

# सावरकर अदम्य प्रेरणा के स्रोत : डॉ. सत्यदेव तिवारी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**बोकारो :** अखिल भारतीय साहित्य परिषद, बोकारो द्वारा लोकनायक सभागार, 2ए में वीर सावरकर जयंती के अवसर पर विचार सह काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वीर सावरकर के चित्र पर पुष्पार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन से हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता साहित्य परिषद के उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल संयोजक, रणविजय महाविद्यालय, बोकारो के पूर्व प्राचार्य डॉ. सत्यदेव तिवारी ने वीर सावरकर के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि सावरकर केवल एक स्वतंत्रता सेनानी ही नहीं, बल्कि अद्वितीय राष्ट्रचिंतक, समाज सुधारक और क्रांतिकारी विचारक थे। उन्होंने कहा कि आज की पीढ़ी को सावरकर के राष्ट्रप्रेम, त्याग, आत्मबल और संगठन क्षमता से प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। डॉ. तिवारी ने कहा कि विपरीत परिस्थितियों में भी सावरकर ने कभी अपने लक्ष्य से समझौता नहीं किया और उनका संपूर्ण जीवन राष्ट्र के प्रति समर्पित रहा। उन्होंने युवाओं का आह्वान किया कि वे सावरकर के आदर्शों को आत्मसात कर राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएँ।

परिषद के उपाध्यक्ष दयानंद सिंह ने सावरकर के जीवन-संघर्ष और राष्ट्रनिर्माण में उनके योगदान का उल्लेख किया। डॉ. आशा पुष्प ने अंडमान की सेल्युलर जेल में सावरकर द्वारा झेली गई यातनाओं और उनके अदम्य साहस का विस्तृत वर्णन किया।

काव्य गोष्ठी में डॉ. परमेश्वर भारती ने अपनी कविता "गौरव गाथा गाता हूं" का पाठ किया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर साहित्य परिषद के उपसचिव दीनानाथ ठाकुर ने अपनी कविता "गर्व से कहो हम हिंदू हैं" का प्रभावशाली पाठ कर श्रोताओं की भरपूर सराहना प्राप्त की।

इसके अतिरिक्त डॉ. अंजना श्रीवास्तव ने "जीवन का आसरा", संघमिता सिंह ने "यशोधरा की साधना", डॉ. अजय कुमार सिंह ने "जन मन की बात", कनकलता राय ने "मेरी धरती" तथा शुभा रानी ने "उठो राम निर्माण करो" , डॉक्टर शैलेंद्र ने जनता का जीवन और भारत की आत्मा शीर्षक कविता का पाठ मिथिलेश कुमार शर्मा के द्वारा किया गया

प्रो. राखी वर्णवाल एवं विकास पांडेय ने "सनातन के जागरण में रचनाकारों की भूमिका" विषय पर अपने विचार व्यक्त करते हुए साहित्य की सामाजिक एवं सांस्कृतिक चेतना में महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला।

समस्त कार्यक्रम का प्रभावी संचालन युवा कवि लव कुमार ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता दयानंद सिंह ने की तथा धन्यवाद ज्ञापन दीनानाथ ठाकुर ने किया। कार्यक्रम में साहित्य प्रेमियों एवं परिषद के सदस्यों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

## एक नजर

### युवक 24 घंटे से लापता कपड़ा व मोटरसाइकिल लावारिस हालत में बरामद



**बोकारो :** चंद्रपुरा थाना क्षेत्र के भंडारीदह आवासीय कॉलोनी निवासी विकास कुमार सिंह 30 मई की दोपहर से लापता हैं। परिवार ने बताया कि विकास का मोबाइल भी बंद दिखा रहा है और अब तक उसकी कोई जानकारी नहीं मिल पाई है, जिससे परिजन चिंतित हैं। परिवार के सदस्यों ने कहा कि उन्हें विकास की हर संभावित जगह पर तलाश की है, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लगा। स्थानीय लोगों के सूचना देने पर विकास के कपड़े और उनकी मोटरसाइकिल राजाबेड़ा रेलवे पुल के पास लावारिस हालत में मिले। कपड़े व वाहन मिलने के बाद परिजन किसी अनहोनी की आशंका जाहिर कर रहे हैं और वे पुलिस से शीघ्र कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। घटना की जानकारी मिलने के बाद परिवार ने मामले की शिकायत चंद्रपुरा थाना को दी। थाना पुलिस ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज की जा चुकी है और आसपास के सीसीटीवी फुटेज तथा फोन की लोकेशन सहित अन्य जानकारियों की जांच की जा रही है। पुलिस ने कहा कि हर सम्भव पहल करते हुए बुधवार/शुक्रवार तक घटनास्थल की पुष्टि एवं साक्ष्यों की जाँच की जा रही है। स्थानीय लोग व परिजन विकास के सुरक्षित मिलने के लिए लोगों से भी अपील कर रहे हैं कि यदि किसी के पास विकास की जानकारी हो या उन्होंने उसे देखा हो तो तुरंत चंद्रपुरा थाना या परिजनों को सूचित करें।

### सांसद और विधायक ने किया 50 शैय्या वाले छात्रावास निर्माण कार्य का शिलान्यास



**खूंटी :** खूंटी लोकसभा क्षेत्र के सांसद कालीचरण मुंडा और खूंटी विधायक राम सूर्या मुंडा ने रविवार को मुरहू प्रखंड के गुटूहातु (डोंबारी) स्थित आवासीय विद्यालय परिसर में 50 शैय्या वाले छात्रावास निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। कल्याण विभाग की ओर से लगभग 2 करोड़ 25 लाख रुपये की प्राक्कलित राशि से इस छात्रावास का निर्माण कराया जाएगा। शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए सांसद कालीचरण मुंडा ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं का विस्तार समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि छात्रावास निर्माण से दूर-दराज के ग्रामीण एवं आदिवासी क्षेत्रों के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने में सहूलियत होगी। इससे विद्यार्थियों को सुरक्षित एवं बेहतर आवासीय वातावरण उपलब्ध होगा, जिससे उनकी पढ़ाई पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। विधायक राम सूर्या मुंडा ने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा के विकास एवं विद्यार्थियों के सर्वांगीण उत्थान के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि नए छात्रावास के निर्माण से आवासीय विद्यालय की क्षमता बढ़ेगी तथा अधिक संख्या में छात्र इसका लाभ उठा सकेंगे। उन्होंने निर्माण कार्य को निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा करने की आवश्यकता पर बल दिया। मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष रवि मिश्रा, सांसद प्रतिनिधि पांडया मुंडू, कांग्रेस सहकारिता विभाग के महासचिव नईमुद्दीन खान, जिला परिषद सदस्य दयामनी मुंडू, चंद्र प्रभात मुंडा, पूर्व जिला परिषद सदस्य इंदुमती मुंडा सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# विस्तारीकरण के साथ श्रमिक हितों पर भी ध्यान दे सेल : बिके चौधरी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** बोकारो निवास मे आये सेल अध्यक्ष डाक्टर अशोक कुमार पंडा से देर रात युनियनों के साथ हुए वार्ता मे झारखंड मुक्ति मोर्चा केन्द्रीय सदस्य सह जय झारखंड मजदूर समाज का महामंत्री बि के चौधरी के साथ संयुक्त महामंत्री एन के सिंह ने भाग लिया ।वार्ता मे बोकरो स्टील प्लांट के निदेशक, प्रभारी प्रिय रंजन, अधिशासी निदेशक एच आर राजश्री बनर्जी, मुख्य महाप्रबंधक एच आर अंजनी कुमार शरण के साथ अन्य अधिशास निदेशकगण एवं अन्य पदाधिकारीगण के साथ साथ अन्य 6 युनियन के महामंत्री भी उपस्थित रहे। वार्ता के क्रम मे महामंत्री बि के चौधरी ने प्लांट बिस्तारीकरण योजना को धरातल पर लाने के लिए झारखंड के साथ साथ बोकारो वासियों के तरफ से धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बोकारो स्टील मे कार्यरत इस्पातकर्मी एवं ठेका कमीर्यो के ज्वलंत समस्याओं की तरफ ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि अन्य प्लांटों की तरह बोकारो स्टील मे भी गुप्त मतदान के द्वारा युनियन का चुनाव, 39 महिने का एरियर, इन्सेंटिव रिवार्ड स्कीम मे आमूलचूल परिवर्तन, प्लांट के उत्पादन और मुनाफा मे 90% योगदान देने बाले ठेकाकर्मी जिनके पूर्वजों ने बोकारो स्टील बनने के लिए अपनी रोजी रोटी का एकमात्र साधन खेत खलिहान दे दिया जिसके कारण अब स्थानीय बिस्थापित एवं मूलवासियों के बाल बच्चों के सामने ठेका मजदूर बनकर अपने बाल बच्चों का भरण-पोषण करने के अतिरिक्त कोई अन्य विकल्प नही है। वहीं दुसरी ओर अप्रेंन्टीस कर चूके बिस्थापित को नियोजन नही दिया जा रहा है फलस्वरूप आन्दोलनरत है । इस परिस्थित मे 40% मजदूरों का हो रहे छंटनी के कारण प्लांट के उत्पादन पर बिपरीत प्रभाव पड़ना निश्चित है तथा विस्थापितों मे प्लांट के खिलाफ और ज्यादा आक्रोश बढ़ना स्वभाविक होगा।

# नाबालिग अपहरण कांड का खुलासा, सकुशल बरामद हुई किशोरी, एक आरोपी गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**गोमिया :** रविवार को चतरोचट्टी थाना पुलिस ने नाबालिग लड़की के अपहरण मामले का त्वरित खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने अपहृत किशोरी को रांची के अरगोड़ा क्षेत्र से सकुशल बरामद कर उसके परिजनों को सौंप दिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, चतरोचट्टी थाना क्षेत्र के कढ़मा गांव निवासी प्रीतम महतो ने अपनी नाबालिग पुत्री के अपहरण की शिकायत थाना में दर्ज कराई थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने 26 मई को चतरोचट्टी थाना कांड संख्या 28/2026 दर्ज कर जांच शुरू की।

पुलिस अधीक्षक कार्यालय, बोकारो द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार तकनीकी साक्ष्य एवं मानवीय सूचना के आधार पर गठित विशेष टीम ने रांची के अरगोड़ा क्षेत्र में छापेमारी कर नाबालिग लड़की को सुरक्षित बरामद कर लिया। साथ ही मामले के नामजद आरोपी नकुल कुमार महतो (28 वर्ष), पिता सोमर महतो, निवासी जरकुंडा, थाना चतरोचट्टी को गिरफ्तार कर लिया गया।

चतरोचट्टी थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए लड़की को सुरक्षित बरामद कर लिया है तथा आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। गिरफ्तार आरोपी को तेनुघाट जेल भेज दिया गया।

छापेमारी दल में पुलिस अवर निरीक्षक अनुप रंजन बाखला, हवलदार गंगा राम बानरा, आरक्षी अजय मेहता, पारस कुमार वर्मा, किशोर कुमार महतो तथा चालक नागेन्द्र महतो शामिल थे।

पुलिस की इस त्वरित एवं सफल कार्रवाई की क्षेत्र में सराहना की जा रही है।

# आपसी विवाद में महिला की मौत, 6 आरोपी गिरफ्तार कर भेजे गए जेल




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बेरमो :** बोकारो जिले के बेरमो थाना क्षेत्र अंतर्गत 5 नंबर धौड़ा में आपसी विवाद को लेकर हुई मारपीट में एक महिला की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मामले में नामजद छह आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। मामले का खुलासा रविवार को बेरमो थाना में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान एसडीपीओ रविंद्र सिंह ने किया। एसडीपीओ ने बताया कि 29 मई 2026 की रात करीब 9 बजे 5 नंबर धौड़ा निवासी अनिता देवी (पति महेश भुईयां) का पड़ोसियों के साथ किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। विवाद बढ़ने पर दोनों पक्षों के बीच मारपीट शुरू हो गई। इस दौरान अनिता देवी गंभीर रूप से घायल हो गईं और घटनास्थल पर ही गिर पड़ीं। परिजन उन्हें तत्काल इलाज के लिए ढोरी स्थित रीजनल अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने शव का पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल तेनुघाट भेज दिया। 30 मई को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

मृतका के पति महेश भुईयां के लिखित आवेदन के आधार पर बेरमो थाना कांड संख्या 63/26 दर्ज किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरीय अधिकारियों के निर्देश पर विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया। पुलिस ने छापेमारी अभियान चलाकर छह नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में बबलू कुमार उर्फ बबलू भुईयां, सुरेंद्र भुईयां, वीरेंद्र कुमार भारती, राहुल दिगार, धीरेन भुईयां उर्फ धीरेन कुमार भारती तथा राजेश कुमार शामिल हैं। सभी आरोपियों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। एसडीपीओ रविंद्र सिंह ने बताया कि मामले के अन्य फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार कर कानून के दायरे में लाया जाएगा।

# अवैध तेल गोदाम में विस्फोट से घर में लगी भीषण आग, दो झुलसे

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** शहर के सिटी थाना अंतर्गत एलएच कॉलोनी में शनिवार देर शाम करीब 8 बजे एक भीषण आग लगने की घटना में दो लोग झुलस गए। जानकारी के अनुसार बीएसएल के एलएच स्ट्रीट-15 के क्वार्टर नंबर 5 में घर के अंदर जमा पेट्रोल-ऑयल के डिब्बों में किसी कारण आग लग गई, जो दुर्घटना के बाद विस्फोट में तब्दील हो गई और आग ने विकराल रूप ले लिया। हादसे में गृहस्वामी भाना झा और महबूब आलम गंभीर रूप से झुलस गए। दोनों का इलाज बोकारो जनरल हॉस्पिटल के बर्न यूनिट में चल रहा है, जिनमें से एक की हालत गंभीर बताई जा रही है।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि अचानक तेज धमाका हुआ और आग की लपटें तेजी से पूरे मकान में फैल गईं। आस-पास के लोग दहशत में भागे और आनन-फानन में आसपास वालों ने मिलकर आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। किसी ने फौरन दमकल को सूचित किया। थोड़ी देर बाद दमकल की एक गाड़ी मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से लगभग डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद अग्निशमन विभाग ने आग पर काबू पाया।

स्थानीय निवासी घटनास्थल पर पहुंचे और जलती वस्तुओं को बाहर निकालने के साथ ही घायलों को प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराया। प्रभावित परिवार और पड़ोसियों का कहना है कि जिस क्वार्टर में आग लगी वह एक अवैध तेल गोदाम के रूप में उपयोग हो रहा था, जहाँ पेट्रोल और अन्य इंधन भरे डिब्बे रखे गए थे। इससे पहले भी इलाके में ऐसे अवैध संचयन को लेकर शिकायतें मिली थीं, परंतु तय कार्रवाई नहीं होने के कारण आज यह भयावह हादसा हुआ।

# झामुमो की जनहितकारी नीतियों और मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के कार्यों पर बढ़ रहा जनता का विश्वास : उमाकांत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**चास :** चास प्रखंड अंतर्गत कोलबेंदी ग्राम के दर्जनों लोगों ने भारतीय जनता पार्टी का दामन छोड़कर विधायक उमाकांत रजक के नेतृत्व में कुशमा में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की सदस्यता ग्रहण की। सभी नए सदस्यों का पार्टी में स्वागत करते हुए विधायक श्री रजक ने उन्हें माला पहनाकर सदस्यता दिलाई।

इस अवसर पर विधायक उमाकांत रजक ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा की जनकल्याणकारी नीतियों, संगठन की जनपक्षधर सोच तथा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों से प्रभावित होकर लगातार लोग पार्टी से जुड़ रहे हैं। यह जनता के बढ़ते विश्वास और सरकार के कार्यों की स्वीकृति का प्रमाण है।

उन्होंने कहा कि झामुमो हमेशा गरीब, मजदूर, किसान, आदिवासी, मूलवासी एवं वंचित वर्गों के अधिकारों की लड़ाई लड़ती रही है। राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए पार्टी प्रतिबद्ध है। आने वाले समय में और अधिक लोग झामुमो की विचारधारा से जुड़कर झारखंड के विकास को नई गति देंगे।

सदस्यता ग्रहण करने वालों में प्रमुख रूप से बहादुर बाउरी, संतोष बाउरी, नंदलाल बाउरी, गाणु बाउरी, जितेन बाउरी, राकेश कुमार बाउरी, सूरज कुमार बाउरी, रोहित कुमार बाउरी एवं बाकू बाउरी सहित अनेक साथी शामिल रहे।

विधायक श्री रजक ने सभी नए सदस्यों का पार्टी परिवार में स्वागत करते हुए संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का आह्वान किया तथा जनहित के मुद्दों पर एकजुट होकर कार्य करने की अपील की। मौके पर जयंत कुमार सिंह देव, अमृत बाउरी, मिहिर बाउरी, दुर्योधन सिंह चौधरी, अरुण सिंह देव, अशोक सिंह देव, सोमनाथ बनर्जी, शंकर सिंह देव,अमर देवघरिया, बिंदेश्वर बाउरी, सजल गोइ, शिवपूजन सिंह देव, प्रकाश शर्मा, दामोदर महतो, मंटू गोप सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### महिलाओं ने निकाला नशाबंदी जुलूस ग्रामीण जागरूकता पर दिया गया जोर



**चास :** तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर रविवार को चास प्रखंड के टुपरा पंचायत में ग्रामीण महिलाओं ने नशाबंदी को लेकर एक जोरदार जुलूस निकाला। कार्यक्रम का आयोजन जेएलकेएम के तत्वाधान में किया गया था और इसका नेतृत्व संगठन के केंद्रीय महासचिव अर्जुन रजवार ने किया। जुलूस में भाग लेने वाली महिलाओं ने पंचायत के विभिन्न टोलों व मोहल्लों का भ्रमण कर जनता से शराब के सेवन और शराब कारोबार बंद करने की अपील की। अर्जुन रजवार ने कहा कि विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता व शिक्षा की कमी के कारण नशापान का प्रचलन बढ़ा है। उन्होंने बताया कि आमदनी कम होने पर परिवार की आजीविका पर अधिक दबाव पड़ता है और शराब पर खर्च के कारण बच्चों की पढ़ाई व परिवार की पालन-पोषण क्षमता प्रभावित हो रही है। रजवार ने कहा, नशापान ने गांवों में गरीबी और अशिक्षा बढ़ाई है। हमें सामाजिक जिम्मेदारी न भूलते हुए नशाबंदी के लिए निरन्तर प्रयत्नशील रहना चाहिए। आयोजन में उपस्थित ग्रामीण महिलाओं ने शराब के नुकसान और नशामुक्ति के उपायों पर लोगों को जानकारी दी तथा समुदाय स्तर पर सतत जागरूकता अभियान चलाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय लोगों ने आयोजन की सराहना की और कहा कि इस तरह के जागरूकता अभियानों से ग्रामीण समुदायों में बदलाव लाने में मदद मिलेगी। जुलूस शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

### कैलाश नगर में ट्रांसफॉर्मर स्थापना को लेकर बैठक, वैकल्पिक स्थान पर लगाने की मांग



**चास :** वार्ड संख्या 11 स्थित कैलाश नगर में रविवार को ट्रांसफार्मर स्थापना को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक के बाद स्थानीय लोग ट्रांसफार्मर लगाने के लिए पूर्व में चिन्हित स्थल का निरीक्षण करने पहुंचे, लेकिन वहां जमीन मालिक एवं उनके पड़ोसियों द्वारा ट्रांसफार्मर लगाने का विरोध किया गया, जिसके कारण कार्य आगे नहीं बढ़ सका। बैठक में उपस्थित प्रदीप शर्मा (पार्षद पति) ने कहा कि क्षेत्र की बिजली समस्या को देखते हुए ट्रांसफार्मर लगाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि सोमवार को बिजली विभाग के एसी (सहायक अभियंता) से मिलकर प्रशासनिक सहयोग के साथ ट्रांसफार्मर लगाने की दिशा में पहल की जाएगी। वहीं नंद जी प्रसाद ने कहा कि वर्तमान में क्षेत्र की बिजली व्यवस्था काफी खराब है। भीषण गर्मी के कारण लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है तथा बिजली संकट के चलते पेयजल आपूर्ति भी प्रभावित हो रही है। उन्होंने जल्द से जल्द समाधान निकालने की आवश्यकता पर बल दिया। बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने एकमत से निर्णय लेते हुए ट्रांसफार्मर स्थापना के लिए वैकल्पिक स्थान का चयन कर वहां ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की, ताकि क्षेत्रवासियों को जल्द राहत मिल सके। बैठक का आयोजन प्रिया क्लिनिक आवास, कैलाश नगर में किया गया। बैठक में नंद जी प्रसाद, डॉ. परमानंद, हेमंत एम्बेसडर, अभय तिवारी, के. एन. सिंह, रामभजन सिंह, उमेश, बलराम, श्यामानंद राय, पुनीत कुमार, चंद्रिका राम, सीताराम, प्रदीप कुमार सहित अन्य सम्मानित सदस्य उपस्थित थे।

### संकीर्तन का भव्य समापन, श्रद्धालुओं ने लिया भक्ति रस



**बोकारो :** कसमार प्रखंड के चट्टी स्थित सोलह आना समिति के द्वारा आयोजित 24 प्रहरीय अखंड हरिनाम संकीर्तन का समापन रविवार दोपहर कुंज भंग के साथ भव्य रूप से संपन्न हुआ। समापन के अवसर पर परंपरा के अनुरूप विश्वनाथ पाल ने अपने घर से कीर्तन व गाजे-बाजे के साथ शंखनाद करते हुए राखाल हांडी को मंदिर में लाकर स्थापित किया तथा विशेष पूजा-अर्चना कर 52 भोग लगाकर राधा-श्रीकृष्ण समेत अन्य देवताओं की आराधना की गई।

कुंज भंग के दौरान बांकुड़ा की प्रसिद्ध कीर्तन गायिका अपर्णा पाल ने राधा-कृष्ण की भक्ति से जुड़ी पाला कीर्तन की मनमोहक प्रस्तुति दी, जिससे सैकड़ों ग्रामीण भक्ति रस में डूब गए। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने भक्ति गीतों पर तालियां बजाकर और भावपूर्ण करुणा व्यक्त करते हुए आयोजन का आनंद लिया। लोगों ने विशेष रूप से "बोल भाई कान्हाई जाबी कि नाय रे, गोष्ठे जाबार बेला होलो जाबी कि नाय रे" जैसे भजन-भक्ति गीतों के दौरान गहरी श्रद्धा व्यक्त की। घटना से पहले शनिवार देर रात कीर्तन में भी बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया था। समापन समारोह में पूर्व विधायक डॉ. लंबोदर महतो, सूबे के पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के मंत्री योगेंद्र प्रसाद के अनुज चित्रगुप्त महतो, जिला परिषद सदस्य अमरदीप महाराज, भाजपा नेता व पूर्व बोकारो जिला बीस सूत्री कमिटी के उपाध्यक्ष लक्ष्मण कुमार नायक, समाजसेवी सूरज जायसवाल सहित कई गण्यमान्य अतिथि शामिल हुए। सभी अतिथियों ने हरि मंदिर में माथा टेका और क्षेत्र व लोगों की सुख-समृद्धि की कामना की। समिति की ओर से समापन अवसर पर सभी अतिथियों का अंग वस्त्र देकर सम्मान किया गया। आयोजन के आयोजकों ने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रम गांवों में सामुदायिक समरसता और धार्मिक चेतना बनाए रखने में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं।

### पुलिस ने चलाया मोटरसाइकिल फ्लैग मार्च शराबबंदी और शांति पर खास निगरानी

**बोकारो :** पुलिस अधीक्षक नाथू सिंह मीणा के निर्देशन में चास एवं चीरा चास थाना की पुलिस ने क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अपराधिक गतिविधियों पर सख्त पैनी रखने के उद्देश्य से शनिवार को मोटरसाइकिल फ्लैग मार्च किया। फ्लैग मार्च का नेतृत्व चास एसएससी वेंदत शंकर ने किया। पुलिस ने चास के 12 मोड़ व नया मोड़ सहित थाना क्षेत्र की शराब दुकानों तथा आसपास के होटलों में छापेमारी कर वहां सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों को चेतावनी देते हुए खदेड़ा। आयोजन के दौरान जोधाडीह मोड़, तेलगडिया से चीरा चास होते हुए भर्रा बस्ती व मुस्लिम मोहल्ला तक फ्लैग मार्च किया गया। चास एसएससी वेंदत शंकर ने बताया कि यह अभियान शांति बनाए रखने और कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए चलाया गया।

संक्षिप्त डायरी

## नवादा में नाबालिग से दुष्कर्म का आरोप, पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी

**पटना (एजेंसी)** नवादा शहर में एक नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म किए जाने का मामला सामने आया है. घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजनों ने नगर थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराते हुए कार्रवाई की मांग की है. पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. नवादा शहर में एक नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म किए जाने का मामला सामने आया है. घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजनों ने नगर थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराते हुए कार्रवाई की मांग की है. पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. परिजनों की शिकायत पर दर्ज हुआ मामला पुलिस सूत्रों के अनुसार, नाबालिग बच्ची ने घर पहुंचकर अपने साथ हुई कथित घटना की जानकारी परिजनों को दी। इसके बाद उसकी मां और अन्य परिजन नगर थाना पहुंचे तथा पूरे मामले से पुलिस को अवगत कराया। शिकायत में एक व्यक्ति पर बच्ची के साथ गलत कार्य करने का आरोप लगाया गया है. तकनीकी और वैज्ञानिक साक्ष्य जुटा रही पुलिस मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए नगर थाना पुलिस ने तत्काल कांड दर्ज कर लिया है। पुलिस विभिन्न पहलुओं पर जांच कर रही है। तकनीकी एवं वैज्ञानिक साक्ष्यों के संकलन के साथ-साथ स्थानीय स्तर पर भी जानकारी जुटाई जा रही है, ताकि घटना से जुड़े सभी तथ्यों की पुष्टि की जा सके. पीड़िता की पहचान रखी गई गोपनीय पीड़िता नाबालिग होने के कारण उसकी पहचान से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई है। पुलिस और प्रशासन द्वारा कानूनी प्रावधानों के तहत उसकी गोपनीयता बनाए रखी जा रही है. जांच के बाद होगी आगे की कार्रवाई नगर थाना पुलिस ने बताया कि प्राप्त आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। मामले की गहन जांच की जा रही है तथा दोषी पाए जाने वाले व्यक्ति के विरुद्ध विधि-सम्मत कार्रवाई की जाएगी। पुलिस का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद ही घटना से जुड़े सभी तथ्यों की आधिकारिक पुष्टि की जा सकेगी. फिलहाल मामले की हर बिंदु पर गंभीरता से तफ्तीश जारी है.

## पप्पू यादव बोले- मां समान हैं राबड़ी देवी, उन्हें अपमानित मत करिए

**पटना (एजेंसी)** राबड़ी देवी को बंगला खाली करने के नोटिस पर सियासत तेज हो गई है. पप्पू यादव ने लालू परिवार का समर्थन करते हुए सरकार पर निशाना साधा है. वहीं रिशु श्री मामले में भी उन्होंने कई बड़े खुलासे किए हैं. बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी को 20 साल से अधिक समय से आवंटित सरकारी आवास खाली करने के आदेश के बाद सियासत गरमा गई है. भवन निर्माण विभाग की ओर से जारी नोटिस के खिलाफ अब पूर्णिया सांसद पप्पू यादव खुलकर लालू परिवार के समर्थन में उतर आए हैं. पप्पू यादव ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से अपील करते हुए कहा कि जिस मंत्री को यह आवास आवंटित किया गया है, उन्हें कोई दूसरा सरकारी आवास दे दिया जाए. उन्होंने कहा कि राबड़ी देवी केवल लालू परिवार की नहीं, बल्कि पूरे बिहार के लिए मां के समान हैं. ऐसे में उन्हें अपमानित करने जैसी कार्रवाई नहीं होनी चाहिए. ह्यअहंकार छोड़ दीजिए, कल आप भी भूतपूर्व होंग पप्पू यादव ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सत्ता स्थायी नहीं होती. उन्होंने कहा कि आज जो लोग सत्ता में हैं, कल वे भी पूर्व पदाधिकारी बन जाएंगे. इसलिए बदले की राजनीति से बचना चाहिए. उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में राजनीति का स्तर काफी नीचे चला गया है और राजनीतिक प्रतिशोध की भावना लोकतंत्र के लिए ठीक नहीं है. रिशु श्री मामले में लगाए गंभीर आरोप मीडिया से बातचीत के दौरान पप्पू यादव ने चर्चित रिशु श्री मामले को लेकर भी कई गंभीर आरोप लगाए. उन्होंने दावा किया कि रिशु श्री सिन्हा के पास करीब 15 कंपनियां थीं और इन्हीं कंपनियों के जरिए बड़े पैमाने पर काम लिए गए. पप्पू यादव ने आरोप लगाया कि मामले में सिर्फ कुछ लोगों को जिम्मेदार ठहराने की कोशिश हो रही है, जबकि इसके पीछे कई प्रभावशाली लोगों की भूमिका की जांच होनी चाहिए. ईडी ने नगर विकास विभाग से मांगा जवाब पप्पू यादव ने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय (ED) ने नगर विकास विभाग से यह जानकारी मांगी थी कि इन कंपनियों को पिछले वर्षों में कितने टेंडर दिए गए, लेकिन अब तक इस संबंध में स्पष्ट जवाब सामने नहीं आया है. उन्होंने सवाल उठाया कि यदि मामले की निष्पक्ष जांच हो रही है तो सभी संबंधित लोगों की भूमिका की भी पड़ताल होनी चाहिए. एक सप्ताह बाद मंत्रियों के नाम बताने का दावा पूर्णिया सांसद ने दावा किया कि इस पूरे मामले में कई बड़े चेहरे शामिल हैं. हालांकि उन्होंने तत्काल किसी का नाम लेने से इनकार किया, लेकिन कहा कि एक सप्ताह के भीतर वे उन लोगों के नाम सार्वजनिक करेंगे जो इस मामले से जुड़े हुए हैं. उन्होंने यह भी कहा कि मामले की गंभीरता को देखते हुए सभी संबंधित विभागों और पूर्व मंत्रियों से सवाल पूछे जाने चाहिए. स्पीडी ट्रायल के लिए कोर्ट जाने की चेतावनी पप्पू यादव ने कहा कि इस पूरे मामले की निष्पक्ष और तेज सुनवाई सुनिश्चित करने के लिए वह अदालत का दरवाजा खटखटाएंगे. जरूरत पड़ने पर सुप्रीम कोर्ट तक जाने की भी बात उन्होंने कही. उनका कहना था कि यदि भ्रष्टाचार या अनियमितता हुई है तो जिम्मेदार लोगों को कानून के दायरे में लाया जाना चाहिए. विपक्ष और लालू परिवार पर भी साधा निशाना बातचीत के दौरान पप्पू यादव ने बिहार के विपक्षी दलों की भूमिका पर भी सवाल उठाए. उन्होंने कहा कि विपक्ष को जनता के मुद्दों पर अधिक मुखर होना चाहिए. साथ ही उन्होंने लालू परिवार को भी सलाह देते हुए कहा कि सिर्फ राजनीतिक कार्यक्रमों और आयोजनों तक सीमित रहने के बजाय जमीनी लड़ाई को प्राथमिकता देनी चाहिए. पेपर लीक और कोचिंग माफिया पर भी बरसे समेत विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक के मुद्दे पर भी पप्पू यादव ने सरकार को घेरा. उन्होंने कहा कि परीक्षा प्रणाली में सुधार की जरूरत है और कोचिंग माफिया पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए. उन्होंने सवाल उठाया कि यदि प्रश्न पत्र तैयार करने और परीक्षा प्रक्रिया से जुड़े लोगों पर निगरानी नहीं होगी तो पेपर लीक जैसी घटनाओं को रोकना मुश्किल होगा.

## किऊल-झाझा के बीच बिछेगी तीसरी रेललाइन, पटना-कोलकाता रूट पर घटेगा दबावी

**पटना (एजेंसी)** किऊल-झाझा के बीच तीसरी रेललाइन को मंजूरी मिलने से पटना-कोलकाता रूट पर ट्रेनों का दबाव कम होगा. 962 करोड़ की इस परियोजना से यात्रियों और मालगाड़ियों दोनों की रफ्तार बढ़ने की उम्मीद है. बिहार और झारखंड के रेल नेटवर्क को मजबूत करने के लिए केंद्र सरकार ने एक अहम फैसला लिया है. किऊल और झाझा के बीच करीब 54 किलोमीटर लंबी तीसरी रेललाइन बिछाने की मंजूरी दे दी गई है. इस परियोजना पर लगभग 962 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे. पटना-कोलकाता रूट पर घटेगा भारी ट्रैफिक यह रेलखंड देश के सबसे व्यस्त रेल कॉरिडोर में से एक माना जाता है, जो पटना-कोलकाता समेत पूर्वी और उत्तर भारत को जोड़ता है. मौजूदा समय में यहां दोहरी रेललाइन पर ट्रेनों का अत्यधिक दबाव है, जिससे अक्सर ट्रेनों को लूप लाइन में रोकना पड़ता है और देरी की समस्या बढ़ जाती है. नई तीसरी लाइन बनने के बाद इस रूट पर ट्रैफिक का दबाव काफी कम हो जाएगा और ट्रेनों का संचालन अधिक सुचारु हो सकेगा. यात्रियों और माल ढुलाई दोनों को मिलेगा फायदा इस परियोजना का सबसे बड़ा लाभ यात्रियों को मिलेगा. नई लाइन शुरू होने के बाद एक्सप्रेस, पैसेंजर और वंदे भारत जैसी प्रीमियम ट्रेनों की संख्या बढ़ाई जा सकेगी और समय पर संचालन संभव होगा. इसके साथ ही मालगाड़ियों के लिए भी यह कॉरिडोर और बेहतर हो जाएगा. उन्हें बिना लंबे इंतजार के निर्बाध रास्ता मिलेगा, जिससे माल ढुलाई की गति और क्षमता दोनों बढ़ेंगी.

# 'मन की बात' में पीएम मोदी ने की बिहार के सत्तू-जदालु आम की तारीफ



**पटना (एजेंसी)** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'मन की बात' कार्यक्रम में बिहार के सत्तू और जदालु आम का जिक्र किया. इसके बाद मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने खुशी जताते हुए कहा कि इससे बिहार के स्थानीय उत्पादों को देश-विदेश में नई पहचान मिलेगी. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अपने रेडियो कार्यक्रम ह्यमन की बातह्ण के 134वें एपिसोड में देश के कई विषयों पर चर्चा की. इस दौरान उन्होंने बिहार के पारंपरिक पेय सत्तू और प्रसिद्ध जदालु आम का भी जिक्र किया. प्रधानमंत्री के इस उल्लेख के बाद बिहार में खुशी का माहौल देखने को मिला. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ह्यमन की बातह्ण कार्यक्रम के जरिए प्रधानमंत्री देश की विविध संस्कृति, परंपराओं और स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय पहचान दिलाते हैं. उन्होंने कहा कि बिहार की सांस्कृतिक विरासत और यहां के उत्पादों का उल्लेख राज्यवासियों के लिए गर्व की बात है. सत्तू को बताया गर्मी का बेहतरीन साथी कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने भीषण गर्मी का जिक्र करते हुए लोगों को स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहने की सलाह दी. इसी दौरान उन्होंने सत्तू की चर्चा करते हुए कहा कि यह ऐसा पेय है जो पेट भी भरता है और शरीर को ताकत भी देता है. प्रधानमंत्री के इस बयान को बिहार के पारंपरिक खान-पान के सम्मान के रूप में देखा जा रहा है. जदालु आम की खुशबू का भी किया जिक्र आम के मौसम की चर्चा करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने देश के विभिन्न राज्यों की प्रसिद्ध आम किस्मों का उल्लेख किया. उन्होंने बिहार के जदालु आम की विशेषता बताते हुए कहा कि इसकी खुशबू दूर से ही पहचान में आ जाती है. उन्होंने चौसा, मालदा, दशहरी, लंगड़ा, अल्फांसो और केसर जैसे कई प्रसिद्ध आमों का भी जिक्र किया. किसानों और उद्यमियों को मिलेगा लाभ मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा सत्तू और जदालु आम का उल्लेख बिहार के किसानों, उद्यमियों और आम लोगों के परिश्रम का सम्मान है. उन्होंने कहा कि इससे बिहार के स्थानीय उत्पादों को देश और विदेश में नई पहचान मिलेगी और किसानों को भी प्रोत्साहन मिलेगा. बिहार की पहचान को मिला राष्ट्रीय मंच सम्राट चौधरी ने कहा कि बिहार अपनी कृषि, संस्कृति और लोक परंपराओं के लिए पूरे देश में जाना जाता है. प्रधानमंत्री द्वारा इन विशेषताओं को राष्ट्रीय मंच पर स्थान देने से राज्य के लोगों का उत्साह बढ़ा है. उन्होंने उम्मीद जताई कि इससे बिहार के उत्पादों की मांग और लोकप्रियता दोनों में वृद्धि होगी. गांव से ग्लोबल बाजार तक पहुंच रहे स्थानीय उत्पाद प्रधानमंत्री मोदी ने कार्यक्रम में कहा कि भारत के अलग-अलग क्षेत्रों के आमों की अपनी अलग पहचान और स्वाद है. अब ये उत्पाद सिर्फ गांवों और शहरों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि वैश्विक बाजारों तक पहुंच रहे हैं. उनके इस संदेश को स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है.

## बेगूसराय में मॉडर्न थियेटर फाउंडेशन ने स्कूली बच्चों के लिए पांच दिवसीय नाट्य कार्यशाला का आयोजन किया

**पटना (एजेंसी)** बेगूसराय में मॉडर्न थिएटर फाउंडेशन द्वारा आयोजित पांच दिवसीय नाट्य कार्यशाला का सफल समापन हुआ. कार्यशाला के दौरान बच्चों को अभिनय, संवाद अदायगी, बॉडी लैंग्वेज और मंच संचालन की बारीकियां सिखाई गईं. बेगूसराय में मॉडर्न थिएटर फाउंडेशन द्वारा आयोजित पांच दिवसीय नाट्य कार्यशाला का सफल समापन हुआ. कार्यशाला के दौरान बच्चों को अभिनय, संवाद अदायगी, बॉडी लैंग्वेज और मंच संचालन की बारीकियां सिखाई गईं. समापन अवसर पर बच्चों ने नाटक और लोकनृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया. ह्यमोबाइल की दुनिया नाटक से दिया जागरूकता का संदेश उत्क्रमित मध्य विद्यालय महमदपुर में आयोजित कार्यशाला के समापन समारोह में बच्चों ने मोबाइल की दुनिया नाटक का मंचन किया. नाटक के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि मोबाइल का उपयोग जरूरत और सीमित समय के अनुसार ही किया जाना चाहिए. प्रस्तुति में सप्तम एवं अष्टम वर्ग की छात्राओं दिव्या कुमारी, दुर्गा कुमारी, सोनाली कुमारी, सोनाक्षी कुमारी, करूणा कुमारी और शिवानी कुमारी ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया. झिझिया और जट-जटिन नृत्य ने बांधा समां कार्यक्रम में शिवानी, अनीका राज, करूणा और अंजली ने पारंपरिक झिझिया एवं जट-जटिन नृत्य नाटिका प्रस्तुत की. लोक संस्कृति पर आधारित इस प्रस्तुति को दर्शकों ने खूब सराहा और बच्चों का उत्साहवर्धन किया. नाट्य कला बच्चों के सवार्गीण विकास का सशक्त माध्यम कार्यशाला के निर्देशक एवं नाट्य प्रशिक्षक परवेज यूसुफ ने कहा कि गुरु-शिष्य परंपरा के अंतर्गत बच्चों को नाट्य कला सिखाना उनके व्यक्तित्व विकास के लिए बेहद महत्वपूर्ण है. उन्होंने कहा कि नाट्य कला केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि एक बौद्धिक और मानसिक खेल भी है, जिसमें सोच, समझ, कल्पना और संवेदनाओं का उपयोग किया जाता है. विद्यालय परिवार ने जताया आभार शिक्षक प्रवीण कुमार ने प्रशिक्षकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कार्यशाला से बच्चों को काफी लाभ मिला है और उनमें नया उत्साह देखने को मिल रहा है. वहीं विद्यालय के प्रधानाचार्य संजय सिंह ने कहा कि बच्चों में अनुशासन, आत्मविश्वास और रचनात्मक सोच विकसित करने के लिए कला शिक्षा अत्यंत आवश्यक है. 25 से अधिक बच्चों ने लिया हिस्सा

## बक्सर स्टेशन पर आरपीएफ बड़ी कार्रवाई, सिकंदराबाद एक्सप्रेस से अंग्रेजी शराब जब्त

**पटना (एजेंसी)** बक्सर रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ ने सिकंदराबाद एक्सप्रेस से तीन लावारिस बैग में रखी 55 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद की है. शराब को जब्त कर आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए जीआरपी बक्सर को सौंप दिया गया है. (मृत्युंजय सिंह) बक्सर रेलवे स्टेशन पर रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने एक बड़ी कार्रवाई. आरपीएफ की टीम ने छापेमारी करते हुए सिकंदराबाद-दानापुर एक्सप्रेस से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद की है. यह कार्रवाई शुक्रवार 30 मई को गाड़ी संख्या 12791 डाउन सिकंदराबाद एक्सप्रेस के बक्सर स्टेशन पर पहुंचने के दौरान की गई. आरपीएफ द्वारा स्टेशन पर नियमित जांच अभियान चलाया जा रहा था. इसी दौरान ट्रेन के एक कोच में तीन लावारिस बैग संदिग्ध अवस्था में पड़े मिले, जिससे सुरक्षा कर्मियों को शक हुआ. तीन बैगों से मिली 55 बोतल शराब आरपीएफ द्वारा बैगों की तलाशी लेने पर उनमें भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद हुई. बरामद शराब में 6 बोतल रॉयल स्टैग व्हिस्की, 24 बोतल आफ्टर डार्क व्हिस्की तथा 25 बोतल 8 पीएम व्हिस्की शामिल थीं. कुल मिलाकर 55 बोतल अंग्रेजी शराब जब्त की गई. मौके पर ही आरपीएफ ने पंचनामा तैयार कर शराब को कब्जे में ले लिया. किसी यात्री ने नहीं किया दावा प्रारंभिक जांच के दौरान ट्रेन में मौजूद किसी भी यात्री ने बैग पर अपना दावा नहीं किया. इससे आशंका जताई जा रही है कि शराब तस्करों द्वारा अवैध रूप से शराब की खेप को बिहार में लाने की कोशिश की जा रही थी. संभावना है कि जांच अभियान या छापेमारी की भनक लगने के बाद तस्कर बैग को छोड़कर मौके से फरार हो गए. जीआरपी को सौंपा गया मामला आरपीएफ इंस्पेक्टर कुंदन कुमार ने बताया कि बरामद सभी शराब को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद जीआरपी बक्सर को सौंप दिया गया ह

## जेपीयू ने पीजी सेकेंड सेमेस्टर परीक्षा फॉर्म भरने की अंतिम तिथि बढ़ाई,



**पटना (एजेंसी)** ने पीजी सेकेंड सेमेस्टर सत्र 2024-26 के छात्रों को बड़ी राहत देते हुए परीक्षा फॉर्म भरने की अंतिम तिथि बढ़ा दी है. अब छात्र-छात्राएं 5 जून तक ऑनलाइन माध्यम से परीक्षा फॉर्म भर सकेंगे. (छपरा से प्रभात किरण हिमांशु की रिपोर्ट) जयप्रकाश विश्वविद्यालय (जेपीयू) ने पीजी सेकेंड सेमेस्टर सत्र 2024-26 के छात्रों को बड़ी राहत देते हुए परीक्षा फॉर्म भरने की अंतिम तिथि बढ़ा दी है. अब छात्र-छात्राएं 5 जून तक ऑनलाइन माध्यम से परीक्षा फॉर्म भर सकेंगे. विश्वविद्यालय प्रशासन ने इसे अंतिम अवसर बताते हुए सभी विद्यार्थियों से समय रहते प्रक्रिया पूरी करने की अपील की है. छात्रों की मांग पर बढ़ाई गई अंतिम तिथि जेपीयू के परीक्षा विभाग ने पीजी सेकेंड सेमेस्टर सत्र 2024-26 की परीक्षा के लिए फॉर्म भरने की तिथि का विस्तार किया है. परीक्षा नियंत्रक डॉ. अशोक कुमार मिश्रा ने बताया कि पहले फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 18 मई निर्धारित की गई थी. हालांकि, कई छात्र-छात्राओं ने आवेदन देकर समय बढ़ाने की मांग की थी, जिसके बाद यह निर्णय लिया गया. 5 जून तक मिलेगा फॉर्म भरने का मौका विश्वविद्यालय ने उन विद्यार्थियों को राहत दी है, जो किसी कारणवश निर्धारित समय सीमा के भीतर परीक्षा फॉर्म नहीं भर पाए थे. ऐसे छात्रों को अब 5 जून तक परीक्षा फॉर्म भरने का अंतिम अवसर दिया गया है. इसके बाद किसी प्रकार की समय वृद्धि की संभावना नहीं है. 15 जून से शुरू होगी सेकेंड सेमेस्टर की परीक्षा विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार पीजी सेकेंड सेमेस्टर की परीक्षा 15 जून से शुरू होने वाली है. परीक्षा कार्यक्रम पहले ही जारी किया जा चुका है. ऐसे में परीक्षा की तैयारियों को देखते हुए छात्रों को जल्द से जल्द फॉर्म भरने का निर्देश दिया गया है. फॉर्म भरने के बाद जारी होगा एडमिट कार्ड परीक्षा नियंत्रक ने बताया कि 5 जून को फॉर्म भरने की प्रक्रिया समाप्त होने के बाद विद्यार्थियों के एडमिट कार्ड जारी किए जाएंगे. इसलिए सभी छात्र-छात्राओं को निर्धारित समय सीमा के भीतर आवेदन प्रक्रिया पूरी करने की सलाह दी गई है. ऑनलाइन मोड में भरे जा रहे हैं परीक्षा फॉर्म परीक्षा फॉर्म ऑनलाइन माध्यम से भरे जा रहे हैं. विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर फॉर्म भरने से संबंधित सभी आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराई गई है. छात्र-छात्राएं वेबसाइट पर जाकर निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार अपना आवेदन पूरा कर सकते हैं. विलंब करने वाले छात्रों के लिए अंतिम मौका विश्वविद्यालय ने स्पष्ट किया है कि यह समय विस्तार विशेष परिस्थितियों में दिया गया अंतिम अवसर है. इसलिए जो छात्र अब तक फॉर्म भरने से वंचित हैं, वे 5 जून तक हर हाल में अपना परीक्षा फॉर्म भर लें, ताकि परीक्षा में शामिल होने में किसी प्रकार की परेशानी न हो.

## गुरु रविदास महाराज की 650वीं जयंती समारोह में शामिल होने बेगूसराय से पटना रवाना हुआ



**पटना (एजेंसी)** संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज की 650वीं जयंती शताब्दी समारोह के अवसर पर पटना में आयोजित होने वाले भव्य संत सम्मेलन में भाग लेने के लिए बेगूसराय के साहेबपुरकमाल से अखिल भारतीय रविदास महासंघ का एक प्रतिनिधिमंडल रवाना हुआ.

बेगूसराय,साहेबपुरकमाल से अजय कुमार की रिपोर्ट) संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज की 650वीं जयंती शताब्दी समारोह के अवसर पर पटना में आयोजित होने वाले भव्य संत सम्मेलन में भाग लेने के लिए बेगूसराय के साहेबपुरकमाल से अखिल रविदास समाज के लोगों का जत्था साहेबपुरकमाल से रवाना हुआ. महासंघ के उपाध्यक्ष नागो दास एवं रविदास एकता मंच के उपाध्यक्ष नन्ददेव कुमार ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर प्रतिनिधिमंडल को विदा किया. समाज के बड़ी संख्या में लोग हुए शामिल जागो चमार रविदासिया धर्म संगठन द्वारा आयोजित जत्थे में शामिल पटना रवाना होने वाले प्रतिनिधिमंडल में विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष मनोज दास, प्रखंड सचिव पंकज कुमार, उपाध्यक्ष अशोक कुमार, राजीव कुमार दास, रामबच्चन दास, महेंद्र दास, नवीन कुमार, राकेश कुमार, मनोज दास, मीडिया प्रभारी सूरज कुमार दास, अनिल दास, शिक्षिका सरिता कुमारी तथा विकास मित्र ललिता कुमारी सहित कई लोग शामिल रहे. गुरु रविदास के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान इस अवसर पर विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष मनोज दास ने कहा कि समाज को अपने सांस्कृतिक, सामाजिक और धार्मिक अधिकारों के प्रति जागरूक होने की जरूरत है. उन्होंने कहा कि गुरु रविदास महाराज के विचार आज भी समानता, भाईचारे और मानवता का संदेश देते हैं. उनके आदर्शों को समाज के हर वर्ग तक पहुंचाना समय की आवश्यकता है. सामाजिक एकता और जागरूकता का बनेगा मंच मनोज दास ने विश्वास व्यक्त किया कि पटना में आयोजित यह संत सम्मेलन समाज की एकता, संगठन की मजबूती और सामाजिक जागरूकता को नई दिशा देगा. उन्होंने कहा कि सम्मेलन में देश के विभिन्न राज्यों से आए संत-महात्मा, सामाजिक कार्यकर्ता और संगठन पदाधिकारी गुरु रविदास महाराज के जीवन, दर्शन और सामाजिक समरसता पर अपने विचार साझा करेंगे.

## बेगूसराय में नन्हे हाथों ने संभाली प्रकृति की जिम्मेदारी, पक्षियों के लिए बच्चों को बांटे गए मिट्टी के सकोरे



**पटना (एजेंसी)** बेगूसराय जिले के राजकीयकृत मध्य विद्यालय, घाघड़ा में भीषण गर्मी से जूझ रहे पक्षियों को राहत पहुंचाने के लिए एक सराहनीय पहल की गई. विद्यालय में आयोजित विशेष कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं के बीच मिट्टी के सकोरों का वितरण किया गया और उन्हें पक्षियों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था करने के लिए प्रेरित किया गया. (बेगूसराय से विकाश मिश्रा की रिपोर्ट) : बेगूसराय जिले के राजकीयकृत मध्य विद्यालय, घाघड़ा में भीषण गर्मी से जूझ रहे पक्षियों को राहत पहुंचाने के लिए एक सराहनीय पहल की गई. विद्यालय में आयोजित विशेष कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं के बीच मिट्टी के सकोरों का वितरण किया गया और उन्हें पक्षियों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था करने के लिए प्रेरित किया गया. पक्षियों की मदद के लिए बच्चों को सौंपी गई जिम्मेदारी कार्यक्रम में बच्चों को बताया गया कि गर्मी की छुट्टियों के दौरान वे अपने घरों की छत, आंगन, बगीचे और अन्य सुरक्षित स्थानों पर पानी से भरे सकोरे रखें, ताकि प्यासे पक्षियों को राहत मिल सके. इस पहल का उद्देश्य बच्चों में पर्यावरण और जीव-जंतुओं के प्रति संवेदनशीलता विकसित करना है. पर्यावरण संरक्षण का दिया गया संदेश कार्यक्रम का संचालन शिक्षक वसंत कुमार और सज्जन सदा के नेतृत्व में किया गया. इस दौरान विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण, जैव विविधता और जीव-जंतुओं की सुरक्षा के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई. पानी के अभाव में पक्षियों की चली जाती है जान पर्यावरण कार्यकर्ता एवं शिक्षक वसंत कुमार ने कहा कि गर्मी के दिनों में इंसान अपनी प्यास बुझाने के कई साधन जुटा लेता है, लेकिन पक्षियों और अन्य जीवों को पानी के लिए भटकना पड़ता है. कई बार पानी नहीं मिलने से उनकी जान तक चली जाती है. उन्होंने बच्चों से अपने आसपास दाना-पानी रखने और पक्षियों के लिए सुरक्षित आश्रय तैयार करने की अपील की. बर्ड हाउस बनाने के लिए भी किया गया प्रेरित वसंत कुमार ने विद्यार्थियों से कहा कि वे छुट्टियों के दौरान लकड़ी, प्लाई, गत्ते और अन्य उपलब्ध सामग्रियों से बर्ड हाउस बनाएं, ताकि पक्षियों को सुरक्षित आश्रय मिल सके और वे भीषण गर्मी से बच सकें. पक्षी अपनी पीड़ा नहीं बता सकते शिक्षक सज्जन सदा ने कहा कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में सभी जीव-जंतुओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है. पक्षी अपनी तकलीफ व्यक्त नहीं कर सकते

## खेसारी लाल यादव बोले- मैं पवन सिंह का चमचा नहीं हूं, संघर्ष के दिनों को याद कर बताया कब बदली किस्मत



**पटना (एजेंसी)** भोजपुरी स्टार खेसारी लाल यादव ने एक पॉडकास्ट में पवन सिंह, काजल राघवानी और अपने संघर्ष के दिनों को लेकर खुलकर बात की. उन्होंने कहा कि वह पवन सिंह के चमचा नहीं हैं. खेसारी ने आगे कहा कि सफलता तक पहुंचने के लिए उन्होंने काफी संघर्ष किया है. भोजपुरी सिनेमा के सुपरस्टार खेसारी लाल यादव ने एक बार फिर अभिनेता और गायक पवन सिंह को लेकर बड़ा बयान दिया है. एक पॉडकास्ट में बातचीत के दौरान खेसारी ने अपने करियर, निजी जिंदगी और इंडस्ट्री के कई मुद्दों पर खुलकर बात की. उन्होंने पवन सिंह का जिक्र करते हुए कहा कि सच बात सबको अच्छी नहीं लगती. मैं पवन सिंह का चमचा नहीं हूं कि मैं उनके गलत में भी हां बोलूं और सही में भी हां बोलूं. ह्यमैं इंडस्ट्री में बाद में आया, लेकिन ज्यादा फिल्में की पवन सिंह के साथ रिश्तों को लेकर पूछे गए सवाल पर खेसारी ने कहा कि वह इंडस्ट्री में पवन सिंह के बाद आए, लेकिन उन्होंने उनसे ज्यादा फिल्मों में काम किया है. खेसारी ने आगे कहा कि उन्होंने कहा था कि वो मेरे साथ कभी काम नहीं करेंगे. इसके बावजूद मैं लगातार काम कर रहा हूं. मैंने उनके साथ सिर्फ एक फिल्म की है. काजल राघवानी को लेकर भी दिया जवाब पॉडकास्ट में खेसारी ने अभिनेत्री काजल राघवानी को लेकर भी बात की. उन्होंने कहा कि जिस तरह पहले वह उनके लिए सही थीं, आज भी वैसी ही हैं. उन्होंने कहा की इंसान को प्यार हो जाता है. मैं तो कहता हूं कि मर्द को प्यार नहीं, आदत हो जाती है. बचपन में घर-घर पहुंचाते थे दूध खेसारी ने अपने संघर्ष के दिनों को याद करते हुए बताया कि उनके परिवार के पास ज्यादा जमीन नहीं थी. वह अपने चाचा के साथ गांव में रहते थे, जबकि उनके पिता दिल्ली में मजदूरी करते थे. उन्होंने बताया कि बचपन में वह घर-घर जाकर दूध पहुंचाते थे. इसी दौरान गाने का भी अभ्यास करते थे और संगीत सीखते थे. दिल्ली में बेचा लिट्टी-चोखा खेसारी ने बताया कि 2004 से 2007 तक उन्होंने दिल्ली के ओखला इलाके में लिट्टी-चोखा की दुकान चलाई. दिन में दुकान संभालते थे और रात में गाना गाते थे. उन्होंने कहा कि साल 2006 में उनकी शादी हुई थी. उसी दौरान पिता ने उन्हें 11 हजार रुपये दिए थे, जिससे उन्होंने अपनी पहली ऑडियो कैसेट निकाली. पहली कैसेट फ्लॉप रही, दूसरी को थोड़ा प्यार मिला और तीसरी कैसेट ने उन्हें पहचान दिला दी. बेटी के जन्म के बाद बदली किस्मत खेसारी ने बताया कि साल 2008 में उनकी बेटी का जन्म हुआ. इसके बाद उनके कई गाने हिट हुए और धीरे-धीरे भोजपुरी इंडस्ट्री में उनकी पहचान मजबूत होती चली गई. मनोज तिवारी के घर में छिपकर रहे संघर्ष के दिनों को याद करते हुए खेसारी ने एक और दिलचस्प किस्सा सुनाया. उन्होंने बताया कि मुंबई में रहने के दौरान वह भोजपुरी स्टार और सांसद मनोज तिवारी के घर में छिपकर रहते थे. खेसारी ने कहा कि मनोज तिवारी के घर के दो केयरटेकर उनके परिचित थे. उन्हीं की मदद से वह वहां रुके रहते थे. बाद में मनोज तिवारी को भी इस बात की जानकारी हो गई थी.



राधा का अर्थ है...मोक्ष की प्राप्ति। रा का अर्थ है मोक्ष और ध का अर्थ है प्राप्ति। कृष्ण जब वृन्दावन से मथुरा गए, तब से उनके जीवन में एक पल भी विश्राम नही था। उन्होंने आततायिओं से प्रजा की रक्षा की, राजाओं को उनके लुटे हुए राज्य वापिस दिलवाए और सोलह हज़ार स्त्रियों को उनके स्त्रीत्व की गरिमा प्रदान की। उन्होंने अन्य कई जनहित कार्यों में अपने जीवन का उत्सर्ग किया।

# स्पंदन राधा कृष्ण का

राधा का अर्थ है ...मोक्ष की प्राप्ति। रा का अर्थ है मोक्ष और ध का अर्थ है प्राप्ति। कृष्ण जब वृन्दावन से मथुरा गए, तब से उनके जीवन में एक पल भी विश्राम नही था। उन्होंने आततायिओं से प्रजा की रक्षा की, राजाओं को उनके लुटे हुए राज्य वापिस दिलवाए और सोलह हज़ार स्त्रियों को उनके स्त्रीत्व की गरिमा प्रदान की। उन्होंने अन्य कई जनहित कार्यों में अपने जीवन का उत्सर्ग किया। श्रीकृष्ण ने किसी चमत्कार से लड़ाइयाँ नहीं जीती। बल्कि अपनी बुद्धि योग और ज्ञान के आधार पर जीवन को सार्थक किया। मनुष्य का जन्म लेकर , मानवता की...उसके अधिकारों की सदैव रक्षा की। वे जीवन भर चलते रहे , कभी भी स्थिर नही रहे । जहाँ उनकी पुकार हुई,वे सहायता जुटाते रहे। उधर जब से कृष्ण वृन्दावन से गए, गोपियाँ और राधा तो मानो अपना अस्तित्व ही खो चुकी थी। राधा ने कृष्ण के वियोग में अपनी सुधबुध ही खो दी। मानो उनके प्राण ही न हो केवल काया मात्र रह गई थी। राधा को वियोगिनी देख कर ,कितने ही महान कवियों- लेखकों ने राधा के पक्ष में कान्हा को निर्मोही जैसी उपाधि दी। दे भी क्यूँ न ?

राधा का प्रेम ही ऐसा अलौकिक था...उसकी साक्षी थी यमुना जी की लहरें, वृन्दावन की वे कुंजन गलियाँ , वो कदम्ब का पेड़, वो गोधुली बेला जब श्याम गायें चरा कर वापिस आते थे , वो मुरली की स्वर लहरी जो सदैव वहाँ की हवाओं में विद्यमान रहती थी। राधा जो वनों में भटकती ,कृष्ण कृष्ण पुकारती,अपने प्रेम को अमर बनाती,उसकी पुकार सुन कर भी ,कृष्ण ने एक बार भी पलट कर पीछे नही देखा। ...तो क्यूँ न वो निर्मोही एवं कठोर ह्रदय कहलाए। राधा का प्रेम ही ऐसा अलौकिक था...उसकी साक्षी थी यमुना जी की लहरें , वृन्दावन की वे कुंजन गलियाँ , वो कदम्ब का पेड़, वो गोधुली बेला जब श्याम गायें चरा कर वापिस आते थे , वो मुरली की स्वर लहरी जो सदैव वहाँ की हवाओं में विद्यमान रहती थी ... किन्तु कृष्ण के ह्रदय का स्पंदन किसी ने नहीं सुना। स्वयं कृष्ण को कहाँ कभी समय मिला कि वो अपने ह्रदय की बात..मन की बात सुन सकें। या फिर क्या यह उनका अभिनय था? जब अपने ही कुटुंब से व्यथित हो कर वे प्रभास -क्षेत्र में लेट कर चिंतन कर रहे थे तब जरा के छोडे तीर की चुभन महसूस हुई। तभी उन्होंने देहोत्सर्ग करते हुए, राधा शब्द का उच्चारण किया। जिसे जरा ने सुना और उद्धव को जो उसी समय वह पहुँचे..उन्हें सुनाया। उद्धव की आँखों से आँसू लगतार बहने लगे। सभी लोगों को कृष्ण का संदेश देने के बाद ,जब उद्धव ,राधा के पास पहुँचे ,तो वे केवल इतना कह सके -

राधा, कान्हा तो सारे संसार के थे,
किन्तु राधा तो केवल कृष्ण के ह्रदय में थी

# कष्टहरता जय हनुमान...

हनुमान बजरंगबली और महावीर के नामों से जाने जाने वाले पवनसुत सप्त चिरंजीवियों में से एक हैं। पद्म-पुराण के 56-6-7 वें श्लोक में उनका अन्य छः चिरंजीवियों के साथ नाम इस प्रकार आता है-

अश्वत्थामा बलिव्यासो ह्नुमानन्च विभीषण।
कृप परशुरामश्च सप्तैत चिरंजीविन ।

वस्तुतः रामभक्त, संकटमोचन, रामसेवक, रामदूत, केशरीनंदन, आंजनेय, अंजनीसुत, कपीश, कपिराज, पवनसुत और संकटमोचक के रूप में विख्यात हनुमान अपने भक्तों को व्याधियों व संकटों, वेदनाओं तथा परेशानियों से मुक्ति दिलाते हैं।

### हनुमान भक्ति व पूजा का लाभ

हर व्यक्ति को जीवन में अनेक समस्याओं से गुजरना पड़ता है, ऐसे में हनुमानजी का स्मरण उसकी कष्टों से रक्षा करता है। जहाँ हनुमानजी का नाम मुश्किलों से बचाव करता है, वहीं वह मन से अनजाने भय को निकालकर शुभ व मंगल का पथ प्रशस्त करता है, विपत्तियों से मुक्ति दिलाता है।

वास्तव में, हनुमानजी रामभक्ति, सत्य मर्यादा, ब्रह्मचर्य, सदाचार व त्याग की चरम सीमा हैं। इसका सविस्तार वर्णन हमें सुंदरकांड में मिलता है। इसीलिए सुंदरकांड का पाठ करने से अनिष्ट, अमंगल तथा संकट की समाप्ति होती है, और नेष्ट का रास्ता खुलता है। सुंदरकांड का पाठ करने से हनुमानजी प्रसन्न होते हैं, तथा भक्त को सुपरिणाम प्रदान करते हैं।

कार्यसिद्धि के लिए भी सुंदरकांड का पाठ किया जाता है। परंतु इस हेतु पाठ अमावस्या की रात्रि से शुरू करके नियमित रूप से 45 दिन करना चाहिए। इसके अतिरिक्त नवरात्रि के समय भी सुंदरकांड का पाठ करना उचित माना जाता है। एक ऐसी भी मान्यता है कि नौ ग्रहों को रावण की कैद से केशरीनंदन ने ही म ु क्त कराया था। उस समय शनि ने हनुमानजी को वचन दिया था कि- हे हनुमान! जो कोई भी आपकी पूजा-अर्चना करेगा, मैं उसे नहीं सताऊँगा। साधक को मंगलवार व शनिवार की पूजा करने से विशेष लाभ प्राप्त होता है। यथार्थ तो यह है कि कलियुग में महावीर हनुमान का नाम सही अर्थों में संकटमोचन है।



# कौन थीं कृष्ण की 16108 रानियां ?

श्रीकृष्ण का नाम आते ही हमारे मन असीम प्रेम उमड़ता है। सभी जानते हैं कि असंख्य गोपियां थी जो श्रीकृष्ण से अनन्य प्रेम करती थीं। परंतु उनकी शादी श्रीकृष्ण से नहीं हो सकी। श्रीकृष्ण की प्रमुख पटरानी रुकमणी पटरानी रुकमणी सहित उनकी 8 पटरानियां एवं 16100 रानियां थीं। कुछ विद्वानों का यह मत है कि कृष्ण की प्रमुख रानियां तो आठ ही थीं, शेष 16,100 रानियां प्रतीकात्मक थीं। इन्हें वेदों की ऋचाएं माना गया है। ऐसा माना जाता है चारों वेदों में कुल एक लाख श्लोक हैं। इनमें से 80 हजार श्लोक यज्ञ के हैं, चार हजार श्लोक पराशक्तियों के हैं। शेष 16 हजार श्लोक ही गृहस्थों या आम लोगों के उपयोग के अर्थात भक्ति के हैं। इन श्लोकों को ऋचाएं कहा गया है, ये ऋचाएं ही भगवान कृष्ण की पत्नियां थीं। श्रीकृष्ण की प्रत्येक रानी से 10-10 पुत्र एवं प्रत्येक रानी से 1-1 पुत्री का जन्म हुआ।

# क्या है कृष्ण की रासलीला का सच ?



कुछ लोग अपने आपको कृष्ण भक्त या कृष्ण के अनुयाई बताकर चेहरे पर बड़े गर्व के भाव व्यक्त करते हुए घूमते हैं। यदि उनसे पूछा जाए कि क्या है कृष्ण का मतलब? क्या था कृष्ण का व्यक्तित्व, और क्या क हते हैं कृष्ण अपनी गीता में क्या रसिया कृष्ण की गीता में रासलीला का बड़ा ही सुन्दर वर्णन आया है इतना पूछने पर, अपने आप को कृष्ण का अनुयाई कहने वाले ये तथाकथित कृष्ण भक्त खिसियाकर बगलें झांकने लगते हैं।

वास्तविकता यह है कि रास शब्द रस से ही बना है। जबकि रस शब्द का अर्थ है आनंद। आगे चलकर हम देखते हैं कि संगीत के साथ किये जाने वाले नृत्य को ही काव्य अथवा साहित्य में रास संज्ञा से सूचित किया जाने लगा। पता नहीं रासलीला को लेकर समाज में यह गलत मान्यता कैसे प्रचलित हो गई। संस्कृत कवि जयदेव ने अपने काव्य में कृष्ण को नायक बनाकर कई श्रृंगारिक गीतों की रचना की जो कि पूरी तरह काल्पनिक एवं मनगढ़ंत हैं। जयदेव की परंपरा को ही बाद में विद्यापति....से लेकर सूरदास ने आगे बढ़ाया।

नौ वर्ष के कृष्ण- एक अति महत्वपूर्ण बात और भी है जिससे बहुत कम ही लोग परिचित हैं। वह यह है कि जब कृष्ण ने हमेशा-हमेशा के लिये गोकुल-वृंदावन छोड़ा तब उनकी उम्र मात्र नौ वर्ष की थी। इससे यह तो स्पष्ट ही है कि कृष्ण जब गोप-गोपिकाओं के साथ गौकुल-वृंदावन में थे तब नौ वर्ष से भी छोटे रहे होगें। अति मनोहर रूप, बांसुरी बजाने में अत्यंत निपुण, अवतारी आत्मा होने के कारण जन्मजात प्रतिभाशाली आदि तमाम बातों के कारण वे आसपास के पूरे क्षेत्र में अत्यंत् लोकप्रिय थे। नौ वर्ष के बालक का गोपियों के साथ नृत्य करना एक विशुद्ध प्रेम और आनंद का ही विषय हो सकता है। अत कृष्ण रास को शारीरिक धरातल पर लाकर उसमें मोजमस्ती या भोग विलास जेसा कुछ ढूंढना इंसान की स्यवं की फितरत पर निर्भर करता है। कृष्ण के प्रति कोई राय बनाने से पूर्व इंसान को गीता को समझना होगा क्योंकि उसके बिना कोई कृष्ण को वास्तविक रूप में समझ ही नहीं पाएगा।

# माँ गंगा का प्राकट्य

शिव का हिमालय और गंगा से घनिष्ठ संबंध है और गंगा से उनके संबंध की कथा से लोकप्रिय चित्रांकन बड़ा समृद्ध हुआ है। हिंदुओं के लिए समस्त जल, चाहे वह सागर हो या नदी, झील या वर्षाजल, जीवन का प्रतीक है और उसकी प्रकृति दैवी मानी जाती है। इस संदर्भ में प्रमुख हैं तीन पवित्र नदियाँ- गंगा, यमुना और काल्पनिक सरस्वती। इनमें से पहली नदी सर्वाधिक महत्वपूर्ण है।

चूँकि गंगा स्त्रीलिंग हैं, इसलिए उसे लंबे केशों वाली महिला के रूप में अंकित किया जाता है। देवी के रूप में गंगा उन सबके पाप धो देती है जो इतने भाग्यशाली हों कि उनकी भस्म उसके पवित्र जल में प्रवाहित की जाए। ब्रह्मवैवर्त पुराण में गंगा को संबोधित करने वाले एक पद में स्वयं शिव कहते हैं- पृथ्वी पर लाखों जन्म-जन्मान्तर के दौरान एक पापी जो पाप के पहाड़ जुटा लेता है, गंगा के एक पवित्र स्पर्श मात्र से लुप्त हो जाता है। जो भी व्यक्ति इस पवित्र जल से आर्द्र हवा में साँस भी ले लेगा, वह निष्कलंक हो जाएगा। विश्वास किया जाता है कि गंगा के दिव्य शरीर के स्पर्श मात्र से हर व्यक्ति पवित्र हो जाता है। भारतीय देवकथा में सर्वाधिक रंगीन कहानियाँ हैं उन परिस्थितियों के बारे में जिनमें गंगा स्वर्गलोक से उतरकर पृथ्वी पर आई थीं।

एक समय कुछ राक्षस थे जो ब्राह्मण ऋषि-मुनियों को तंग करते थे और उनके भजन-पूजा में बाधा डाला करते थे। जब उनका पीछा किया जाता था तो वे समुद्र में छिप जाते थे, मगर रात में फिर आकर सताया करते थे। एक बार ऋषियों ने ऋषि अगस्त्य से प्रार्थना की कि वे उनको राक्षसी प्रलोभन की यातना से मुक्त करें। उनकी सहायता के उद्देश्य से अगस्त्य ऋषि राक्षसों समेत समुद्र को पी गए। इस प्रकार उन राक्षसों का अंत हो गया किंतु पृथ्वी जल से शून्य हो गई। तब मनुष्यों ने एक और ऋषि भगीरथ से प्रार्थना की कि वे सूखे की विपदा से उन्हें छुटकारा दिलाएँ। इतना बड़ा वरदान पाने के योग्य बनने के लिए भगीरथ ने तपस्या करने में एक हजार वर्ष बिता दिए और फिर ब्रह्मा के पास गए और उनसे प्रार्थना की कि वे स्वर्गलोक की नदी गंगा को- जो आकाश की नक्षत्र धाराओं में से एक थी- पृथ्वी पर उतार दें। भगीरथ की तपस्या से प्रसन्न होकर ब्रह्मा ने यथाशक्ति प्रयत्न करने का वचन दिया और कहा कि वे इस मामले में शिव से सहायता माँगेंगे। उन्होंने समझाया कि अगर स्वर्गलोक की वह महान नदी अपने पूरे वेग और समस्त जल के भार के साथ पृथ्वी पर गिरी तो भूकंप आ जाएँगे और उसके फलस्वरूप बहुत विध्वंस होगा। अतः किसी को उसके गिरने का आघात सहकर उसका धक्का कम करना होगा और यह काम शिव के अतिरिक्त और कोई नहीं कर सकता। भगीरथ उपवास और प्रार्थनाएँ करते रहे। समय आने पर शिव पसीजे। उन्होंने गंगा को अपनी धारा पृथ्वी पर गिराने दी और उसके आघात को कम करने के लिए उन्होंने पृथ्वी और आकाश के बीच अपना सिर रख दिया। स्वर्गलोक का जल तब उनके केशों से होकर हिमालय में बड़े सुचारु रूप से बहने लगा और वहाँ से भारतीय मैदानों में पहुँचा जहाँ वह समृद्धि, स्वर्गलोक के आशीर्वाद और पापों से मुक्ति लेकर आया।



## कुछ आसान और अचूक टोटके

समय की कमी और भागदोड़ से भरी जिंदगी ने आज इंसान को हेरान परेशान कर रखा है। यहां हम जिन टोटकों यानि कि युक्तियों को दे रहें हैं वे ऐसी ही अद्भुत और कारगर युक्तियां हैं। ये तुलसी रामायण के प्रामाणिक और शक्ति सम्पन्न अंस हैं। जिनको सूर्योदय से पूर्व पूर्ण शांत एवं पूर्ण एकांत स्थान पर मात्र 15 मिनिट मंत्र की तरह जपने से इच्छित मनोकामना अवश्य पूर्ण होती है।

- धन-समृद्धि की वृद्धि के लिये - जे सकाम नर सुनहिं जे गावहिं, सुख सम्पति नाना विधि पावहिं ।
- मुकद्दमा जीतने के लिये - पवन तनय बल पवन समाना, बुद्धि विवेक विज्ञान निधाना ।
- पुत्र प्राप्ति के लिये - प्रेम मगन कोशल्या निशिदिनि जात न जान, पुत्र सनेह बस माता बालचरित कर गान ।

# हरमनप्रीत टी20 अंतरराष्ट्रीय में 4000 रन बनाने वाली तीसरी खिलाड़ी बनी



**ब्रिस्टल (एजेंसी)।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने यहां इंग्लैंड के खिलाफ हुए दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मुकाबले में एक नया रिकार्ड बनाया है। हरमनप्रीत ने इस मैच में 22 गेंदों पर 22 रन बनाने के साथ ही टी20 अंतरराष्ट्रीय में अपने 4000 रन पूरे कर लिय। हरमनप्रीत हालांकि इस पारी के बाद भी भारतीय टीम को जीत दिलाने में असफल रहीं। अब हरमनप्रीत न्यूजीलैंड की अनुभवी बल्लेबाज सूजी बेट्स और अपनी ही साथी खिलाड़ी स्मृति मंधाना के साथ 4000 रन बनाने वाली तीसरी खिलाड़ी बन गयी हैं। हो गई हैं।

हरमनप्रीत का टी20 अंतरराष्ट्रीय में करियर काफी अच्छा रहा है। उन्होंने अब तक 196 मैचों में 29.77 की औसत और 109.93 के स्ट्राइक रेट से कुल 4019 रन बनाए हैं। इस दौरान उन्होंने एक शतक और 16 अर्धशतक भी लगाये हैं। इससे उनकी निरंतरता और मैच विजेता क्षमता नजर आती है। गौरतलब है कि महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड न्यूजीलैंड की सूजी बेट्स के नाम है। सूजी ने 183 मैचों में कुल 4720 रन बनाए हैं। वहीं मंधाना 165 मैचों में 4325 रन बनाकर तीसरे स्थान पर बनी हुई हैं।

इस मैच में भारतीय टीम को जीत के लिए 169 रनों का लक्ष्य मिला था जिसे वह हासिल करने में विफल रही और 9 विकेट पर 142/9 रन ही बना सकी और उसे इंग्लैंड के हाथों 26 रन से हार का सामना करना पड़ा। टीम इस मैच में अच्छी शुरुआत का लाभ नहीं उठा पायी। मध्यक्रम में बल्लेबाजों के रन नहीं बनाने से निचले क्रम पर अधिक दबाव आ गया। मैच के बाद हरमनप्रीत ने हार का कारण मध्यक्रम के विफल होने को माना है। उन्होंने माना कि यदि बल्लेबाज एक दो रन लेते रहती हो परिणाम कुछ और होता। इस हार के साथ ही तीन मैचों की ञ्20 सीरीज में अब दोनो ही टीमें 1-1 से बराबरी प आ गई है। दोनों टीमों के बीच निर्णायक मुकाबला 2 जून को टॉन्टन में खेला जाएगा, जो सीरीज विजेता का फैसला करेगा।

## सात्विक-चिराग ने जीता सिंगापुर ओपन का खिताब, रोमांचक मुकाबले में इंडोनेशियाई जोड़ी को हराया



**सिंगापुर (एजेंसी)।** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पूर्व विश्व नंबर एक जोड़ी ने रविवार को पुरुष युगल फाइनल में इंडोनेशिया के फजर अल्फियन और मुहम्मद शोहिबुल फिकरी की जोड़ी को हराकर अपना पहला सिंगापुर ओपन बैडमिंटन खिताब जीता। एशियाई खेलों और राष्ट्रमंडल खेलों की चैंपियन इस भारतीय जोड़ी ने शानदार वापसी करते हुए दो वर्षों में अपना पहला खिताब जीता। यह उनके करियर का नौवां BWF विश्व टूर खिताब है।

भारतीय जोड़ी ने शुरुआती गेम में पिछड़ने के बाद रोमांचक मुकाबले में 18-21, 21-17, 21-16 से जीत दर्ज करते हुए सुपर 750 स्तर का अपना तीसरा खिताब भी हासिल किया। विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान पर काबिज इस भारतीय जोड़ी के लिए यह जीत विशेष रूप से महत्वपूर्ण रही, क्योंकि वे सिंगापुर ओपन में पुरुष युगल खिताब जीतने वाले पहले भारतीय बने। सात्विक और चिराग ने पिछली बार 2024 में थाईलैंड ओपन का खिताब जीता था। तब से वे चार फाइनल में पहुंचे थे लेकिन हर बार उपविजेता रहे।

सिंगापुर में जीत के साथ उन्होंने खिताबी सूखे को भी समाप्त कर दिया। फाइनल से पहले भारतीय जोड़ी को इंडोनेशिया की इस जोड़ी के खिलाफ खेले गए तीन मुकाबलों में से दो में हार का सामना करना पड़ा था। इस प्रतिद्वंद्वी जोड़ी के खिलाफ उनकी पिछली हार जनवरी में मलेशिया ओपन के क्वार्टर फाइनल में हुई थी। कड़े मुकाबले वाले पहले गेम में पिछड़ने के बावजूद भारतीय जोड़ी ने अपने खेल की गति बढ़ाई और लंबी रैलियों में दबदबा बनाते हुए विश्व नंबर तीन इंडोनेशियाई जोड़ी के खिलाफ मुकाबले का रुख पलट दिया।

यह जीत भारतीय जोड़ी के लिए शानदार सप्ताह का समापन भी रही। उन्होंने सेमीफाइनल में दक्षिण कोरिया के मौजूदा विश्व चैंपियन और शीर्ष वरीयता प्राप्त किम वोन-हो तथा सियो सेउंग-जे की जोड़ी को हराकर बड़ा उलटफेर किया था। जीत का निर्णायक अंक हासिल होते ही सात्विक और चिराग जश्न मनाने के लिए कोर्ट पर लेट गए। इसके बाद सात्विक ने बच्चों जैसी खुशी का प्रदर्शन किया, जबकि उत्साहित चिराग ने जोरदार दहाड़ लगाई और अपने साथी पर कूद पड़े। बाद में दोनों खिलाड़ियों ने कोर्ट पर नृत्य किया और पोडियम के शीर्ष पायदान पर लंबे समय बाद वापसी का भरपूर आनंद लिया।

## अफगानिस्तान के खिलाफ सीरीज से पहले सीओई में फिटनेस जांच से गुजरेंगे पंड्या



**मुम्बई (एजेंसी)।** ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या का प्रदर्शन हाल में अच्छा नहीं रहा है। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में वह गेंद और बल्ले दोनो से ही संघर्ष करते हुए दिखे। इस दौरान उनकी खराब फिटनेस भी सामने आ गयी जिस कारण उन्हें कुछ मैचों से भी बाहर रहना पड़ा। ऐसे में अब अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाली आगामी एकदिवसीय सीरीज में खेलने से पहले उन्हें सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) में फिटनेस जांच से गुजरना होगा। इसमें पास होने पर ही वह अफगानिस्तान के खिलाफ खेल पायेंगे।

एक रिपोर्ट के अनुसार हार्दिक पहले सप्ताह में सीओई पहुंच सकते हैं और करीब 10 दिनों तक वहां अपनी फिटनेस पर काम करेंगे। इस दौरान उनकी शारीरिक स्थिति और मैच फिटनेस का आंकलन किया जाएगा। पंड्या को अफगानिस्तान के खिलाफ घरेलू एकदिवसीय सीरीज के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया है पर उनके खेलने को लेकर फैसला फिटनेस जांच में पास होने पर ही होगा। यदि वह सीओई में निर्धारित सभी फिटनेस मानकों को सफलतापूर्वक पूरा कर लेते हैं, तभी उन्हें सीरीज में खेलने का अवसर मिलेगा। गौरतलब है कि आईपीएल के इसी सत्र में पंड्या पीठ में ऐंठन के कारण दर्द से परेशान रहे। इसी वजह से वह कई मुकाबलों में मुंबई इंडियंस के लिए उपलब्ध नहीं थे। ऐसे में उनकी फिटनेस को लेकर चयनकर्ता और टीम प्रबंधन गंभीर है।

## वैभव सूर्यवंशी अब भारत ए की ओर से त्रिकोणीय सीरीज खेलते दिखेंगे



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** 15 साल के वैभव सूर्यवंशी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 19 वें सत्र में शानदार बल्लेबाजी के बाद अब अगले माह भारत ए की ओर से ट्राई सीरीज में खेलते हुए दिखेंगे। वैभव को घरेलू क्रिकेट के अलावा आईपीएल में शानदार प्रदर्शन के आधार पर भारत ए टीम में जगह मिली है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआईढ्ढ) ने इस उभरते हुए बल्लेबाज की धमाकेदार फॉर्म को देखते हुए उन्हें श्रीलंका ए और अफगानिस्तान ए के खिलाफ होने वाली ट्राई-सीरीज के लिए टीम में शामिल किया है। वैभव ने आईपीएल में जिस प्रकार से 16 मैचों में 776 रन बनाए हैं। उससे भी चयनसमिति प्रभावित है। उनका निडर होकर खेलने का अंदाज सबको भाया है। ऐसे में अब वह तिलक वर्मा की कप्तानी में भारत ए की ओर से खेलते हुए दिखेंगे। भारत ए टीम 9 जून से शुरू होने वाली त्रिकोणीय सीरीज खेलेगी। यह सीरीज आईपीएल सत्र समाप्त होते ही शुरू होगी। ये टूर्नामेंट 21 जून को समाप्त होगा।

भारतीय ए टीम को 9 जून को मेजबान श्रीलंका ए से होगा. इसके बाद 11 जून से अफगानिस्तान के खिलाफ उतरेगी। 15 जून को फिर से श्रीलंका ए टीम के खिलाफ उसका मुकाबला होगा। वहीं 17 तारीख को अफगानिस्तान से दूसरे लीग मैच में टीम खेलेगी।

**भारत ए टीम इस प्रकार है**

तिलक वर्मा (कप्तान), प्रियांश आर्य, वैभव सूर्यवंशी, रियान पराग (उपकप्तान), आयुष बडोनी, निशांत सिंधु, हर्ष दुबे, सूर्यांश शेडगे, प्रभसिमरन सिंह (विकेटकीपर), कुमार कुशाग्र (विकेटकीपर), विप्रज निगम, यश ठाकुर, युधवीर सिंह, अंशुल कम्बोज, अरशद खान. वैभव सूर्यवंशी का शानदार आगाज

## भारतीय महिला टीम ने अंडर-18 एशिया कप हॉकी मुकाबले में दक्षिण कोरियाई टीम को 3-1 से हराया

काकामिगहारा । भारतीय भारतीय महिला हॉकी टीम ने यहां जापान के काकामिगहारा में खेले जा रहे महिलाओं के अंडर-18 एशिया कप हॉकी मुकाबले में दक्षिण कोरियाई टीम को 3-1 से हराया। इस जीत के साथ ही भारतीय टीम पूल ए में शीर्ष पर पहुंच गयी है। भारतीय टीम की ये टूर्नामेंट में लगातार दूसरी जीत है। इससे पहले भारतीय टीम ने मलेशिया को भी हराया था। भारत की ओर से नौशीन नाज़, श्रुति कुमारी और किरण एक्का ने एक-एक गोल किया। वहीं कोरया की आर से एकमात्र गोल ग्योंगमिन रयू ने किया। भारतीय टीम ने मैच की शुरुआत में ही बढ़त बना ली। चौथे मिनट में नौशीन ने एक पेनल्टी स्ट्रोक पर गोल दागकर भारतीय टीम को 1-0 की बढ़त दिलाई। इस शुरुआती बढ़त के बाद भारतीय टीम ने लगातार दबाव बनाये रखा। दूसरे क्वार्टर के 21वें मिनट में श्रुति कुमारी के एक मैदानी गोल कर भारतीय टीम को 2-0 से आगे कर दिया। हाफ-टाइम ब्रेक तक भारतीय टीम बढ़त बनाये हुए थी।

## फिटनेस और स्ट्राइक रेट सुधारने का लाभ मिला : सरफराज



मुम्बई । बल्लेबाज सरफराज खान अब टी20 मुंबई लीग में खेलते हुए नजर आयेंगे। टी20 मुंबई लीग के चौथे सत्र से पहले मुंबई वेस्टर्न सबअर्ब्स आकाश टाइगर्स की ओर से खेलेंगे। इसी दौरान सरफराज ने खुलासा किया कि पिछले दो साल जब उन्हें आईपीएल में अवसर नहीं मिला था तो उन्होंने अपनी फिटनेस और स्ट्राइक रेट पर काम किया था। सरफराज का कहना है कि इसका लाभ अब उन्हें मिला है। इसी कारण वह आईपीएल के 19 वें सत्र में चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) की ओर से खेलते समय सहज रहे। सरफराज पिछले कुछ आईपीएल सत्रों में किसी भी टीम ने नहीं खरीदा था। हालांकि, इस साल उन्हें सीएसके ने अवसर दिया। सरफराज ने अपने मुश्किल दौर को याद किया। उन्होंने कहा, आईपीएल में मेरे लिए सबसे बड़ी चुनौती थी वापसी करना और एक प्रभावी स्ट्राइक रेट के साथ प्रदर्शन करना। पूर्व में मुझे स्ट्राइक रेट और फिटनेस को लेकर कुछ समस्याएँ थीं, और इन्हीं कारणों से मुझे दो साल तक अवसर नहीं मिला। उस दौरान मेरे मन में यही था कि मुझे हर हाल में वापसी करनी है। इसी बीच उन्होंने अपनी कमजोरियों पर काम किया। उन्होंने अपनी बात जारी रखते हुए बताया, मुझे अपने स्ट्राइक रेट में सुधार करने और अपनी फिटनेस को एक उच्च स्तर पर ले जाने की सख्त आवश्यकता थी। यही वह मुख्य कारण था जिसके चलते मैं दो साल तक आईपीएल में जगह नहीं बना पाया। इस अवधि में उन्होंने अपनी शारीरिक फिटनेस, क्षेत्ररक्षण कौशल और बल्लेबाजी तकनीक पर लगातार और कड़ी मेहनत की। इसी का परिणाम ये रहा कि उन्हें इस बार अवसर मिल गया है। सरफराज ने दृढ़ता से कहा कि वह भविष्य में भी अपने खेल में सुधार जारी रखेंगे, क्योंकि क्रिकेट में सीखने की प्रक्रिया कभी खत्म नहीं होती।

## सचिन भी हुए वैभव के प्रशंसक, बोले वह स्लॉगर नहीं अद्भुत खिलाड़ी

### टेस्ट क्रिकेट खेलते देखना चाहते हैं

मुम्बई । महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने भी 15 साल के उभरते हुए क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी की जमकर प्रशंसा की है। सचिन ने वैभव की प्रशंसा करते हुए कहा है कि वह असाधारण प्रतिभा वाला खिलाड़ी है और जिस प्रकार वह कलाई के जरिये शॉट खेलता है उससे ये साफ है कि वह स्लॉगर नहीं है। वैभव की धुआंधार खेल शैली से क्रिकेट विशेषज्ञ और प्रशंसक भी हैरान हैं। यहां तक कि सचिन भी उनके प्रशंसक बन गये हैं। सचिन ने एक कार्यक्रम में वैभव की सराहना करते हुए उन्हें अद्भुत खिलाड़ी बताया है। माना जा रहा है तेंदुलकर के इस बयान के बाद वैभव को भारतीय टीम में जगह मिलना लगभग तय हो गया है। इस महान बल्लेबाज ने कहा कि वैभव मैदान के हर कोने में शॉट खेल लेता है। इसलिए उसे आप स्लॉगर नहीं कह सकते हैं। बल्कि वह अन्य खिलाड़ियों की तुलना में गेंद की लाइन और लेंथ को शुरुआत में ही पकड़ लेते हैं। इसी गहरी समझ के कारण, वह आसानी से बड़े-बड़े छक्के लगा लेते हैं। जिससे पता चलता है कि वह एक परिपक्वता खिलाड़ी हैं। सचिन ने कहा कि वह वैभव को किसी न किसी स्तर पर टेस्ट क्रिकेट खेलते देखना चाहते हैं। उन्होंने कहा, सिर्फ मैं ही नहीं, बल्कि हर कोई उन्हें टेस्ट क्रिकेट खेलते देखना चाहेगा। मुझे नहीं पता कि ऐसा कब होगा पर एक प्रतिभाशाली खिलाड़ी को प्रोत्साहन की आवश्यकता होती है। तेंदुलकर ने साथ ही कहा कि हमें इस युवा खिलाड़ियों को अपने अनुसार खेल का आनंद लेने देना चाहिए और उन पर लगातार यह दबाव नहीं डालना चाहिए कि उन्हें कौन सा फॉर्मेट खेलना चाहिए या किस टीम में चुना जाना चाहिए। उनके अनुसार ऐसा फैसला उन लोगों पर छोड़ देना चाहिए जो इसके लिए जिम्मेदार हैं, जिससे खिलाड़ी बिना किसी अनावश्यक बोझ के अपने खेल पर ध्यान दे सकें। सचिन ने ऐसे ही उनकी तरीफ नहीं की है बल्कि वैभव ने अपने को साबित भी किया है। आईपीएल के 19 वें सत्र में राजस्थान रॉयल्स के लिए पारी की शुरुआत करते हुए वैभव ने 16 मैचों में 776 रन बनाए, जिसमें पांच शानदार अर्धशतक और एकशतक शामिल है। क्वाली फायर मैच में इस 15 साल के क्रिकेटर ने 97 और 96 रनों की आक्रामक पारियां खेलकर अपने को साबित किया।

## आईपीएल में मेरी भूमिका विकेटकीपिंग तक ही सीमिति नहीं थी : जुरेल

**-नये गेंदबाजों का हौंसला बढ़ाने की भी थी जिम्मेदारी**



**मुम्बई (एजेंसी)।** राजस्थान रॉयल्स के युवा विकेटकीपर-बल्लेबाज ध्रुव जुरेल ने कहा है इस आईपीएल सत्र में उनकी टीम को काफी चुनौतियों का सामना करना पड़ा पर उसका ध्यान सकारात्मक खेल बना रहा। टीम हालांकि क्वालीफायर में असफल रही पर उसने अपनी ओर से पूरा प्रयास किया। जुरेल ने साथ ही कहा कि इस टूर्नामें में मेरी भूमिका केवल विकेटीपिंग और बल्लेबाजी के दौरान रन बनाने तक ही सीमित नहीं थी बल्कि पहली बार खेल रहे गेंदबाजों को हौंसला बढ़ाना और उन्हें मानसिक रूप से मजबूत बनाना भी शामिल था। आमतौर पर बड़े मंच पर खिलाड़ियों में घबराहट और आत्मविश्वास की कमी हो जाती है।

आईपीएल जैसे प्रतिस्पर्धी टूर्नामेंट में हर मैच में काफी दबाव होता है और उतार-चढ़ाव आते रहते है। ऐसे में टीम को मनोबल बनाए रखते हुए हर स्थिति में सकारात्मक रवैया अपनना पड़ता है। के हमारी टीम इसी लीक पर चली जिससे उसे कठिन क्षणों में भी एकजुट रहने और बेहतर प्रदर्शन करने में सहायता मिली। यह केवल खेल रणनीति नहीं, बल्कि टीम की आंतरिक संस्कृति का हिस्सा बन गया था।

जुरेल ने कहा, ''एक विकेटकीपर के तौर पर जब मैं गेंदबाजों से बात करता हूं तो मैं उनसे कभी नहीं कहता कि कैसी गेंदबाजी करनी है। मैं इतना ही कहता हूं कि अपना समय लो, आप अच्छा करोगे और इसलिये ही यहां पहुंचे हो।'' उन्होंने आगे कहा, ''मैं उन्हें आत्मविश्वास देने पर ध्यान देना था। मैं उनसे कहता था कि अपने पर भरोसा रखो। जो भी गेंद डालनी हो, उस पर अडिग रहो। जरूरत से ज्यादा मत सोचो। हमें अच्छी क्रिकेट खेलनी होगी। हमें सकारात्मक खेल दिखाना होगा।'' इससे युवा गेंदबाजों को दबाव से मुक्ति मिलती थी जिससे वे अपना स्वाभविक खेल दिखा पाते थे।

जुरेल ने ड्रेसिंग रूम के माहौल की अहमियत पर भी प्रकाश डाला। उनके मुताबिक, ड्रेसिंग रूम में की गई सकारात्मक बातचीत का मैदान पर काफी अच्छा असर पड़ता है। जब खिलाड़ी बल्लेबाजी के लिए मैदान पर उतरते हैं, तो साथी खिलाड़ियों द्वारा साझा की गई बातें उनके दिमाग में रहती हैं, जिससे उन्हें मुश्किल हालातों में भी शांत रहने और सही फैसला लेने में मदद मिलती है। यह स्वस्थ संवाद टीम में एक मजबूत और सकारात्मक माहौल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। मध्यक्रम में एक बल्लेबाज के रूप में उनकी जिम्मेदारी साझेदारियां बनाने पर भी रही हैं। उनका ध्यान स्ट्राइक बदलते रहने और यशस्वी जायसवाल तथा वैभव सूर्यवंशी जैसे आक्रामक बल्लेबाजों की मदद करने पर रहता है, जिससे टीम के लिए बड़ी साझेदारियां बनती रहे हैं।

## तीन देशों की सीरीज के लिए रियान की जगह पर ऋतुराज भारत ए टीम में शामिल

मुम्बई । भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने कहा है कि रियान पराग चोटिल होने के कारण भारत ए टीम से बाहर हो गये हैं। ऐसे में उनकी जगह पर ऋतुराज गायकवाड़ को श्रीलंका में होने वाली आगामी तीन देशों की त्रिकोणीय सीरीज के लिए भारत ए टीम में शामिल किया गया है। पराग हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण इस सीरीज में नहीं खेल पायेंगे। उन्हें पूरी तरह ठीक होने और रिहैबिलिटेशन प्रक्रिया से गुजरने के लिए लगभग तीन महीने का समय लगेगा। बीसीसीआई ने कहा है कि पराग के रिहैबिलिटेशन की देखरेख बोर्ड के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) द्वारा की जाएगी, जिससे वे पूरी तरह फिट होकर वापसी कर सकें। उनकी अनुपस्थिति में ऋतुराज को अपनी क्षमताएं दिखाने का अवसर मिला है। भारत ए टीम, श्रीलंका ए और अफगानिस्तान ए के साथ ही तीन देशों की त्रिकोणीय सीरीज 9 जून से श्रीलंका में खेलेगी। इससे युवा और उभरते हुए क्रिकेटरों को अपने कौशल का प्रदर्शन करने और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अनुभव प्राप्त करने का एक अच्छ अवसर मिलेगा। इस तरह की सीरीज से भविष्य के युवा प्रतिभाएं सामने आयेंगी। बीसीसीआई द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, पुरुष चयन समिति ने श्रीलंका में होने वाली आगामी तीन देशों की सीरीज के लिए भारत ए टीम में ऋतुराज को शामिल किया है। उन्होंने उप-कप्तान रियान पराग की जगह ली है जो हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण इस सीरीज़ से बाहर हो गए हैं। रिलीज में आगे कहा गया, रियान के रिहैबिलिटेशन की देखरेख बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस द्वारा की जाएगी। गायकवाड़ को टीम का उप-कप्तान भी नियुक्त किया गया है, जो इस टूर्नामेंट में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को दर्शाता है।

तीन देशों की सीरीज के लिए भारत ए टीम इस प्रकार है- तिलक वर्मा (कप्तान), ऋतुराज गायकवाड़ (उप-कप्तान), प्रियांश आर्य, वैभव सूर्यवंशी, आयुष बडोनी, निशांत सिंधु, सूर्यांश शेडगे, प्रभसिमरन सिंह (विकेटकीपर), कुमार कुशाग्र (विकेटकीपर), विपराज निगम, यश ठाकुर, युद्धवीर सिंह, अंशुल कंबोज, अरशद खान, अनुकूल रॉय।

## अथापथु की कप्तानी में टी20 महिला विश्वकप क्रिकेट में उतरेगी श्रीलंकाई टीम




कोलंबो । इंग्लैंड और वेल्स में इसी माह होने वाले आईसीसी महिला विश्वकप क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए सभी देश अपनी टीमें घोषित कर रहे हैं। इसी कड़ी में श्रीलंकाई बोर्ड ने भी चमारी अथापथु की कप्तानी में 15-सदस्यीय टीम घोषित कर दीहै। अथापथु के लंबे अनुभव को देखते हुए उन्हें कप्तानी की जिम्मेदारी दी गयी है। उसने इस टूर्नामेंट के पिछले सभी 9 संस्करणों में खेला है। श्रीलंकाई टीम को विश्वकप के लिए ग्रुप 2 में मेजबान इंग्लैंड, आयरलैंड, स्कॉटलैंड, वेस्टइंडीज और मौजूदा चैंपियन न्यूजीलैंड के साथ शामिल किया गया है। अथापथु के नेतृत्व में टीम 12 जून को अपने अभियान की शुरुआत करेगी। वह एजबेस्टन में खेले जाने वाले पहले मैच में मेजबान टीम से मुकाबला करेंगी। टीम में नई खिलाड़ियों इमेशा दुलानी, हंसिमा करुणरत्ने, कौशिनी नुथ्यंगना, सुगंदिका दसानायका, निमाशा मदुशानी, काव्या कविंदी, मालकी मदारा और मिताली अयोध्या को भी शामिल किया गया है। ये सभी महिला टीम 20 विश्व कप में पहली बार खेलेंगी। टीम के मुख्य खिलाड़ियों में कई अनुभवी खिलाड़ी भी शामिल हैं। हसिनी परेरा, हर्षिता समरविक्रमा और नीलाक्षी सिल्वा। श्रीलंकाई टीम ने हाल ही में 3-0 से टी20 सीरीज जीती है जिससे वह उत्साहित है। अब उसका लक्ष्य विश्वकप में प्रभावित करना है।

**टीम इस प्रकार है** - चमारी अथापथु (कप्तान), हसिनी परेरा, विश्मी गुणरत्ने, हर्षिता समरविक्रमा, इमेशा दुलानी, नीलाक्षी सिल्वा, कविषा दिलहारी, हंसिमा करुणरत्ने, कौशिनी नुथ्यंगना, सुगंदिका दसानायका, निमाशा मदुशानी, शशिनी गिम्हानी, काव्या कविंदी, मालकी मदारा, मिताली अयोध्या।

## एशियाई खेल चयन ट्रायल्स में हार के बाद बोली विनेश फिर वापसी करुंगी

**-सोशल मीडिया में समर्थन में उतरे लोग, बढ़ाया हौंसला**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश की शीर्ष महिला पहलवान विनेश फोगाफ एशियाई खेल चयन ट्रायल्स के सेमीफाइनल में मीनाक्षी गोयत से हारने के बाद भी निराश नहीं दिखीं। विनेश ने कहा कि वह आने वाले समय में वापसी करेंगी। विनेश का ये बयान सोशल मीडिया पर तेजी से फैल गया। इसके बाद से ही उनके समर्थन में लोगों ने सोशल मीडिया में लिखा है। हार के बाद भी लोगों ने विनेश के जुनून उनकी वापसी की इच्छा और पिछले कुछ समय में उनके संघर्षों को याद करते हुए उनका हौंसला बढ़ाते हुए समर्थन किया है। लोगों ने अपने संदेश में कहा कि कई बाधाओं के बाद भी उसने हार नहीं मानी। विनेश के समर्थन में कांग्रेस सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा भी उतरे हैं। हुड्डा ने विनेश के भावुक क्षण का वीडियो साझा करते हुए उनके प्रति अपना समर्थन जताया है। उन्होंने लिखा कि दो साल तक प्रतिस्पर्धी कुश्ती से दूर रहने, हाल ही में मां बनने और लगातार चुनौतियों का सामना करने के बाद भी इस स्तर पर वापसी करना अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है। हुड्डा ने विनेश के मैट के अंदर और बाहर दोनों जगह दिखाए गए असाधारण साहस की प्रशंसा की की और विश्वास जताया कि विनेश जल्द ही और अधिक मजबूती, ऊर्जा तथा नई प्रेरणा के साथ वापसी करेंगी। इस दौरान बड़ी तादाद में आम लोगों ने भी विनेश के समर्थन में पोस्ट किये हैं। उन्होंने लिखा कि भले ही विनेश ट्रायल्स हार गई हों पर उन्होंने एक बार फिर करोड़ों देशवासियों का दिल जीत लिया है। लोगों ने याद दिलाया कि कैसे विनेश ने पहले अपने अधिकारों और न्याय के लिए एक लंबी कानूनी लड़ाई लड़ी और फिर अखाड़े में उतरकर यह साबित किया कि वह किसी भी हाल में हार मानने वाली नहीं है। उनकी हार से ज्यादा, उनके संघर्ष, दृढ़ इच्छाशक्ति और अन्याय के खिलाफ खड़े होने की बातें पूरे देश में हो रही है। सोशल मीडिया पर उन्हें करोड़ों युवाओं के लिए प्रेरणा और साहस की मिसाल बताया गया। विनेश ने स्वयं हार के बाद कहा था कि वह विफल नहीं हुई हैं, बल्कि वह एक पूरी व्यवस्था से लड़ रही थीं। यह बयान उनके प्रशंसकों के बीच छाया रहा। उनका यह संकल्प कि मैं फिर वापस आऊंगी सिर्फ एक घोषणा नहीं, बल्कि एक महिला पहलवान के आत्मबल का प्रतीक बन गया है, जो हर चुनौती से लड़कर फिर से शीर्ष पर पहुंचने को तैयार है।



## यौन शोषण मामले में क्रिकेट कोच को 16 साल की सजा, 24,000 रुपये जुर्माना भी लगा

तिरुवनंतपुरम । तिरुवनंतपुरम की एक विशेष फास्ट-ट्रैक अदालत ने नाबालिग छात्रा के यौन शोषण मामले में दोषी पाये गये क्रिकेट कोच मनु एम को 16 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। वल्लाकडावु निवासी मनु एम पर आरोप था कि उसने क्रिकेट कोचिंग के दौरान कई छात्राओं का यौन शोषण किया। इस मामले में अदालत ने उसे दोषी पाते हुए सजा सुनाने के साथ ही 24,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया है। फैसले में कहा गया है कि यदि दोषी जुर्माने की राशि जमा नहीं करता है, तो उसे अतिरिक्त ढाई साल की जेल की सजा भुगतनी होगी। यह मामला तिरुवनंतपुरम के एक प्रतिष्ठित क्रिकेट प्रशिक्षण केंद्र से जुड़ा है, जहाँ कई छात्राओं के साथ दुर्व्यवहार की घटनाएँ सामने आईं, जिससे पूरे खेल जगत में हड़कंप मच गया। जांच में पाया गया कि आरोपी कोच विशेष फिटनेस और प्रशिक्षण के बहाने छात्राओं को अकादमी के जिम में ले जाता था और वहीं उनका यौन शोषण करता था। उसकी यह हरकतें यहीं तक सीमित नहीं थीं; उसने कुछ छात्राओं से आपत्तिजनक तस्वीरें भेजने की भी मांग की थी। छात्राओं द्वारा उसकी अनुचित मांगों को इनकार करने पर, वह उन्हें उचित क्रिकेट प्रशिक्षण और मार्गदर्शन देने से कतराता था, जिसके कारण उन्हें भेदभाव और उत्पीड़न का सामना करना पड़ा। लगातार हो रहे उत्पीड़न और अनुचित व्यवहार के कारण कई छात्राओं को मजबूरन अकादमी को छोड़ना पड़ा था।

## पर्यटकों से भरी कार चंबा की खाई में गिरी, 8 की मौत

### -होटल प्रबंधन ने पुलिस को दी थी सूचना

चंबा (एजेंसी)। हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले से एक बेहद दर्दनाक हादसे की खबर सामने आई है। यहाँ चुराह उपमंडल में बैरागढ़-साच पास-किलाड़ मार्ग पर पर्यटकों से भरी एक एर्टिगा कार अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिर गई। इस भीषण सड़क हादसे में छत्तीसगढ़ के दो परिवारों के सात सदस्यों समेत कुल आठ लोगों की मौत हो गई। यह दर्दनाक घटना 29 मई की आधी रात को घटित हुई। हादसे के बाद से ही कार में सवार सभी लोग लापता थे और उनके बचने की उम्मीद न के बराबर थी। पुलिस और स्थानीय प्रशासन द्वारा मौके पर सघन खोज से पता चला की 8 की मौत हुई है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, छत्तीसगढ़ से ताल्लुक रखने वाले दो परिवारों के सात लोग हिमाचल प्रदेश में छुट्टियां बिताने और घूमने के लिए आए थे। ये सभी पर्यटक चंबा जिले के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल डलहौजी के एक होटल में ठहरे हुए थे। 29 मई की सुबह वे सभी गाड़ी किराये पर लेकर साच पास की तरफ साइट सीन (घूमने) के लिए निकले थे। तय कार्यक्रम के अनुसार पर्यटकों को उसी दिन शाम तक वापस डलहौजी के होटल में लौटना था, जहाँ उन्होंने एडवांस बुकिंग करा रखी थी। जब देर रात तक भी पर्यटक वापस होटल नहीं लौटे और होटल प्रबंधन का उनसे किसी भी माध्यम से संपर्क नहीं हो सका, तो उन्होंने अनहोनी की आशंका के चलते तुरंत स्थानीय पुलिस को मामले की सूचना दी। पुलिस ने होटल प्रबंधन की सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए मोबाइल लोकेशन और रास्तों की कड़ियों को जोड़ते हुए तलाश शुरू की, जिसके बाद इस भीषण हादसे का पता चला।

## गुरुग्राम की ओम साईराम फैक्ट्री में भीषण आग, करोड़ों का माल स्वाहा

गुरुगांव (एजेंसी)। हरियाणा के गुरुग्राम में मुशदपुर-खुरमपुर गांव के पास स्थित ओम साईराम फैक्ट्री में शनिवार-रविवार की दरमियानी रात करीब 1:40 बजे भीषण आग लग गई। आग इतनी भयावह थी कि उसने देखते ही देखते पूरी फैक्ट्री को अपनी चपेट में ले लिया। आसमान में उठती आग की गगनचुंबी लपटों और धुएं के गुबार से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस, सिविल डिफेंस और फायर ब्रिगेड की टीमें तुरंत मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया। राहत की बात यह है कि रात का समय होने के कारण फैक्ट्री में श्रमिक मौजूद नहीं थे, जिससे एक बड़ा जानी नुकसान टल गया। फायर ब्रिगेड कंट्रोल रूम को रात 1:40 बजे इस हादसे की सूचना मिली। शुरुआत में पटौदी फायर स्टेशन की टीम मौके पर पहुँची, लेकिन हालात बेकाबू देखकर तुरंत अन्य फायर स्टेशनों से अतिरिक्त मदद मांगी गई। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए मानेसर, भीम नगर, सेक्टर-37 और सेक्टर-29 सहित कुल छह फायर स्टेशनों से 8 फायर टेंडरों (गाड़ियों) को काम पर लगाया गया। फायर कर्मियों ने फैक्ट्री को चारों तरफ से घेरकर घंटों तक पानी की बौछारें कीं, लेकिन रविवार सुबह तक भी आग पर पूरी तरह काबू नहीं पाया जा सका। आग लगने की असली वजह अभी साफ नहीं है, लेकिन शुरुआती तौर पर इसे शॉर्ट सर्किट का नतीजा माना जा रहा है। इस भीषण अग्निकांड में फैक्ट्री की इमारत के साथ-साथ भीतर रखा कीमती कच्चा माल, तैयार उत्पाद और मशीनें जलकर पूरी तरह खाक हो गई हैं। आशंका है कि इस हादसे में करोड़ों रुपये का भारी वित्तीय नुकसान हुआ है। अधिकारियों का कहना है कि आग पूरी तरह बुझने और कूलिंग का काम संपन्न होने के बाद फैक्ट्री के भीतर सर्च अभियान चलाया जाएगा। स्थानीय प्रशासन और पुलिस विभाग मामले की गहनता से जांच कर रहे हैं और फैक्ट्री मालिक से सुरक्षा मानकों व एनओसी से जुड़े दस्तावेज भी तलब किए गए हैं।

## मेघालय में 2.8 तीव्रता का हल्का भूकंप, जानमाल सुरक्षित

ईस्ट गैरो हिल्स (एजेंसी)। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र (एनसीएस) ने रविवार सुबह मेघालय के पश्चिमी खासी हिल्स जिले में 2.8 तीव्रता का हल्का भूकंप दर्ज किया। सुबह 6:50 बजे आए इन झटकों से किसी तरह के जानमाल के नुकसान की सूचना नहीं मिली है। भूकंप का केंद्र पश्चिम खासी हिल्स में 10 किलोमीटर की गहराई में था, जो चेरापूंजी से लगभग 77 किलोमीटर डब्ल्यूएनडब्ल्यू दिशा में स्थित था। चूंकि इसकी तीव्रता कम और गहराई उथली थी, इसलिए इसका प्रभाव सीमित रहा और स्थानीय लोगों ने मामूली कंपन ही महसूस किया। किसी भी क्षति या हानि की कोई रिपोर्ट नहीं है। इससे कुछ घंटे पहले एनसीएस ने ताजिकिस्तान में 5.2 तीव्रता का मध्यम भूकंप भी दर्ज किया था, जिसका केंद्र 120 किलोमीटर की गहराई में था। भारतीय उपमहाद्वीप, खासकर उत्तर-पूर्वी भारत, सक्रिय फॉल्ट लाइनों पर होने के कारण भूकंपीय दृष्टि से संवेदनशील है। यह क्षेत्र भारतीय और यूरेशियन प्लेटों की टेक्टॉनिक गतिविधियों के कारण अक्सर कंपन महसूस करता है। मेघालय में 1897 में आया 8.1 तीव्रता का विनाशकारी भूकंप एक ऐतिहासिक घटना थी, जिसमें हजारों लोग प्रभावित हुए थे।

## दिल्ली में तीन मंजिला इमारत ढही, एक की मौत, आठ घायल

### - दक्षिण दिल्ली के साकेत इलाके का मामला, इमारत में चल रहे थे कोचिंग संस्थान और कैफे

नई दिल्ली (एजेंसी)। दक्षिण दिल्ली के साकेत इलाके में शनिवार देर शाम एक बड़ा हादसा सामने आया, जहां सैदुलजाब के वेस्टर्न मार्ग पर एक तीन मंजिला व्यावसायिक इमारत अचानक ताश के पत्तों की तरह ढह गई। इस दर्दनाक घटना में 26 वर्षीय एक युवक की जान चली गई, जबकि आठ अन्य लोगों को मलबे से सुरक्षित बाहर निकाला गया है। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के अनुसार, यह हादसा शनिवार देर शाम को हुआ, जब एक व्यस्त व्यावसायिक भवन ढह गया। इस इमारत में एक कोचिंग संस्थान, कैफे और कई कार्यालय संचालित हो रहे थे। अधिकारियों ने बताया कि हादसे के समय इसकी ऊपरी मंजिल पर निर्माण कार्य जारी था, जिससे इमारत की संरचनात्मक अखंडता प्रभावित हुई हो सकती है। इमारत पूरी तरह मलबे में तब्दील हो गई और उसका मलबा पास में स्थित टिन शेड वाली कैंटीन पर जा गिरा, जहां मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्र अक्सर आते-जाते थे। मृतक की पहचान 26 वर्षीय रवि के रूप में हुई है। घायलों में गुरुग्राम निवासी तरुण कुमार (26), बिहार के मोतिहारी निवासी साइका खान (27) और सैदुलजाब निवासी नीलम यादव (25) सहित आठ अन्य लोग शामिल हैं। दिल्ली अग्निशमन सेवा, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल और दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण सहित विभिन्न एजेंसियों तथा स्थानीय निवासियों ने मिलकर व्यापक बचाव अभियान चलाया और सभी घायलों को मलबे से सुरक्षित बाहर निकाला। घटना की विस्तृत जांच जारी है।

# सीबीएसई छात्रों से मिले राहुल गांधी, परीक्षा परिणामों में गड़बड़ियों को लेकर उठाए सवाल

### -बच्चों से मुलाकात का वीडियो किया साझा और बोले— सवाल पूछने वाले छात्रों को जवाब की जगह अपमान मिला



नई दिल्ली (एजेंसी)। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की परीक्षा मूल्यांकन प्रक्रिया और परिणामों में गड़बड़ियों को लेकर छात्रों से बातचीत की। उन्होंने इस बातचीत का एक वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा करते हुए दावा किया कि अपनी समस्याओं को लेकर सवाल उठाने वाले छात्रों को समाधान के बजाय आलोचना और अपमान का सामना करना पड़ा। उन्हें सोशल मीडिया पर ट्रोल किया गया।

साझा किए गए वीडियो में राहुल गांधी कुछ छात्रों से परीक्षा परिणामों और उत्तरपुस्तिका मूल्यांकन से जुड़ी शिकायतों पर चर्चा करते दिखाई दे रहे हैं। इनमें वेदांत नामक छात्र भी शामिल है, जिसने पहले अपनी उत्तरपुस्तिका के मूल्यांकन में कथित त्रुटि का मुद्दा उठाया था। छात्र का दावा है कि जब उसने अपनी फिजिक्स की उत्तरपुस्तिका की प्रति प्राप्त की, तो उसमें उसकी लिखावट नहीं थी और किसी अन्य छात्र की उत्तरपुस्तिका उससे संबद्ध दिखाई गई थी।

वीडियो में वेदांत ने बताया कि परीक्षा अच्छी होने के बावजूद अपेक्षा से कम अंक मिलने पर उसने उत्तरपुस्तिका की कॉपी मंगाई। दस्तावेज देखने पर उसे अपनी लिखावट नहीं मिली, जिसके बाद उसने इस मामले को सार्वजनिक किया। छात्र ने यह भी कहा कि इस मुद्दे को उठाने के बाद उसे सोशल मीडिया पर ट्रोलिंग का सामना करना पड़ा और उसे आपत्तिजनक टिप्पणियों का निशाना बनाया गया।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने वीडियो साझा करते हुए व्यंग्यात्मक अंदाज में लिखा कि उन्होंने अपने 'देशद्रोही' और 'सोरोस एजेंट' कहे जाने वाले साथियों से बातचीत की। उन्होंने कहा कि ये छात्र प्रतिभाशाली और साहसी युवा हैं, जिन्होंने केवल अपनी समस्याओं को लेकर सवाल पूछे, लेकिन उन्हें संतोषजनक जवाब नहीं मिला। कांग्रेस नेता ने कहा कि छात्रों को बेहतर और सुरक्षित भविष्य मिलना चाहिए तथा उनकी समस्याओं का समाधान होना चाहिए।

बातचीत के दौरान कुछ छात्रों ने आरोप लगाया कि प्रश्न उठाने पर उन्हें 'एंटी नेशनल' या 'डीप स्टेट एजेंट' जैसे शब्दों से संबोधित किया गया। इस पर राहुल गांधी ने कहा कि किसी भी समस्या का समाधान तभी संभव है जब उसे स्वीकार किया जाए। उनका कहना था कि समस्याओं को स्वीकार करने के बजाय छात्रों को ही दोषी ठहराना उचित नहीं है।

हालांकि, राहुल गांधी ने अभी केवल बातचीत का एक अंश ही साझा किया है और पूरी चर्चा सार्वजनिक नहीं की है। इस बीच परीक्षा मूल्यांकन प्रक्रिया और परिणामों की पारदर्शिता को लेकर बहस एक बार फिर तेज हो गई है।

## दक्षिण भारत में मानसून की दस्तक, 3-4 जून तक पहुंच सकता है केरल-तमिलनाडु

### - व्यापक बारिश के साथ तापमान में कमी की संभावना, कई जिलों में भारी वर्षा का अलर्ट जारी

चेन्नई (एजेंसी)। । क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र (आरएमसी) के ताजा अनुमान के अनुसार दक्षिण-पश्चिम मानसून 3 या 4 जून तक केरल, तमिलनाडु और आसपास के इलाकों में दस्तक दे सकता है। इसके आगमन से दक्षिणी राज्यों में व्यापक बारिश होने और धीरे-धीरे तापमान में कमी आने की संभावना है, जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिलेगी। मौसम विभाग ने बताया कि मानसून पहले ही 30 मई तक अरब सागर, लक्षद्वीप, कोमोरिन क्षेत्र और बंगाल की खाड़ी के कई हिस्सों में आगे बढ़ चुका है। अगले तीन से चार दिनों में इसके और प्रगति करने के लिए मौसमी परिस्थितियां अनुकूल बनी हुई हैं। हालांकि, 1 जून तक तमिलनाडु, पुडुचेरी और कराईकल के कुछ हिस्सों में दिन का तापमान सामान्य से 2-3 डिग्री सेल्सियस अधिक रह सकता है। शनिवार को चेन्नई में मौसम अपेक्षाकृत सुहावना रहा और तापमान सामान्य से कम दर्ज किया गया। विभाग ने अनुमान जताया है कि 2 जून से मानसूनी गतिविधियों के बढ़ने के साथ तापमान सामान्य स्तर पर लौटने लगेगा। मौसम विभाग ने रविवार के लिए नीलगिरि, कोयंबटूर, तिरुप्पुर, डिंडीगुल, थेनी, करूर, तिरुचिरापल्ली, नमक्कल, इरोड, सलेम समेत तमिलनाडु के कई पश्चिमी और दक्षिणी जिलों तथा पुडुचेरी में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। इसके अलावा कई क्षेत्रों में 40-50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाओं के साथ गरज-चमक की भी संभावना है। 1 और 2 जून को भी भारी बारिश का सिलसिला जारी रह सकता है, खासकर थेनी और तेनकासी जैसे जिलों में। शनिवार को तिरुनेलवेली जिले के ऊथू और नालुमुक्कू, इरोड के अम्मापेट्टई और कोयंबटूर के थोलमपालायम में सबसे अधिक 7 सेंटीमीटर बारिश दर्ज की गई, जो मानसून पूर्व अच्छी गतिविधि का संकेत है।

## सम्राट सरकार को रोहिणी की चुनौती, अगर हिम्मत है, तब जबरन बंगला खाली करवाए



पटना, (एजेंसी)। पटना में पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के 10 सर्कुलर आवास को लेकर विवाद लगातार बढ़ता जा रहा है। बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी सरकार द्वारा 15 दिनों में बंगला खाली करने के आदेश के बाद राबड़ी और उनकी बेटी रोहिणी आचार्य ने बिहार सरकार को सीधी चुनौती दी है। रोहिणी आचार्य ने अपनी कड़ी प्रतिक्रिया देकर कहा है कि अगर हिम्मत है, तब जबरन बंगला खाली करवाए। उन्होंने इस पूरी प्रक्रिया को जनहित के मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए राजनीतिक प्रतिशोध, सत्ता के अहंकार बताया।

खुद राबड़ी देवी ने साफ कहा था कि वह घर खाली नहीं करेंगी, और सरकार चाहे, तब उन्हें बलपूर्वक बेदखल कर सकती है। गौरतलब है कि वे एक दशक से अधिक समय से इस आवास में रह रही हैं, जिसे पूर्व मुख्यमंत्री होने के नाते पिछली नीतीश कुमार सरकार ने उन्हें आवंटित किया था।

यह सरकारी बंगला वर्तमान में दुग्ध एवं मत्स्य पालन मंत्री नंद किशोर राम को आवंटित किया गया है। भवन निर्माण विभाग की मंत्री और जद (यू) की वरिष्ठ नेता लेशी सिंह ने विवाद पर कहा कि बंगलों का आवंटन सरकार का विशेषाधिकार है और कोई भी व्यक्ति किसी बंगले पर अपना अधिकार नहीं जता सकता। उन्होंने राबड़ी देवी को विधानपरिषद में नेता प्रतिपक्ष के तौर पर आवंटित 39 आवास में स्थानांतरित होने की सलाह दी। वहीं, पूर्णिया सांसद पप्पू यादव ने भी मुद्दे पर हस्तक्षेप करते हुए मुख्यमंत्री से मां समान राबड़ी देवी का अपमान न करने की अपील की। उन्होंने मुख्यमंत्री चौधरी को अहंकार छोड़कर बदले की राजनीति से बचने और आवंटित मंत्री को कोई दूसरा आवास देने का सुझाव दिया। इस तरह, राबड़ी आवास का यह विवाद अब एक बड़े राजनीतिक टकराव में बदलता दिख रहा है।

## महंत शिष्यों का आध्यात्मिक प्रमुख, मठ प्रशासन सरकार अलग नहीं कर सकती: सुप्रीम कोर्ट का अहम फैसला



नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने अपने महत्वपूर्ण निर्णय में स्पष्ट किया है कि किसी भी आश्रम या मठ का महंत अपने शिष्यों का आध्यात्मिक प्रमुख होता है, जिसका पद और संपत्ति से जुड़े प्रशासनिक कार्य एक-दूसरे से अविभाज्य हैं। जस्टिस जे के माहेश्वरी और जस्टिस एस एस चंदूरकर की पीठ ने जोर दिया कि मठाधीश के धार्मिक और सांसारिक कार्यों को सरकार अलग नहीं कर सकती, क्योंकि महंत पद में आध्यात्मिक दायित्व और संपत्ति का प्रबंधन दोनों ही गहराई से जुड़े हुए हैं।

सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने अपने फैसले में कहा कि धर्मनिरपेक्ष कार्यों को स्थायी रूप से सरकारी अधिकारियों को सौंपना संविधान के अनुच्छेद-26 और महंत पद की मूल अवधारणा का उल्लंघन है। मठाधिपति केवल एक प्रशासनिक अधिकारी नहीं होता, बल्कि वह अपने शिष्यों का आध्यात्मिक प्रमुख और मार्गदर्शक होता है। यह टिप्पणी आंध्र प्रदेश के तिरुपति में स्थित ऐतिहासिक 'श्री स्वामी हाथीरामजी मठ' के मठाधिपति अर्जुन दास को पद से हटाने और मठ के प्रशासन के लिए सरकारी प्रशासक की नियुक्ति के आंध्र प्रदेश सरकार के फैसले को रद्द करते हुए आई।

शीर्ष अदालत ने उडुपी शहर में मौजूद शिरूर मठ मामले में दिए अपने ऐतिहासिक निर्णय का हवाला दिया। कोर्ट ने कि महंत पद की अवधारणा में पद और संपत्ति, कर्तव्यों और व्यक्तिगत हितों दोनों के तत्व आपस में इस तरह से घुले-मिले होते हैं कि इनमें से किसी को भी दूसरे से अलग नहीं कर सकते है। सुप्रीम कोर्ट ने साफ किया कि महंत केवल मठ की सांसारिक संपत्तियों का प्रबंधक मात्र नहीं होता, बल्कि वह शिष्यों के एक समुदाय का आध्यात्मिक प्रमुख और श्रेष्ठ होता है, जिसे आंध्र प्रदेश धर्मार्थ और हिंदू धार्मिक संस्थाएं और बंदोबस्ती अधिनियम, 1987 द्वारा भी मान्यता प्राप्त है। पीठ ने कहा कि कोई भी ऐसी व्यवस्था जो किसी मठाधीश के धार्मिक कार्यों को उसके प्रशासनिक और धर्मनिरपेक्ष कार्यों से स्थायी रूप से अलग करने का प्रयास करती है, या बाद वाले कार्यों को किसी अन्य व्यक्ति को अनिश्चित काल के लिए सौंपती है, भले ही वैध मठाधिपति अपने पद पर बना रहे, वह महंत पद की मूल अवधारणा का ही खंडन मानी जाएगी।

## रेप पीड़िता को गर्भपात की अनुमति : हाईकोर्ट ने कहा प्रजनन अधिकारों का सम्मान जरूरी

प्रयागराज (एजेंसी)। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने महत्वपूर्ण फैसले में 16 वर्षीय रेप पीड़िता को गर्भपात कराने की इजाजत दे दी है। हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया कि किसी भी महिला को अपने शरीर और प्रजनन संबंधी निर्णय लेने का पूरा अधिकार है, इस भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत प्राप्त जीवन, व्यक्तिगत स्वतंत्रता और निजता के अधिकार का अभिन्न अंग माना जाना चाहिए। मामले की सुनवाई के दौरान, विशेष लोक अभियोजक सविता पाठक ने पीड़िता की मेडिकल रिपोर्ट पेश की। रिपोर्ट में सामने आया कि पीड़िता करीब सात सप्ताह की जुड़वा बच्चों की गर्भावस्था से गुजर रही थी, जिसमें 19 मार्च को प्रयागराज के महिला अस्पताल में हुए अल्ट्रासाउंड में दोनों भ्रूण जीवित पाए गए थे। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अंजू कनौजिया की पीठ ने सुनवाई कर महिलाओं की शारीरिक स्वायत्तता और प्रजनन संबंधी निर्णयों के सम्मान पर जोर दिया। इलाहाबाद की अदालत ने आदेश में कहा कि नाबालिगों और अनचाही गर्भावस्था से जुड़े मामलों में महिलाओं के प्रजनन अधिकारों पर अनावश्यक बाधाएं नहीं लगा सकतीं, क्योंकि ऐसा करना उनके संवैधानिक अधिकारों को कमजोर करने जैसा होगा। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने यह टिप्पणी की कि पीड़िता के परिजनों ने 9 मई को ही जांच अधिकारी को गर्भावस्था की जानकारी दे दी थी, लेकिन इसके बावजूद गर्भपात की प्रक्रिया को लेकर समय पर कोई कदम नहीं उठाया गया। मामले की परिस्थितियों और पीड़िता की स्थिति को ध्यान में रखते हुए, अदालत ने गर्भपात की अनुमति को उचित ठहराया और संबंधित चिकित्सा अधिकारियों को कानून के प्रावधानों के अनुरूप आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

## सिगरेट का धुआं आपको नहीं, आपके अपनों की खुशियों को जलाता है : डॉ. एस.के पाठक




वाराणसी (एजेंसी)। विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के उपलक्ष पर ब्रेथ इजी चेस्ट फाउंडेशन फॉर ह्यूमैनिटी (अस्सी, वाराणसी) द्वारा 31 मई 2026 (दिन रविवार) को प्रातः 7 बजे एक जन जागरूकता रैली का आयोजन किया गया कइस जन जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर डा. एस. के पाठक (वरिष्ठ श्वांस एवं फेफड़ा रोग विशेषज्ञ) एवं ब्रेथ ईजी की निर्देशिका मति सुनीता पाठक ने संयुक्त रूप से रवाना किया जिसमे शहर के युवा एवं सम्मनित नागरिको ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया कजन जागरूकता रैली - ब्रेथ ईजी चेस्ट सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल, अस्सी वाराणसी से अस्सी घाट स्थित सुबह बनारस मंच तक गयी, जहाँ लोगों को धुम्रपान / तम्बाकू/ गुटखा के बारे में जागरूक किया गया और 276 लोगों के फेफड़ो की निःशुल्क जाँच की गयी क इस निःशुल्क जाँच शिविर के दौरान ब्रेथ ईजी चेस्ट फाउंडेशन फॉर ह्यूमैनिटी के सदयों ने धुम्रपान/ गुटखा से होने वाले दुष्परिणाम पुस्तिका व पर्चा भी वितरित किया। इस कार्यक्रम में ब्रेथ ईजी के वरिष्ठ श्वांस एवं फेफड़ा रोग विशेषज्ञ डॉ. एस. के पाठक द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सभी सदस्यों एवं आम नागरिको कों शपथ दिलायी, कि आज के दिन से न तम्बाकू के बने पदार्थो का सेवन करेंगे और न ही सेवन करने की सलाह देंगे और इस बुरी लत को भरसक रोकने का प्रयास करेंगे कइस जन जागरूकता कार्यक्रम का नेतृत्व डॉ. एस.के के पाठक ने किया, जिसमे शहर के युवा एवं सम्मनित नागरिको ने भी बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया क डॉ. पाठक ने बताया कि प्रत्येक वर्ष दुनिया भर में 4.9 मिलियन लोग धूम्रपान की वजह से मरते हैं, इसके अलावा दुनिया भर में 40 फीसदी बच्चे, 35 फीसदी महिलाएं और 33 फीसदी मर्द बिन चाहे सिगरेट का धुंआ पीते हैं, जिसे पैसिव स्मोकिंग कहते हैं कडॉ. पाठक आगे बताते हैं कि पैसिव स्मोकिंग के कारण विश्व स्वास्थ्य संगठन के आकलन के अनुसार पौने चार लाख लोग दिल की बीमारियों के कारण मरते हैं तो डेढ़ लाख से अधिक लोग सांस की बीमारी के कारण, इसके अलावा 37 हजार लोग अस्थमा से और साढ़े 21 हजार फेफड़े के कैंसर से मरते हैं ककार्यक्रम के दौरान 276 लोगों के फेफड़ो का चेक अप किया गया जिसमे से 60% से भी अधिक लोगों के फेफड़ों की क्षमता में कमी पाई गयीं ।

## पटना एयरपोर्ट पर यात्री के बैग से मिले 7 जिंदा कारतूस, मचा हड़कंप

### मुंबई जाने की तैयारी में था यात्री, वैध दस्तावेज नहीं दिखा सका

पटना (एजेंसी)। राजधानी पटना स्थित जयप्रकाश नारायण अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर शनिवार को सुरक्षा जांच के दौरान एक यात्री के बैग से सात जिंदा कारतूस बरामद होने के बाद हड़कंप मच गया। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के जवानों ने सतर्कता दिखाते हुए यात्री को तत्काल हिरासत में ले लिया और बाद में उसे एयरपोर्ट थाना पुलिस के हवाले कर दिया। घटना के बाद सुरक्षा एजेंसियों ने पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार गिरफ्तार यात्री की पहचान महाराष्ट्र के पुणे जिले के फुरसुंगी निवासी संतोष तिवारी के रूप में हुई है। वह पटना से मुंबई जाने वाली उड़ान पकड़ने के लिए एयरपोर्ट पहुंचा था। नियमित सुरक्षा जांच के दौरान उसके बैग को स्कैनर से गुजारा गया, जहां संदिग्ध वस्तु दिखाई देने पर सीआईएसएफ कर्मियों ने बैग की विस्तृत तलाशी ली। तलाशी के दौरान बैग से सात जिंदा कारतूस बरामद हुए।

सुरक्षा अधिकारियों ने जब संतोष तिवारी से कारतूसों के संबंध में पूछताछ की और उनके वैध लाइसेंस या दस्तावेज मांगे, तो वह कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। उसके पास कारतूस रखने या उन्हें एक स्थान से दूसरे स्थान तक ले जाने से संबंधित कोई अधिकृत दस्तावेज भी नहीं मिला। इसके बाद सीआईएसएफ ने उसे हिरासत में लेकर स्थानीय पुलिस को सौंप दिया। एयरपोर्ट थाना पुलिस के अनुसार आरोपी से पूछताछ की गई, लेकिन वह यह स्पष्ट नहीं कर पाया कि कारतूस उसके बैग में कैसे पहुंचे और उन्हें मुंबई ले जाने का उसका क्या उद्देश्य था। प्रारंभिक पूछताछ के बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया तथा बरामद कारतूस और अन्य सामान को जब्त कर लिया है। मामले में आगे की जांच जारी है।

#### युवती के बैग से मिला कारतूस का खोखा

इसी दिन एयरपोर्ट पर एक अन्य घटना भी सामने आई। सुरक्षा जांच के दौरान एक युवती के बैग से कारतूस का एक खोखा बरामद हुआ। इसके बाद सुरक्षा अधिकारियों ने उसे रोककर पूछताछ की। युवती ने दावा किया कि उसे यह खोखा रास्ते में पड़ा मिला था और जिज्ञासावश उसने उसे उठाकर अपने बैग में रख लिया था। पुलिस दोनों मामलों की गंभीरता से जांच कर रही है और यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि कहीं इन घटनाओं के बीच कोई संबंध तो नहीं है।

## बंगाल सीमा पर शुरू हुई फेंसिंग, किसान बोले- अब फसलें नहीं लूट पाएंगे घुसपैठिए

### -मुर्शिदाबाद से कूचबिहार तक तेज हुआ सीमांकन और सुरक्षा ढांचे का काम

### -45 दिनों में 600 एकड़ जमीन बीएसएफ को देने का लक्ष्य

कोलकाता (एजेंसी)। पश्चिम बंगाल में भारत-बांग्लादेश सीमा के खुले और संवेदनशील इलाकों में सीमा सुरक्षा को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। सीमा सुरक्षा बल ने कई स्थानों पर फेंसिंग और सुरक्षा ढांचे के निर्माण की प्रक्रिया शुरू कर दी है। सीमावर्ती गांवों के लोगों ने इस पहल का स्वागत किया है और उम्मीद जताई है कि इससे वर्षों पुरानी घुसपैठ और फसलों की चोरी जैसी समस्याओं पर अंकुश लगेगा।

मुर्शिदाबाद जिले के जलंगी बाजार क्षेत्र में जीरो लाइन पर स्थित सकारपाड़ा गांव इसका प्रमुख उदाहरण बनकर उभरा है। करीब चार हजार की आबादी और ढाई हजार मतदाताओं वाले इस गांव की अधिकांश आबादी खेती पर निर्भर है। गांव की भौगोलिक स्थिति ऐसी है कि घरों के बाद खेत और खेतों के बाद सीधे बांग्लादेश की सीमा शुरू हो जाती है। लंबे समय से यहां रहने वाले किसानों को सीमा पार से आने वाले लोगों द्वारा फसल नुकसान और अतिक्रमण की शिकायतों का सामना करना पड़ता रहा है।

ग्राम पंचायत के हवाले से मीडिया रिपोर्ट में बताया जा रहा, कि भारतीय किसानों को सुरक्षा कारणों से शाम पांच बजे के बाद खेतों में जाने की अनुमति नहीं होती, जबकि सीमा पार से लोग कई बार खेतों में घुसकर फसलें काट ले जाते थे। उनका कहना है कि पिछले तीन दशकों में शायद ही कोई महीना ऐसा बीता हो, जब इस तरह के विवाद सामने न आए हों। अब फेंसिंग शुरू होने और बीएसएफ की निगरानी बढ़ने से ग्रामीणों को राहत मिलने की उम्मीद जगी है।

#### किसानों को सुरक्षा मिलने का विश्वास

ग्रामीणों के अनुसार, बीएसएफ के जवान सीमा क्षेत्र में लगातार निगरानी कर रहे हैं और किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तत्काल चेतावनी देते हैं। इससे किसानों को विश्वास मिला है कि उनकी मेहनत की फसल अब पहले की तुलना में अधिक सुरक्षित रहेगी। नई सरकार के गठन के बाद राज्य प्रशासन ने सीमा सुरक्षा परियोजनाओं के लिए बीएसएफ को अब तक 27 किलोमीटर क्षेत्र की जमीन उपलब्ध कराई है। इनमें 18 किलोमीटर हिस्से में फेंसिंग और नौ किलोमीटर क्षेत्र में बॉर्डर आउट पोस्ट विकसित किए जाने की योजना है। फिलहाल जलपाईगुड़ी, कूचबिहार, सिलीगुड़ी, मालदा और मुर्शिदाबाद जैसे सीमावर्ती जिलों में काम शुरू किया गया है।

#### जमीन उपलब्ध कराने में मुर्शिदाबाद सबसे आगे

सरकारी आंकड़ों के अनुसार, सबसे अधिक जमीन मुर्शिदाबाद जिले में उपलब्ध कराई गई है। इसके अलावा जलपाईगुड़ी और कूचबिहार में भी भूमि हस्तांतरण की प्रक्रिया तेजी से चल रही है। राज्य सरकार ने अगले 45 दिनों के भीतर कुल 600 एकड़ जमीन बीएसएफ को उपलब्ध कराने का लक्ष्य तय किया है, ताकि सीमा पर कंटीले तारों की बाड़, चौकियां और अन्य सुरक्षा ढांचे विकसित किए जा सकें।



नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित।
संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह. 9334331934, 9570107019, RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902